WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 247 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

उत्तरप्रदेश के संभल से निर्वाचित समाजवादी पार्टी के सांसद जिआउर्रहमान पर दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। संभल दंगे के आरोप में उन पर पहले ही गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। अब वे बिजली चोरी के आरोप में घिर गये है। उनके आलिशान बहुमंजिला इमारत में 8 महीने बिजली का बिल जीरो आने का मामला उजागर हुआ है। वे सांसद हैं। बिजली चोरी का जुर्माना भर देंगे, लेकिन उनकी सह पर जिन सैकडों लोगों ने बिजली चोरी की है उन पर करोड़ों का जुर्माना ठोका गया है। उनकी तो वाट लग जाएगी।

प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मुख्यमंत्री साय

■ **सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपए**

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि गुरुवार को छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है। इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपए है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और आज वह सपना साकार हो रहा है। सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त

राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है। मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को थी सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है।

मुख्यमंत्री से पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य मुलाकात की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कक्ष में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ आगमन पर शॉल और बेल मेटल की नन्दी भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री साय और पद्मश्री अनुराधा पौडवाल के मध्य छत्तीसगढ़ की लोककला, गीत-संगीत और संस्कृति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक और पद्म श्री अनुज शर्मा उपस्थित थे।

संसद में उठा सांसदों से धक्का-मुक्की का मामला

माननीयों का संसद में मल्ल युद्ध, दोनों सदन स्थगित

■ **राहुल गांधी का दावा- भाजपा सांसदों ने विपक्षी सदस्यों को जाने से रोका और धक्का-मुक्की की**

नई दिल्ली (ए.)। संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। कांग्रेस ने शाह से इस्तीफे की मांग की तो भाजपा ने पलटवार करते हुए विपक्ष पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजिजू ने राज्यसभा में मांग की कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा के सांसदों के साथ जो व्यवहार किया है, उसके लिए कांग्रेस के सभी सदस्यों को सदन तथा पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

संसद भवन परिसर में भाजपा-कांग्रेस सांसदों के बीच धक्कामुक्की हुई। इसे लेकर कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद घायल

संसद भवन के मकर द्वार पर गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिए गए बयान के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे इंडी गठबंधन के सांसदों एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ धक्कामुक्की में गिरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो सांसद घायल हो गए, जिन्हें यहां उपचार के लिए राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। ***सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गिर गए :*** *संसद भवन के मकर द्वार पर पूर्वाह्न 11 बजे बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का चित्र लेकर भाजपा और इंडिया समूह के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान हुई धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गिर गये जिससे वे घायल हो गये। सारंगी के सिर में चोट आयी है। सारंगी को व्हील चेयर पर और राजपूत को स्ट्रेचर पर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। सारंगी ने कहा कि वह सीढ़ियों के पास खड़े थे तभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आये और उन्होंने एक* ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी मेरे काफी करीब आए और चिल्लाने लगे

बाबासाहेब आंबेडकर के अपमान से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कथित तौर पर हुई धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए। दोनों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच राज्यसभा में सरकार ने राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। नगालैंड की भाजपा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया कि वह जब संसद के मकर द्वार के पास अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उनके काफी समीप आ गए और उन पर चिल्लाने लगे।

शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विपक्ष से ज्यादा अपने विधायकों से घिरे मंत्री

चंद्राकर ने गृहमंत्री पर लगाया भ्रष्टाचार छुपाने का आरोप, मंत्री शर्मा ने कहा इंजीनियर, एसडीओ सस्पेंड

■ **805 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित, प्रर्यावरण प्रदूषण पर स्थगन**

■ **अनुपूरक बजट चर्चा में महंत बोले-सबका साथ सबका विकास नहीं दिख रहा**

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन हंगामेदार रहा है। सत्र की कार्रवाई शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनने के एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट 805 करोड़ ध्वनि मत से पारित हुआ। प्रश्नकाल के दौरान विधायक अजय चंद्राकर के प्रश्न करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नाम हमर क्लीनिक किया : मूणत

बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने हमर क्लीनिक निर्माण के लिए खर्च राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आखिर भवन निर्माण के लिए राशि की क्या व्यवस्था की गई है। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि आयुष्मान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्मजीत सिंह ने उठाया अस्पतालों में फायर-सेफ्टी का मुद्दा

प्रश्नकाल के शुरू होते ही विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रदेश के अस्पतालों में फायर सेफ्टी का मुद्दा उठाया। विधायक सिंह ने कहा कि अस्पतालों में फायर सेफ्टी के लिए क्या प्रावधान है? कब-कब फायर सेफ्टी ऑडिट कराया गया? कांग्रेस विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मार्केट में फायर ऑडिट के सर्टिफिकेट 2 हजार रुपए में बिक रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा - फायर ऑडिट का काम गृह विभाग का

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने फायर सेफ्टी की जानकारी देते हुए कहा कि 30 बिस्तर से अधिक और 9 मीटर ऊंचे अस्पतालों में फायर सेफ्टी अनिवार्य है। समय-समय पर फायर सेफ्टी का ऑडिट कराया जाता है। लापरवाही पाए जाने पर जुर्माने का भी प्रावधान है। फायर ऑडिट का काम छत्तीसगढ़ में गृह विभाग करती है और प्रमाण पत्र भी गृह विभाग ही देती है।

मंत्री जी को फायर ऑडिट की सही जानकारी नहीं- धर्मजीत

धर्मजीत सिंह ने कहा कि मंत्री जी के पास फायर ऑडिट की सही पूरी जानकारी नहीं है। अगर काम गृह विभाग का है, तब बिना जांच के आपने लाइसेंस कैसे दिया। सामने गृहमंत्री भी बैठे हैं। दोनों ही मंत्रियों से निवेदन है कि फायर ऑडिट सक्षम अधिकारियों से कराइएगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रश्न महत्वपूर्ण और लाजमी है। इस पर पिछले 5 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। लेकिन आपके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विस्तृत खबरें पेज 5 पर पढ़े

पुराने हथियारों के निपटान के लिए यूक्रेन को हथियार भेज रहा स्पेन

मैड्रिड (वार्ता)। स्पेन पुराने हथियारों से छुटकारा पाने के लिए यूक्रेन को हथियार भेज रहा है। मैड्रिड में रूसी राजदूत यूरी क्लिमेंको ने स्पूतनिक के साथ एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। क्लिमेंको ने कहा, स्पेनिश सशस्त्र बलों की वास्तविक क्षमता को ध्यान में रखते हुए, सहायता के तौर पर (स्पेन के अनुसार, 2022-24 में 600 मिलियन यूरो) पश्चिमी आपूर्ति में दी जा रही है। यूक्रेनी सशस्त्र बलों को हस्तांतरित हथियारों की सूची पुराने हथियारों के निपटान और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अपनी स्थिति को मजबूत करने की स्पेन की इच्छा को दर्शाती है।

ट्रक और कार में भिड़ंत, पांच मरे

शाहजहांपुर (वार्ता) । उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के मदनापुर क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो महिलाओं और दो बच्चे समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बृहस्पतिवार को बताया कि शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी रियाजुल अली बीती रात परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे कि कांट से बरेली इटावा मार्ग पर बरखेड़ा जयपाल चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

कश्मीर कड़ाके की ठंड की चपेट में

श्रीनगर(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर इन दिनों जबरदस्त ठंड की चपेट में है और यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से हो रहा विकास : राजनाथ

नई दिल्ली(ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत पहले आधुनिक हथियारों और तकनीकी क्षेत्र में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व गति से कदम बढ़ाए।

आधुनिक युद्ध तेजी से बदल रहा: उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बदल रहा है, और हमें भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी कौशल अपनाने की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों पर काम करें और देश की धरोहर को न भूलें।

तकनीकी विकास के शुरुआती चरण : सिंह आईआईटी दिल्ली में इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर



तकनीकी क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र की उन्नति

उन्होंने इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये योजनाएं युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं, ताकि उनकी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र की उन्नति में हो सके। साल 2018 में नवाचारों को बढ़ावा देने और रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक इको-सिस्टम बनाने के लिए लॉन्च किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि भारत आज ऐसे हथियारों का निर्यात कर रहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर में एनआईए की टीम ने दी दबिश

■ **भैरमगढ़, तर्रेम और आवापल्ली में छापेमारी**

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के अलग-अलग तीन जगहों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने दबिश दी। टीम संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं, टीम ने वहां से कुछ सामग्री भी बरामद की है।

हालांकि इसकी अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, एनआईए की टीम ने सुबह पांच बजे बीजापुर जिले के भैरमगढ़, तर्रेम व आवापल्ली में दबिश दी है। नक्सल मामलों से जुड़े कुछ संदिग्ध लोगों के यहां छापेमारी की गई है। कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ किये जाने खबर है। एनआईए की टीम ने वहीं दबिश दी है, जो नक्सलियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद पहुंचाते हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम ने बीजापुर जिले में चार जगहों में दबिश दी है, लेकिन अभी तीन जगहों की ही जानकारी सामने आई है। जबकि एक अन्य जगह का नाम पता नहीं लग पाया है। वहीं, इस मामले को लेकर अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं कि गई है। बता दें कि इससे पहले भी एनआईए की टीम ने बीजापुर के पालनार में भी छापेमारी की थी।

किसान नेता जगजीत सिंह की तबीयत बिगड़ी, अनशन के 24वें दिन बेहोश हुए

जींद (हरियाणा)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत धरने पर वीरवार को ज्यादा बिगड़ गई। पिछले दो दिन से डल्लेवाल मंच पर भाषण देने में भी असमर्थ थे। इसके चलते तंबू में ही डल्लेवाल के स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही थी। वीरवार को दोपहर के समय डल्लेवाल की तबीयत गंभीर हो गई और वह बेहोश हो गए। इसके बाद उनको तीन से चार उल्टियां भी लगी।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 24 दिन से अनशन पर बैठे हैं। प्रतिदिन चिकित्सक उनके स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं, हालांकि शरीर का तापमान पिछले कई दिनों से स्थिर बना हुआ था। बीपी, शुगर, प्लस की प्रतिदिन चिकित्सक जांच कर रहे हैं। अनशन पर होने के कारण शरीर लगातार कमजोर हो रहा था।

उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एमओयू

दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलेगी

रायपुर/नवप्रदेश । एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना के तहत छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में एक समझौता हुआ है। छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग और उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के बीच हुए एमओयू से दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलेगी। समझौते से उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक संबंधों के एक नए दौर की शुरुआत होगी, जिससे दोनों राज्यों के कलाकार लाभान्वित होंगे।

दोनों राज्यों के स्थापना दिवस सहित राष्ट्रीय पर्वों के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर दोनों राज्यों के सांस्कृतिक कलाकार एक-दूसरे के राज्यों में प्रस्तुति दे सकेंगे। दोनों राज्यों के विविध सांस्कृतिक विधाओं के क्षेत्र में परस्पर विनिमय से दोनों राज्यों के कलाकार और सांस्कृतिक कर्मियों को लाभ होगा। प्राचीन काल से दोनों राज्यों के मध्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

वन अमला अलर्ट... रामानुजगंज वन परिक्षेत्र का मामला

नर हाथी का शव मिला, जांच में जुटी टीम

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में एक नर हाथी जंगल में मृत अवस्था में पाया गया है। हाथी का शव छतवा हरीहरपुर रोड के पास जंगल में मिला है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी की मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुट गई है। डीएफओ सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घटना स्थल पर मौजूद हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।

गांव में घुसा घायल जंगली हाथी

कोरबा जिले में आए दिन जंगली हाथियों के आतंक की खबरें आती रहती हैं। गुरूवार सुबह करीब 6 बजे फिर से एक घायल हाथी जंगल से निकल कर गांव के अंदर आ गया, जिसे देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसके बाद सैंकड़ों की सख्या में ग्रामीणों ने हाथी को गांव में घुसने से रोकने के लिए कई कोशिशें की जिसके बाद हाथी मौके से दूर चला गया। हालांकि ग्रामीणों में हाथियों के कभी भी घुस आने और उत्पात मचाने को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, घायल हाथी जंगल से करतला बस्ती में महाविद्यालय के सामने आ पहुंचा। हाथी को देखते ही लोगों में अफरा तफरी मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग और आस-पास के गांव से ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर उसे गांव से वापस जंगल भेजने की कोशिश करते रहे। लोगों ने ट्रैक्टर-बाइक को चालू कर और टीपा बजाकर हाथी को भगाने की कोशिश की। हालांकि पुलिस कर्मचारी और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को हाथी के करीब जाने से रोका और हाथी पर नजर बनाए हुए हैं।

रायपुर निगम के 70 वार्डों का आरक्षण

■ **23 ओबीसी, 9 एससी, 3 एसटी आरक्षित**

■ **मेयर के वार्ड से सामान्य वर्ग की महिला लड़ेगी चुनाव**

रायपुर /नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 23ओबीसी, 9 एससी और 3 वार्ड को एसटी आरक्षित किया गया है। मेयर के वार्ड से सामान्य वर्ग की महिला चुनाव लड़ेगी। 23 ओबीसी में से 8 महिलाओं के लिए, ऐसे ही 9 एससी (अनुसूचित जाति) वार्ड में 3 महिलाओं के लिए आरक्षित है।

वहीं 3 एसटी वार्ड में से एक वार्ड महिला के लिए रिजर्व किया गया है। बाकी 35 में से 11 वार्ड सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित है। आरक्षण प्रक्रिया में मेयर, नेता प्रतिपक्ष समेत कई पार्षदों का वार्ड आरक्षित हो गया है।

इन दिग्गजों का बिगड़ा स्मीकरण

आरक्षण की प्रक्रिया ने कई दिग्गजों के वार्डों का समीकरण बिगाड़ दिया है। मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड जो मेयर का वार्ड हैं, जो अब सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। ब्राम्हणपारा-कंकालीपारा वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा पार्षद और प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे का सुंदरलाल शर्मा वार्ड सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है। पंडित दीनदयाल वार्ड से कांग्रेस ज्ञानेश शर्मा पार्षद हैं, उनका वार्ड भी अन्य पिछड़ा वर्ग में आरक्षित हो गया है।

ट्रंप से मिलने को बेताब हूं... यूक्रेन में शांति पर पहली बार खुलकर बोले पुतिन

रूस और यूक्रेन के बीच खतरनाक होती जंग के बीच व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को शांति समझौते पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप से उनकी पिछले चार साल से बात नहीं हुई, उन्हें यह भी नहीं पता कि वे दोनों कब मिलेंगे, लेकिन वे उनसे किसी भी समय बातचीत करने को तैयार हैं। प्रेस कांफ्रेंस में पुतिन ने कुर्स्क क्षेत्र में अपनी नाकामी भी स्वीकार की। कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनकी सेना कब तक यूक्रेन से अपने इलाके को आजाद करा पाएगी? पुतिन का बयान ऐसे वक्त में आया है जब उनके करीबी और परमाणु हथियारों की देख-रेख करने वाले कमांडर को यूक्रेनी सेना ने रूस में घुसकर मार डाला। पुतिन के कमांडर की मौत के एक दिन बाद ही रूसी सेना ने एक दिन में यूक्रेन के भीतर कोहराम मचाया और 400 से ज्यादा सैनिकों की जान ले ली। यूक्रेन इसे पुतिन का बदला मान रही है।

हाल ही में पुतिन और यूक्रेन राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की की सेना के बीच युद्ध चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेनी सेना ने रूस के भीतर मिसाइल हमला शुरू कर दिया है।

पुतिन ने कहा-जंग में हम सबसे ऊपर रहे

डोनाल्ड ट्रंप आगामी 20 जनवरी को व्हाइट हाउस लौटने वाले हैं। उनके अमेरिकी सत्ता में लौटने को लेकर कीव आशंका व्यक्त कर चुका है कि ट्रंप युद्ध रोकने के लिए यूक्रेन पर समझौते का दबाव बना सकते हैं। वर्ष के अंत में अपनी वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्रेमलिन नेता ने कहा कि उनके सैनिकों ने युद्ध के मैदान में हम हर वक्त ऊपर ही रहे, लेकिन उन्हें यह भी स्वीकार किया कि उन्हें नहीं पता कि पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र को रूसी सेना यूक्रेनियों से कब तक आजाद करवा पाएगी?

पुतिन की सेना भी उत्तर कोरियाई सैनिकों की मदद से यूक्रेन के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए है। पहले जहां यूक्रेन अपनी जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहा था, अब रूसी सेना को अपनी जमीन बचाने के लिए लड़ाई करनी पड़ रही है।

ट्रंप से बातचीत को तैयार हैं

संभावित शांति समझौते के संबंध में ट्रंप के प्रस्तावों के बारे में पूछे जाने पर पुतिन ने कहा कि वह रिपब्लिकन नेता के साथ बैठक को तैयार हैं। पुतिन ने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि मैं उससे कब मिलने जा रहा हूं। इस बारे में उन्होंने अभी कुछ नहीं बताया है। मैंने चार साल से अधिक समय से उससे बात नहीं की है। मैं निश्चित रूप से इसके लिए तैयार हूं। किसी भी समय।

न्यूज गैलरी

धर्म संसद से जुड़े मामले में यूपी सरकार को राहत

नई दिल्ली। यति नरसिंहानंद की धर्म संसद से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने धर्म संसद के खिलाफ कदम नहीं उठाने के लिए उत्तर प्रदेश प्रशासन और पुलिस के खिलाफ अवमानना याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जिला अधिकारियों से कहा कि कानून-व्यवस्था कायम रहे। उत्तराखंड के हरिद्वार में पहले आयोजित 'धर्म संसद' कथित नफरत भरे भाषणों के कारण विवादों में घिर गई थी। इस संबंध में यति नरसिंहानंद और अन्य सहित कई व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा शुरू किया गया था। कार्यकर्ताओं और पूर्व नौकरशाहों ने गाजियाबाद जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है।

बुरा या अशिष्ट होना राहुल गांधी के स्वभाव में नहीं : उमर अब्दुल्ला

नई दिल्ली। संसद के प्रवेश द्वार पर बृहस्पतिवार को विपक्षी और एनडीए के सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी पर पार्टी के सांसदों से धक्का-मुक्की करने और महिला सांसदों से दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। इस बवाल के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि राहुल गांधी ने सांसदों से धक्का-मुक्की की है। अब्दुल्ला ने कहा कि बुरा या अशिष्ट होना राहुल गांधी के स्वभाव में नहीं है।

हमारे सैनिकों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, ऑपरेशन जारी...

जम्मू और कश्मीर में भारत के 5 दुश्मन ढेर सेना का आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा एक्शन

श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर में सुरक्षाबलों ने गुरुवार सुबह बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। खबर है कि कुलगाम जिले के कादर इलाक में हुए इस एनकाउंटर में 5 आतंकवादियों को मार गिराया है। साथ ही 2 सैनिकों भी मुठभेड़ में घायल हो गए हैं। भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स का कहना है कि आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी थी।

चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर जानकारी दी, 'ऑपरेशन कादर, कुलगाम। 19 दिसंबर 2024 को आतंकियों की मौजूदगी से जुड़े इनपुट के आधार पर कुलगाम के कादर में भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने साझा ऑपरेशन शुरू किया था। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियां देखी थीं और जब चुनौती दी गई तो

आतंकवादियों की तरफ से तेज गोलीबारी शुरू कर दी गई। हमारे सैनिकों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। ऑपरेशन जारी है।' एक अधिकारी ने बताया है कि मुठभेड़ वाले स्थल पर आतंकवादियों के 5 शव मिले हैं। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन अब भी जारी है और एक बार आतंकवादियों के शव मिलने के बाद मरने की बात का ऐलान कर दिया जाएगा।' बीते कुछ समय में कुलगाम जिले में आतंकियों के खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक माना जा रहा है।

खास बात है कि यह मुठभेड़ ऐसे समय पर हुई है, जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नई दिल्ली में सुरक्षा मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक करने जा रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि बैठक 20 दिसंबर को हो सकती है। एजेंसी से बातचीत में अधिकारियों ने बताया है कि मीटिंग में खासतौर से जम्मू और कश्मीर की स्थिति पर जोर दिया जा सकता है।

इससे पहले 3 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने श्रीनगर जिले में एक ऑपरेशन के दौरान जुनैद अहमद भट्ट नाम के आतंकवादी को मार गिराया था। तब पुलिस ने जानकारी दी थी कि भट्ट गगनगीर, गांदरबल और कई स्थानों पर आम नागरिकों पर हुए हमलों में शामिल था।

जनता की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दे

जस्टिन ट्रूडो पर अब कनाडा पुलिस को ही भरोसा नहीं

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ विरोध बढ़ता नजर आ रहा है। अब खबर है कि टीपीए यानी टोरंटो पुलिस एसोसिएशन ने ट्रूडो के इस्तीफे की मांग कर दी है। संगठन ने यह कदम हाल ही में सरकार की तरफ से प्रस्तावित क्रिमिनल कोड में बदलाव के बाद उठाया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब कनाडा की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दिया है। टीपीए के आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया गया, 'हमारे सदस्यों का जस्टिन ट्रूडो सरकार से भरोसा उठ गया है कि वह अब सही कारणों से सही काम करेगी। अब इस्तीफा देने और जनता की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों को किसी और को संभालने देने का समय आ गया है।'टीपीए इससे पहले एसोसिएशन ने कहा था, 'यह बहुत ही हास्यापद है। 9 साल तक कुछ न करने के बाद आपने ऐसे समय का चुनाव किया जब आपकी

सरकार अराजकता में उतर रही है और प्रस्तावों के जरिए हमें शांत करने की कोशिश की जा रही है। क्या मजाक है।' साथ ही पोस्ट में पीएम ट्रूडो को टैग भी किया गया है। दरअसल, कनाडाई सांसद अनिता आनंद की तरफ से कुछ प्रस्ताव पेश किए गए थे। पहला, 'क्रिमिनल कोड में संशोधन, ताकि बार बार और हिंसक अपराध करने वालों को जिम्मेदार ठहराया जा सके।' दूसरा, 'वाहन की चोरी, तोड़फोड़ और जबरन घुसने जैसे हिंसक अपराधों में जमानत के लिए कड़ी शर्तें।' तीसरा, 'निर्यात किए जाने वाले माल की जांच का अधिकार छ्क्र अधिकारियों को देना।'

समलैंगिक जोड़ों को साथ रहने का अधिकार माता-पिता न करें हस्तक्षेप', हाईकोर्ट का आदेश

अमरावती। समलैंगिक जोड़ों के लिए एक अच्छी खबर है। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने साफ-साफ कह दिया है कि जोड़े को साथ रहने का अधिकार है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि समलैंगिकों को अपना साथी चुनने की स्वतंत्रता है।

न्यायमूर्ति आर रघुनंदन राव और न्यायमूर्ति के महेश्वर राव की पीठ कविता (बदला हुआ नाम) द्वारा दायर बंदी प्रक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दरअसल, याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनकी साथी ललिता (बदला हुआ नाम) को उनके पिता ने उसकी इच्छा के खिलाफ नरसीपट्टनम में स्थित घर पर कैद करके रखा है।

अदालत ने यह कहा

इस पर अदालत ने मंगलवार को ललिता के माता-पिता को निर्देश दिया कि वे जोड़े के रिश्ते में हस्तक्षेप न करें क्योंकि उनकी बेटी बालिग है और वह अपने फैसले खुद ले सकती है। बता दें, जोड़ा पिछले एक साल से विजयवाड़ा में रह रहा है।

कविता ने पुलिस को दी थी शिकायत

कविता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर जब पुलिस ने ललिता के बारे में जानकारी जुटाई तो वह अपने पिता के घर मिली, जहां से उसे

बचा लिया गया। उसके बाद, उसे 15 दिनों के लिए एक कल्याण गृह में रखा गया था, हालांकि उसने पुलिस से गुहार लगाई कि वह एक बालिग है और अपने साथी के साथ रहना चाहती है। इसके अलावा, ललिता ने अपने पिता के खिलाफ सितंबर में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि उनके माता-पिता परेशान कर रहे हैं। पुलिस के दखल देने के बाद, ललिता विजयवाड़ा वापस आ गई और काम पर जाने लगीं। वह अक्सर अपने साथी से मिलती थीं।

पिता जबरदस्ती ले गए थे घर

हालांकि, ललिता के पिता एक बार फिर उसके घर आए और जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। कविता ने अपनी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप लगाया कि उन्होंने ललिता को गैरकानूनी तरीके से अपनी हिरासत में रखा हुआ है। वहीं, पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को कविता और उसके परिवार के सदस्यों ने अगवा कर लिया है।

वकील ने क्या दलील दी?

कविता के वकील जदा श्रवण कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसलों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि बंदी ने याचिकाकर्ता के माता-पिता के साझा घर में याचिकाकर्ता के साथ रहने के लिए अपनी स्पष्ट सहमति व्यक्त की है और वह कभी भी अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के पास वापस नहीं जाना चाहेगी। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि ललिता ने यह भी इच्छा व्यक्त की थी कि अगर उसे याचिकाकर्ता के साथ रहने की अनुमति दी जाए तो वह अपने माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस ले लेगी। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए यह भी कहा कि ललिता के परिवार के सदस्यों के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाए क्योंकि वह शिकायत वापस लेना चाहती हैं।

'लाडकी बहिन' सहित सभी योजनाएं जारी रहेंगी,': फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र जारी है। इस बीच, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'लाडकी बहिन' योजना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी विधानसभा में दी है। उन्होंने विधानसभा को बताया कि 'लाडकी बहिन' सहित सभी चल रही योजनाएं जारी रहेंगी। साथ ही लाड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए दिसंबर की सहायता राशि महीने के अंत तक जमा कर दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। फ्डणवीस ने कहा कि हमने राज्य चुनावों के दौरान लोकसभा अभियान के विपक्ष के नकली आख्यान को नष्ट कर दिया।

नीलकमल नाव में 90 की क्षमता,100 से ज्यादा यात्री सवार थे, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई तट के निकट नौसेना पोत के पर्यटक नौका को टक्कर मारने वाली घटना मुंबई पुलिस ने खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गेटवे ऑफइंडिया पर नौसेना के एक जहाज से टकराने के बाद पलटी पर्यटक नाव नील कमल में 90 यात्रियों की क्षमता थी, लेकिन उसमें 100 से अधिक यात्री सवार थे। बुधवार को इस हादसे में नौसेना कर्मियों समेत 13 लोगों की मौत हो गई। 98 लोगों को बचाया गया।

महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड द्वारा जारी दस्तावेजों के अनुसार, पर्यटक नाव में 84 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों को ले जाने की क्षमता थी, लेकिन इसमें 100 से अधिक यात्री सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सभी दस्तावेज जुटा लिए हैं। उन्होंने कहा कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में नौसेना नौका के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बुधवार को इस हादसे के दौरान पर्यटक

नाव में दो जर्मन और एक कनाडाई नागरिक भी सवार थे। हालांकि, उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है। पुलिस ने अब तक नौ लोगों के बयान दर्ज किए हैं जिन्हें भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, मुंबई पुलिस और सीआईएसएफ टीमों द्वारा बचाया गया था। सभी 13 शवों की पहचान भी हो चुकी है।

अधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना की हिरासत में है और जांच के लिए जब भी जरूरत होगी पुलिस इसकी मांग करेगी।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त यात्री नौका को दक्षिण मुंबई में भाऊचा धक्का (डॉकयार्ड रोड के पास एक घाट) पर ले जाया गया है।

कैसे हुआ हादसा?

महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 101 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना के मुताबिक, नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया। यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफइंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'एलीफेंटा' द्वीप पर लेकर जा रही थी।

तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार की सेवाओं पर रोक

SGPC का फैसला, ज्ञानी हरप्रीत सिंह पर लगे आरोपों की होगी जांच

अमृतसर (ए.) तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। यह फैसला शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की कार्यकारिणी कमेटी की एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया है। यह बैठक गुरुद्वारा देगसर साहिब कटाना (लुधियाना) में एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई। बैठक में तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ गुरप्रीत सिंह निवासी मुक्तसर साहिब की ओर से दी गई शिकायत में लगाए गए गंभीर

आरोपों पर लंबी चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों की राय के बाद इस बात पर सहमति बनी कि सिंह साहिब के पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए लगाए गए आरोपों की जांच कराना बेहद जरूरी है। बैठक के दौरान पारित प्रस्ताव के माध्यम से जांच के लिए एक उप-कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें शिरोमणि कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विरक, महासचिव शेर सिंह मांडवाला और कार्यकारिणी कमेटी सदस्य दलजीत सिंह भिंडर को शामिल किया गया।

यह उप कमेटी पूरी जांच के बाद 15 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक एसजीपीसी की कार्यकारिणी ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह की तख्त साहिब की सेवाओं पर रोक लगा दी है। उनकी जगह पर तख्त साहिब के मुख्यग्रंथी तख्त साहिब के जत्थेदार की सेवाओं को देंगे। बैठक के दौरान शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. रघुजीत सिंह विरक, जूनियर उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कल्याण, महासचिव शेर सिंह मांडवाला, कार्यकारिणी कमेटी सदस्य बीबी हरजिंदर कौर, सुरजीत सिंह तुगलवाल, परमजीत सिंह खालसा, सुरजीत सिंह गढ़ी, दलजीत सिंह भिंडर, रविंदर सिंह खालसा, जसवंत सिंह पुरैन, परमजीत सिंह रायपुर, सचिव प्रताप सिंह, सुखमिंदर सिंह, निजी सचिव शाहबाज सिंह, प्रभारी आजाददीप सिंह व अन्य मौजूद थे।

हिन्दू सेवा महोत्सव... **आरएसएस ने शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद वहां के हिंदुओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी**

पहले भारत को अल्पसंख्यकों पर मिलती थी सलाह, अब हम अन्य देशों की देख रहे हालातः मोहन भागवत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि भारत को अक्सर अपने अल्पसंख्यकों के मुद्दों का समाधान करने की सलाह दी जाती है। मगर अब हम अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति देख रहे हैं।

हिन्दू सेवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति की बातें की जा रही हैं, लेकिन युद्ध नहीं रुक रहे। उन्होंने यह भी कहा कि हमें भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में सलाह दी जाती है, लेकिन अब हम देख रहे हैं कि अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदायों को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

'मनुष्य का धर्म सभी धर्मो का मूल'

आरएसएस प्रमुख ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा का कोई जिक्र नहीं किया। हालांकि, हाल के हफ्तों में आरएसएस ने शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद उस देश

'अल्पसंख्यकों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना'

में हिंदुओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। भागवत ने कहा, 'मनुष्य का धर्म (मानव धर्म) सभी धर्मों का मूल है, जो एक विश्व धर्म है और इसे हिंदू धर्म भी कहा जाता है। हालांकि, दुनिया ने इस धर्म को भुला दिया है, जिसके कारण आज पर्यावरण और अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं।

भारत के बिना दुनिया में शांति लाना संभव नहीं: भागवत

उन्होंने कहा कि बहुत से लोग मानते हैं कि भारत के बिना दुनिया में शांति संभव नहीं है, क्योंकि इसका पारंपरिक ज्ञान और अनुभव ही इसे साकार कर सकता है, जैसा कि पिछले 3,000 वर्षों से दिखाया गया है। भारत का यह जिम्मा है कि वह दुनिया को शांति की दिशा में मार्गदर्शन करे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को नागपुर में आरएसएस के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार की स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कोई भी आरएसएस के राष्ट्र निर्माण में योगदान को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

संघ से सिखना चाहिए कैसे बिना उम्मीद के करना चाहिए काम

शिंदे ने नागपुर के रेशमीबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति स्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से कहा कि संघ परिवार और शिवसेना की विचारधारा एक जैसी है। उन्होंने बताया कि वह बचपन से संघ परिवार से जुड़े हुए हैं और पहले संघ शाखा में शामिल हुए, फिर शिव सेना शाखा में गए। उन्होंने कहा कि संघ परिवार और शिव सेना की विचारधारा एक ही है, और संघ परिवार से यह सिखना चाहिए कि बिना किसी उम्मीद के काम कैसे करना चाहिए। शिंदे ने यह भी कहा कि संघ का कार्य बिना किसी स्वार्थ के होता है और संघ की शिक्षा समाज को एकजुट करने की होती है, न कि बांटने की। उन्होंने कहा कि हेडगेवार के स्मारक पर जाकर एक नई ऊर्जा मिलती है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, परिषद की उपसभापति नीलम गोरे और सत्ताधारी दलों के अन्य विधायक भी श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे और संघ के पदाधिकारियों से संघ के बारे में जानकारी ली।

वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी, 37 वार्ड अनारक्षित

बिलासपुर नगर निगम के 70 वार्डों में 23 महिलाओं को 11 एससी और 4 एसटी के लिए आरक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की सरकार चलाने वार्डों का आरक्षण शासन के प्रावधानों के अनुसार कर दिया गया है, जिसमें इस बार 23 महिला और 47 पुरुष भाग्य आजमाएंगे।

नगर पालिक निगम बिलासपुर में वार्डों के आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। इस बार कुल 70 वार्डों में से 23 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण भी शामिल है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार आरक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई है। वार्ड आरक्षण में अनुसूचित जाति के लिए कुल 12 सीटें, अनुसूचित जनजाति के लिए 4 सीटें और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 18 सीटें आरक्षित की गई हैं। वार्ड क्रमांक 3 साईं नगर अनुसूचित जाति महिला के लिए, वार्ड क्रमांक 43 बशीलाल धुतलहरे नगर अनुसूचित जनजाति के लिए, और वार्ड क्रमांक 22 डॉ. भीमराव अम्बेडकर नगर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख क्षेत्र जैसे विवेकानंद नगर (वार्ड 41), शंकर नगर (वार्ड 44) को अनारक्षित महिला और विजय नगर (वार्ड 56) को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। वहीं कमला नेहरू नगर (वार्ड 53) और कालिका नगर (वार्ड 7) को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह आरक्षण प्रक्रिया राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप की गई है और इसमें सभी वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम चुनावों में इसी आरक्षण के आधार पर प्रत्याशी चुनाव लड़ सकेंगे।

बिलासपुर नगर निगम में आरक्षण की स्थिति

कमांक	वर्ग	आरक्षित वार्ड	महिला हेतु आरक्षित वार्ड	मुक्त वार्ड
1	अनुसूचित जाति	11	04	07
2	अनुसूचित जनजाति	04	01	03
3	अन्य पिछड़ा वर्ग	18	06	12
	योग	33	11	22
	अनारक्षित	37	12	25
4	कुल योग	70	23	47

निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन

नगरीय निकाय चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों एवं प्रावधानों से अवगत कराया गया है। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी कर ली गई है। शासन के नियमानुसार वार्डों का आरक्षण भी हो गया है। मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 23 से 25 दिसंबर तक रखा गया है।

न्यूज गैलरी

झांसी जंक्शन सेक्शन में तीसरी लाइन जोड़ने का कार्य कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी रेल मंडल के ग्वालियर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन सेक्शन में तीसरी रेलवे लाइन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 19 एवं 20 दिसम्बर को किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ी का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है- परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां -20 दिसम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई जंक्शन-बीना होकर रवाना होगी। 19 दिसम्बर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ परिवर्तित मार्ग ग्वालियर-गुना-बीना होकर रवाना होगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है ।

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेल शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक: चौहान

बिलासपुर/नवप्रदेश। 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ पुलिस ग्राउंड में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम में रामदेव कुमावत एवं महर्षि बाजपेई की मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई इसके बाद खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथियों को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री शासकीय कन्या शाला सरकंडा के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसमें उन्होंने अलग-अलग राज्यों के नृत्य कला का समागम करते हुए अदभुत प्रस्तुति दी है। बच्चों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 में बेसबॉल खेल के आयोजन की मेजबानी हमारा बिलासपुर जिला कर रहा है। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ी छात्र-छात्राएं एवं उनके कोच, मैनेजर आयोजन समिति के सदस्य आप सभी को मैं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। खेल जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है, खेल में हार जीत होते रहती है जो हारता है वह भी कुछ न कुछ जरूर जीतता है और जो खेलेगा वही हारेगा या जीतेगा इसलिए हमें अपने जीवन में इसको चरितार्थ करना है। खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है इसलिए हम सभी को खेल को अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। उद्घाटन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और व्यायाम शिक्षक मौजूद थे।

आज के मैच का परिणाम

14 वर्षीय बालक बेसबॉल वर्ग में जम्मू कश्मीर और पंजाब के बीच मैच हुआ जिसमें पंजाब ने जम्मू कश्मीर को 10-0 अंकों से हराया । दूसरा मैच आंध्र प्रदेश और विद्या भारती के बीच हुआ जिसमें आंध्र प्रदेश में विद्या भारती को 7-0 से हराया । तीसरा मैच तमिलनाडु और हरियाणा के बीच हुआ जिसमें हरियाणा ने तमिलनाडु को 5-0से हराया। चौथा मैच गुजरात और चंडीगढ़ के बीच हुआ जिसमें चंडीगढ़ ने गुजरात को 5-0 से शिकस्त दी । पांचवा मैच महाराष्ट्र और विद्या भारती के बीच हुआ जिसमें महाराष्ट्र ने विद्या भारती को 7-1 से हराया ।

सट्टा-पट्टी लिखते चार गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिटटी थाना में क्षेत्रागंर्त हारजीत का दांव लगाकर सटटा पटटी लिखते चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियो के कब्जे से सटटा पटटी एवं अलग- अलग प्रकरणो से नगदी रकम 21210 रुपए जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार सिरगिटटी क्षेत्र में जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में थाना सिरगिटटी के द्वारा अवैध कारोबार पर नकेल कंसने के लिए मुखबिर का जाल फैलाया गया है। आरोपियों में संतोष कश्यप पिता भागलाल उम्र 48 वर्ष यादव नगर तिफरा, पूरन लाल विश्वकर्मा पिता भाऊलाल उम्र 34 साल विजय नगर तिफरा, हेमंत दुबे पिता मनहरण लाल उम्र 48 आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा व धनलाल साहू पिता बैकलराम साहू उम्र 48 साल बाजार चौक तिफरा शामिल हैं। मजबूत मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी रजनीश सिंह द्वारा टीम तैयार कर बाजार चौक, तिफरा, यदुनंदन नगर तिफरा, सब्जी मण्डी मंण्डी तिराहा रेड कार्यवाही की गई जहां पर अलग-अलग स्थान स्थान पर रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर सट्टा पटटी लिखते मिले पृथक-पुथक कुल जुमला रकम 21210 रूपये को आरोपियो के कब्जे से जप्त किया है।

जिला अस्पताल में रेस्टोरेंट की तर्ज पर माड्यूलर किचन

■ **14 लाख की लागत से सीजीएमएससी करा रही निर्माण**

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में रेस्टोरेंट की तर्ज पर माड्यूलर किचन का निर्माण कराया जा रहा है,जहां मरीजों व उनके परिजनों को रेस्टोरेंट की तरह स्वादिष्ट भोजन, पौष्टिक आहार व सब्जी खाने में मिलेगी। जिला अस्पताल में पुराने किचन को तोड़कर वहा पर और जगह को बढ़ाकर माड्यूलर किचन का निर्माण सीजीएमएससी के द्वारा 14 लाख की लागत से किया जा रहा है।

माड्यूलर किचन का निर्माण जोरों से चल रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जनवरी 2025 तक इसका शुभारभं हो जाएगा।माड्यूलर किचन में स्टैडिंग किचन, अत्याधुनिक तरीके से किचन का निर्माण हो रहा है। जहां मरीज व उनके परिजन डायनिंग हाल पर बैठकर खाना खा सकते है। जिला अस्पताल में बन रहे माडयूलर किचन में खाने की दर भविष्य में निर्धारित की जाएगी। जिला अस्पताल में अभी किचन शेड पीछे स्थित है,जिसके पास ही नया किचन तैयार किया जा रहा है। जहा मरीजों व उनके परिजनों को रेस्टोरेंट की तरह ही स्वादिष्ट भोजन, सब्जी, पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सकेगा।

उपयुक्त वातावरण में माड्यूलर किचन को तैयार किया जा रहा है। ताकि अस्पताल में आने वाले लोगों को एक बेहतर वातावरण मिल सके। गौरतलब हो कि जिला अस्पताल में वर्तमान में मरीजों के परिजनों को खाना खाने के लिए वार्ड के बाहर ही बैठना पड़ता है।माड्यूलर किचन बन जाने से लोगों को एकसाथ डायनिंग हाल में बैठकर खाना खाने की सुविधा मिल सकेगी।

नववर्ष में मिलेगी माड्यूलर किचन की सौगात

जिला अस्पताल में सीजीएमएससी के द्वारा 14 लाख की लागत से माड्यूलर किचन का निर्माण कराया जा रहा है,एक से दो माह में यह बनकर तैयार हो जाएगा। जहां अत्याधुनिक तरीके से किचन का निर्माण हो रहा है,जिसमें स्टैडिंग किचन व डायनिंग हाल में परिजन एक साथ बैठकर खाना खा सकेंगे।

डा.अनिल गुप्ता
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

वीरानी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कल

सीपत/नवप्रदेश। विरानी पब्लिक हॉयर सेकेंडरी स्कूल सीपत में कल 21 दिसंबर को शाम 5 बजे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर एडिशनल एसपी श्रीमती अर्चना झा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर एवं एनटीपीसी सीपत के इंटक यूनियन अध्यक्ष सलीम विरानी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जाएगी।

बाबा ने समाज में नई जागृति पैदा की: मधुकर

सीपत/नवप्रदेश। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में गुरुघासीदास जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। जगह जगह रैली का आयोजन कर बाबा के मनखे मनखे एकसमान का संदेश दिया गया। जयंती के अवसर पर युवा नेता व समाजसेवक करण मधुकर भिलाई , किसान परसदा, राक, रलिया, कछार, देवरी, गतौरा में रैली एवं मंचीय कार्यक्रमो में शामिल होकर शिरकत की। उन्होंने विभिन्न ग्रामो के वरिष्ठजनों से मुलाकात करते हुए इस अवसर पर श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान भी किया। समाजसेवक करण मधुकर ने कहा कि बाबा सत्य , अहिंसा व समानता के प्रतीक थे। गुरूघासीदास बाबा ने समाज को जुआ , नशाखोरी से दूर रहने आह्वान किया था। यदि हम बाबा के द्वारा दिए सात संदेशों को अपने जीवन मे आत्मसात करें तो समाज एक और नई दिशा में जा सकता है। घासीदास ने जहां समाज में एकता बढाने का कार्य किया, वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने युवावों को मार्गदर्शन देते हुए बाबाजी के बताए मार्गों पर चलने प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सुशासन के एक वर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व दिव्यांगजनों का सम्मान

समाज कल्याण विभाग ने नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा आज सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रार्थना भवन जल संसाधन बिलासपुर में प्रतिभावान उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिव्यांगजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक, श्रीमती श्रद्धा एस. मैथ्यू ने सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभाग द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी देते हुये आज सम्मानित किये जानेवाले दिव्यांग जनों को बधाई दी एवं नोडल अधिकारी हरीश सक्सेना ने स्वागत भाषण में दिव्यांगजनों से अनुरोध किया कि वे इसी प्रकार से अपनी प्रतिभाओं को दिव्यांगजनों के हित में आगे बढ़ाते रहें । सम्मान कार्यक्रम में नशामुक्त भारत अभियान के तहत् दिव्यांगजन एवं उपस्थित जन समुदाय को नशे से होने वाली नुकसान की जानकारी देते हुये शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा एकल गायन, समूह गायन तथा नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं विभागीय कलापथक दल द्वारा संगीत मय कार्यक्रम एवं नशामुक्त भारत अभियान के तहत् नशे से दूर रहने हेतु गीत संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुती दी। दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु डॉ रविशंकर पटेल, हीरामणी देवांगन, कांति दुबे, अनुपम मिश्रा, संजय यादव, अंशु गौड़, डॉ शोभा मिश्रा, पूर्णिमा पांडेय, अश्विनी पांडेय, निरंकार तिवारी, संतोष देवांगन, गंगा साहू, दुर्गा प्रसाद, के. के पांडेय, बहोरन धुरी, शिव नारायण साहू आदि उपस्थित थे।

नाजायज संतान भी अनुकंपा नियुक्ति का हकदार : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस फैसले को सही ठहराया है, जिसमें एसईसीएल के मृत कर्मचारी के नाजायज संतान को अनुकंपा नियुक्ति देने का आदेश दिया था। सिंगल बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि भले ही विक्रांत कुमार मृतक सरकारी कर्मचारी का नाजायज पुत्र हो, वह अनुकंपा के आधार पर विचार करने का हकदार होगा और उसे इस आधार पर विचार करने से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह मृतक सरकारी कर्मचारी का नाजायज पुत्र है और यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिवादी को आश्रित रोजगार देने के लिए मृतक मनीराम की पहली पत्नी सुशीला कुर्रे की सहमति भी आवश्यक नहीं है। डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के इस फैसले पर मुहर लगाते हुए सिंगल बेंच के आदेश के तहत मृत कर्मचारी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

प्रदर्शन | नेहरु चौक में कांग्रेसियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

डॉ. अंबेडकर पर विवादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने गृहमंत्री शाह का पुतला फूंका

बिलासपुर/नवप्रदेश। 18 दिसम्बर को राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता ,भारत रत्न बाबा भीम राव अम्बेडकर जी के प्रति अशोभनीय टिप्पणी किया, जिसके विरोध में ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर /ग्रामीण) द्वारा 19 दिसम्बर को नेहरू चौक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। दोपहर 12 बजे कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में इकट्ठा हुए ,फिर नारे के साथ नेहरू चौक पहुंच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया ,इस बीच पुलिस प्रशासन मुस्तैद थी , और पुतला को छिनने की कोशिश करते है पर कांग्रेसजन पुतला दहन करने में सफल रहे, पुलिस वाले बोटल में पानी लेकर पुतले की पीछे दौड़ते नजर आये। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता समय समय पर देश की आज़ादी में लड़ने वाले सेनानियों के प्रति अशोभनीय विचार रखते रहे है ,चाहे महात्मा गांधी जी के हत्यारे को महिमामण्डित करना हो या फिर नेहरू जी के संदर्भ में अनर्गल प्रलाप करना उनकी नियति सी बन गई है ,कल 18 दिसम्बर को केंद्रीय गृह मंत्री जैसे पद में बैठा व्यक्ति द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता,भारतरत्न बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करना अत्यंत ही अपमान जनक है , उन लाखों करोड़ों दलित समाज का अपमान है ,जो विषम परिस्थितियों में भी कड़ी मेहनत से ,समाज के मुख्यधारा में जुड़कर मजबूत राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे है। बाबा साहब ने किन परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई की।

अडानी के व्यवसाय से सरकार चिंतित : रामशरण

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि अडानी के व्यवसाय से केंद्र सरकार चिंतित है,क्योकि अडानी के कारोबार को कई देशों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है, अमेरिकी कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी है , जिस पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस ने माँग उठाती रही ,पर भाजपा चर्चा से घबरा गई है कहीं केंद्र सरकार बेनकाब न हो जाये क्योकि इसके पहले भी अडानी पर हिंडन बुर्ग की रिपोर्ट ,सेबी घोटाला, सेल कम्पनियो के माध्यम से 20 हजार करोड़ का निवेश का मामले कि सच्चाई खुल न जाये इसलिए भाजपा अनेक पैतरे अपना रही है ,इसी कड़ी में बाबा साहब को अपमानित किया गया जो दलित समाज के लिए अपमानजनक है।

सुविचार

उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती और यदि जिद हो जीतने की तो हार भी हरा नहीं सकती। - अज्ञात

अब अंबेड़कर को लेकर गदर

ससंद का शीतकालीन सत्र पहले से ही हंगामों की भेंट चढ़ता रहा है जिसकी वजह से संसद में लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कामकाज प्रभावित हुआ है। कांग्रेस की मांग पर लोकसभा और राज्यसभा में भारतीय संविधान पर दो दिवसीय विशेष चर्चा हुई जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के ही सांसद उपस्थित रहे और चर्चा में भाग भी लिया इसके बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब संसद के शीतकालीन सत्र के बचे हुए दिनों में संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी किन्तु राज्यसभा में केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह के उद्बोधन के दौरान संविधान निर्माता डॉ. बी.आर.आम्बेडकर के बारे में कही गई एक बात को लेकर फिर से राज्यसभा में हंगामा खड़ा हो गया और इसके बाद तो डॉ. आम्बेडकर को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में के बीच गदर मच गया। कांग्रेस सहित आईएनडीआईए में शामिल सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उन पर डॉ.आम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनसे माफी मांगने की मांग करने लगे यहां तक की गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग भी की जाने लगी। इस मामले में विपक्ष की सियासत को लेकर चिंतित भाजपा ने जवाबी हमला करना भी शुरू कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने पत्रकार वार्ता में वस्तु स्थिति की जानकारी दी और यह स्पष्ट किया कि वे सपने में भी डॉ. आम्बेडकर के अपमान की बात सोच नहीं सकते। राज्यसभा में उन्होंने जो बयान दिया है उसमें से सिर्फ 18 सेकण्ड के अंश को कांग्रेस ने मुद्दा बना दिया है जबकि उनका पूरा वीडियो देखकर ही स्पष्ट होगा कि उन्होंने डॉ.आम्बेडकर का अपमान नहीं किया है चूंकि उन्होंने राज्यसभा में कांग्रेस की असलियत उजागर कर दी थी कि किस तरह उसने डॉ. आम्बेडकर को अपमानित किया था और उनकी उपेक्षा की थी। इसी से चिढ़कर कांग्रेस ने उनके भाषण को तोड़ मरोड़ कर पेश किया है। अमित शाह के इस स्पष्टीकरण के दूसरे दिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता नीले कपड़े पहनकर और डॉ.आम्बेडकर की तस्वीर लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन करने पहुंच गये। उन्होंने संसद परिसर में नारेबाजी की और गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करने लगे। इसके जवाब में भाजपा के सांसद भी संसद की सीढ़ियों पर एकत्रित हो गये और वे विपक्ष के इस प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित बताकर कांग्रेस के खिलाफ नोरबाजी करने लगे। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का मुक्की की स्थिति बन गई। जिसके कारण भाजपा के दो सांसद गिर कर घायल हो गये। इनमें से एक सांसद के सिर में चोट आई है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त सांसद ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के धक्का देने के कारण वे गिर कर घायल हुए है। अब भाजपा के सांसदों ने इस घटना को लेकर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इधर राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी आरोप लगाया है कि भाजपा सांसदों के धक्का मुक्की करने के कारण उनके घुटने में चोट आई है। कुल मिलाकर अब आम्बेडकर के मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ती ही जा रही है। ऐसी स्थिति में संसद के शीतकालीन सत्र के बाकी बचे दिनों में कोई काम काज हो पाएगा इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है।

रवि चंद्रन आश्विन का क्रिकेट से सन्यास

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पीनर 38 वर्षीय रवि चंद्रन आश्विन ने आस्ट्रेनिया दौरे के दौरान ही इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। आश्विन भारतीय क्रिकेट टीम के न सिर्फ बेहतरीन गेंदबाज थे, बल्कि उन्होंने अपने बल्ले से भी कई बार कमाल दिखाया है और खुद को टीम इंडिया का ऑल राउंडर खिलाड़ी साबित किया है। भारतीय क्रिकेट टीम को कई बार उन्होंने जीत दर्ज कराने में अहम भूमिका निभाई है। क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट में आश्विन ने 765 विकेट लिये है। भारतीय स्पीनर अनिल कुबले के बाद आर आश्विन ही दूसरे ऐसे स्पीनर है जिन्होंने सर्वाधिक विकेट अपने नाम किये है। उनमें अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी भी यदि वे और एक या दो साल खेल खेले तो जाहिर है वे और नये रिकॉर्ड बनाकर जाते। किन्तु उन्होंने अचानक क्रिकेट से रिटायरमेन्ट लेकर सबको चौका दिया है। इससे उनके प्रशंसकों में मायूसी देखी जा रही है। वैसे तो हर क्रिकेटर को एक न एक दिन क्रिकेट से संन्यास लेना ही पड़ता है लेकिन जब कोई क्रिकेट खिलाड़ी अचानक क्रिकेट से किनारा करने की घोषणा करता है तो उनके प्रशंसकों को आघात लगना स्वाभाविक है। आर आश्विन ने 2000 तक में श्रीलंका के खिलाफ अपना पहला वन-डे मैच खेला था और इसके बाद वे लगातार वन-डे, टी20 और टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन कर विकेट लेने का कीर्तिमान बनाते गए। वे न सिर्फ एक बेहतरीन ऑफ स्पीनर थे बल्कि उनके बल्ले ने भी जमकर रन उगले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने साढ़े तीन हजार से ज्यादा रन बनाये हैं। जिनमें छह शतक भी शामिल है इस तरह उन्होंने टीम इंडिया के लिए एक बेहतरीन ऑल राउंडर की भूमिका भी निभाई है। आर आश्विन ने भले ही क्रिकेट को अलविदा कह दिया हो लेकिन क्रिकेट प्रेमी उन्हें कभी नहीं भुला पाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम भी टीम इंडिया को इस मुकाम पर पहुंचाने में आर आश्विन के योगदान को नहीं भूलेगी।

प्रेरक प्रसंग

बारह का अंक और कुंभ महापर्व

।। नमो भगवते वासुदेवाय।।

बारह का अंक और कुंभ महापर्व का एक-दूसरे से घनिष्ठ संबंध है। प्रत्येक शुभ कार्य के लिए बृहस्पति की अनुकूलता परम आवश्यक मानी गई है। ज्योतिष की गणना अनुसार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड बारह राशियों में विभाजित है, जन्मकुंडली में भी द्वादश भाव अर्थात बारह भाव अथवा बारह घर व्यक्ति के भाग्य और उसके साथ शुभाशुभ घटित होने का आंकलन करते है। सूर्य बारह राशियों का भ्रमण बारह मास में तथा बृहस्पति एक राशि को लगभग बारह मास में पूर्ण करते हैं। द्वादश राशि, द्वादश भाव, द्वादश लग्न, द्वादश तिलक, द्वादश आदित्य, द्वादश ज्योतिर्लिंग, द्वादश गणपति और भागवत महापुराण के द्वादश स्कन्ध हैं। हिन्दी, अंग्रेजी व मुस्लिम महीने भी द्वादश ही हैं। कुंभ के साथ- साथ द्वादश अंक का रहस्य धार्मिक क्रियाकलापों और मंत्रों में समाहित है, जैसे भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए द्वादश अक्षर का मंत्र 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय', ऐसा ही मंत्र भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए और मृत्यु पास से छुटकारा दिलाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:03, सूर्यास्तः 17:46, *चन्द्रोदयः 21:43, चन्द्रास्तः 10:27, अयन दक्षिणायन, ऋतुः ?? हेमंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) कालयुक्त, *युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : मघा, योग : विश्कुम्भ, प्रथम करण : बालव (10:02 तक), द्वितीय करण : कौलव (22:19 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्रः कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनिः कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतुः कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:46, राहुकालः 10:30 से 12:00, यमगण्ड : 07:03 से 08:23, दुर्मुहूर्त : 10:37 से 11:20, विजय मुहूर्त : 14:11 से 14:54, गोधूलि मुहूर्त : 17:43 से 18:10, सायाह्न सन्ध्या : 17:46 से 19:05, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:51, ब्रह्म मुहूर्त : 29:16 से 30:10, राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : मंगल (26:00 से गुरू), दिशा शूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश (10:02 से पाताल)।

लेटे हुए हनुमान जी के दर्शनार्थ उमड़ता है जन सैलाब

के.एन. दीक्षित

एक मान्यता और है इस मंदिर के बारे में इस मान्यता के पीछे रामभक्त हनुमान के पुनर्जन्म की कथा जुड़ी हुई है। लंका विजय के बाद बजरंग बलि जब अपार कष्ट से पीड़ित होकर मरणा सन्न अवस्था मे पहुँच गए थे। तो माँ जानकी ने इसी जगह पर उन्हे अपना सिन्दूर देकर नया जीवन और हमेशा आरोग्य व चिरायु रहने का आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो भी इस त्रिवेणी तट पर संगम स्नान पर आयेंगा उस को संगम स्नान का असली फल तभी मिलेगा जब वह हनुमान जी के दर्शन करेगा। यहां स्थापित हनुमान की अनूठी प्रतिमा को प्रयाग का कोतवाल होने का दर्जा भी हासिल है। आम तौर पर जहां दूसरे मंदिरों मे प्रतिमाएँ सीधी खड़ी होती हैं। वही इस मन्दिर मे लेटे हुए बजरंग बली की पूजा होती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक लंका विजय के बाद भगवान् राम जब संगम स्नान कर भारद्वाज ऋषि से आशीर्वाद लेने प्रयाग आए तो उनके सबसे प्रिय भक्त हनुमान इसी जगह पर शारीरिक कष्ट से पीड़ित होकर मूर्छित हो गए। पवन पुत्र को मरणासन्न देख मां जानकी ने उन्हें अपनी सुहाग के प्रतिक सिन्दूर से नई जिंदगी दी और हमेश स्वस्थ एवं आरोग्य रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। मां जानकी द्वारा सिन्दूर से जीवन देने की वजह से ही बजरंग बली को सिन्दूर चढ़ाये जाने की परम्परा है। संगम आने वाल हर एक श्रद्धालु यहां सिंदूर चढ़ाने और हनुमान जी के दर्शन को जरुर पहुंचता है। बजरंग बली के लेटे हुए मन्दिर मे पूजा-अर्चना के लिए यूं तो हर रोज ही देश के कोने-कोने से हजारों भक्त आते हैं लेकिन मंदिर के महंत आनंद गिरी महाराज के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ साथ पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सरदार बल्लभ भाई पटेल और चन्द्र शेखर आज़ाद जैसे तमाम विभूतियों ने अपने सर को यहां झुकाया, पूजन किया और अपने लिए और अपने देश के लिए मनोकामना मांगी। यह कहा जाता है कि यहां मांगी गई मनोकामना अक्सर पूरी होती है। आरोग्य व अन्य कामनाओं के पूरा होने पर हर मंगलवार और शनिवार को यहां मन्नत पूरी होने का झंडा निशान चढने के लिए लोग जुलूस की शक्ल मे गाजे-बाजे के साथ आते हैं। मन्दिर में कदम रखते ही श्रद्धालुओं को अजीब सी सुखद अनुभूति होती है। भक्तों का मानना है कि ऐसे प्रतिमा पूरे विश्व मे कही मौजूद नहीं है। इलाहाबाद में संगम के निकट स्थित यह मंदिर उत्तर भारत के मंदिरों में अद्वितीय है। मंदिर में हनुमान की विशाल मूर्ति आराम की मुद्रा में स्थापित है। यद्यपि यह एक छोटा मंदिर है फिर भी प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में भक्तगण आते हैं।

विविध जनश्रुतियों एवं कपोल कल्पित तथा मनगढ़न्त कथाओं के आधार पर नित नई कहानियाँ खड़ी होती रहती हैं। इनमें से कुछ तो सत्य होती हैं। किन्तु कुछ का तो कोई आधार ही नहीं होता है। यही बात इलाहाबाद में प्रयागराज क्षेत्र के संगम तट पर स्थित पुराण प्रसिद्ध लेटे हुए हनुमान जी के विषय में हैं। यह मंदिर धरती का एक मात्र मंदिर है जिसका विवरण पुराणों में विषद रूप से प्राप्त होता है।

यही एक मात्र ऐसा मंदिर है जहाँ हनुमान जी के लेटे हुए रूप का विवरण मिलता है। अब आजकल तो अनेक मंदिर बन गए हैं। जहाँ हनुमान जी को लेटा हुआ दर्शाया गया है। सम्भवतः महाराष्ट्र के औरंगाबाद के समीप म्हैस्मल में बना लेटे हुए हनुमान जी का विशाल मंदिर भी इसी श्रेणी में आता है। अस्तु जो भी हो, पुराणों में एक ही लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर का विवरण प्राप्त होता है। और वह प्रयाग क्षेत्र के संगम तट पर स्थित इलाहाबाद के बड़े हनुमान जी का मंदिर ही है। जो प्रचलित कथा इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में प्राप्त होती है, वह यह है कि एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुँचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुँच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली। तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था। उसने हिन्दुओं का दिल जीतने तथा अन्दर से इस इच्छा से कि यदि वास्तव में हनुमान जी इतने प्रभावशाली हैं तो वह मेरी रक्षा करेगें। यह सोचकर उनकी स्थापना अपने किले के समीप ही करवा दी। किन्तु यह निराधार ही लगता है। क्योंकि पुराणों की रचना वेदव्यास ने की थी। जिनका काल द्वापर युग में आता है। इसके विपरीत अकबर का शासन चौदहवीं शताब्दी में आता है। अकबर के शासन के बहुत पहले पुराणों की रचना हो चुकी थी। अतः यह कथा अवश्य ही कपोल कल्पित, मनगढ़न्त या एक समुदाय विशेष के तुष्टिकरण का मायावी जाल ही हो सकता है।

जो सबसे ज्यादा तार्किक, प्रामाणिक एवं प्रासंगिक कथा इसके विषय में जनश्रुतियों के आधार पर प्राप्त होती है, वह यह है कि रामावतार में अर्थात त्रेतायुग में जब हनुमानजी अपने गुरु सूर्यदेव से अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी करके विदा होते समय गुरुदक्षिणा की बात चली। भगवान सूर्य ने हनुमान जी से कहा कि जब समय आएगा तो वे दक्षिणा माँग लेंगे। हनुमान जी मान गए। किन्तु फिर भी तत्काल में हनुमान जी के बहुत जोर देने पर भगवान सूर्य ने कहा कि मेरे वंश में अवतरित अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र राम अपने भाई लक्ष्मण एवं पत्नी सीता के साथ प्रारब्ध के भोग के कारण वनवास को प्राप्त हुए हैं। वन में उन्हें कोई कठिनाई न हो या कोई राक्षस उनको कष्ट न पहुँचाएँ इसका ध्यान रखना।

सूर्यदेव की बात सुनकर हनुमान जी अयोध्या की तरफ प्रस्थान हो गए। भगवान सोचे कि यदि हनुमान ही सब राक्षसों का संहार कर डालेंगे तो मेरे अवतार का उद्देश्य समाप्त हो जाएगा। अतः उन्होंने माया को प्रेरित किया कि हनुमान को घोर निद्रा में डाल दो। भगवान का आदेश प्राप्त कर माया उधर चली जिस तरफ से हनुमान जी आ रहे थे। इधर हनुमान जी जब चलते हुए गंगा के तट पर पहुँचे तब तक भगवान सूर्य अस्त हो गए। हनुमान जी ने माता गंगा को प्रणाम किया। तथा रात में नदी नहीं लाँघते, यह

सोचकर गंगा के तट पर ही रात व्यतीत करने का निर्णय लिया।

हनुमान जी के हृदय में अपने गुरु की आज्ञा पालन का संदेश घुमड़ रहा था। अतः उन्हें नींद भी नहीं आ रही थी। अतः वह आसन लगाकर ध्यानस्थ हो विचार मग्न हो गए। इधर माया ने जब उन्हें ध्यानस्थ देखा तो वह डर गई। क्योंकि यदि प्रातः काल हो गया तो हनुमान जी अयोध्या पहुँच जाएँगे तथा प्रण के दृढ़निश्चयी हनुमान जी अपना कार्य प्रारम्भ कर देंगे। अचानक हनुमान जी का ध्यान टूटा। उन्होंने सोचा क्यों न रात सत्संग में बिताई जाए। यह सोच कर वह ऋषि भारद्वाज के आश्रम की तरफ चल पड़े। अब माया और भी निराश हो गई। हनुमान जी भारद्वाज ऋषि के आश्रम पहुँचे। वहाँ वेद पुराण का व्याख्यान चल रहा था। हनुमान जी वहीं बैठकर कथा सुनने लगे। कथा में भारद्वाज ऋषि ने बताया कि कल यहाँ पर जगत के स्वामी तथा अयोध्या नरेश दशरथ के पुत्र के रूप में अवतरित भगवान राम गंगा को पार कर पहुँचने वाले हैं। हनुमान जी प्रसन्न हो गए। अभी उन्होंने गंगा पार कर अयोध्या जाने का विचार त्याग दिया। तथा वहीं संगम के तट पर ही रह कर भगवान राम की प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया। रात्रिकालीन आवश्यक कार्यों को पूरा कर हनुमान जी वहीं संगम के तट पर लेट गए। और उन्हें नींद आ गई। इधर माया को अवसर मिला। और उसने हनुमान जी को धर दबोचा। हनुमान जी घोर निद्रा में चले गए। इधर भगवान राम गंगा पार कर प्रयाग पहुँचे। उन्होंने हनुमान जी को सोते हुए देखा। तथा उनको यह वरदान दिया कि इस सोए हुए हनुमान की मूर्ति के जो दर्शन करेगा। उसे बिना किसी प्रयास के मेरी कृपा प्राप्त होगी। उस व्यक्ति को किसी तरह के भूत-प्रेत या धोखा, षडयंत्र आदि का शिकार नहीं होना पड़ेगा। उसके सारे शत्रु स्वतः ही परास्त हो जाएँगे

इस तरह हनुमान जी को अमोघ वरदान देकर भगवान राम भारद्वाज ऋषि के आश्रम तथा अक्षयवट का दर्शन करते हुए आगे बढ़ गए। यह वरदान आज अक्षरशः सत्य हो रहा है। इस पुराण प्रसिद्ध सिद्ध हनुमान मंदिर का दर्शन निश्चित ही समस्त बाधा, कष्ट, अरिष्ट आदि को शान्त करता है। इधर प्रातःकाल जब गंगा देवी ने देखा कि एक प्राणी उनकी तरफही पाँव फैलाकर सो रहा है। तो उन्होंने अपने आपको अपमानित महसूस करते हुए हनुमान जी को डूबो दिया। सूर्यदेव ने जब प्रातःकाल अपने शिष्य हनुमान की यह दशा देखी तो उन्होंने गंगा को शाप दिया कि 'तुम्हारा हृदय मैला है जो अज्ञानवश तूने एक सीधे-सादे प्राणी को दण्ड दिया। तेरा सम्मान करते हुए हनुमान ने रात में तुम्हारे ऊपर से होकर गुजरना अच्छा नहीं समझा और तुम दुर्बुद्धि उसे शाप दे बैठी। जा आज से तू प्राणियों के मरे शरीर एवं गन्दगी ढोने वाली हो जाओ।' गंगा नदी के दूषित होने से संसार के समस्त देव संबंधी एवं शुभ कार्य बाधित होने लगे। तब समस्त देवताओं ने मिलकर भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना की। तब भगवान सूर्यदेव ने कहा कि 'जा गंगे! तेरे जल के ऊपर मेरी किरणों के पड़ते ही तुम्हारे जल की पवित्रता बढ़ जाएगी। तथा तुम्हारे जल से मेरा किया गया स्तवन-पूजन कोटि गुना फल देने वाला होगा।'

भगवान सूर्य के कहने पर गंगा ने कहा कि हनुमान चतुर्मास व्यतीत होते ही पुनः भगवान राम की सेवा में उपस्थित हो जाएँगे। तब तक हनुमान जी किष्किन्धा पर्वत पर सुग्रीव की सेना में लगे रहे। चतुर्मास बीतने पर भगवान राम सीता की खोज करते हुए किष्किन्धा पर्वत पर पहुँचे वहाँ पर उनकी मुलाकात भगवान राम से हुई। अस्तु, कालान्तर में जब मुगल शासन के दौरान अकबर के समय में जब बादशाह अकबर ने उस सिद्ध तपोभूमि को अपने किले के रूप में परिवर्तित करना प्रारम्भ किया। तब उसके दीवार की ही सीध में सोए हुए हनुमान का मंदिर पड़ गया। उसने तत्कालीन हिन्दू धर्मगुरुओं एवं पंडितों को रुपए-पैसे का लोभ देकर तथा डरा-धमका कर उस सोए हनुमान जी के मंदिर को अन्यत्र स्थापित करवाने के लिए राजी किया। हनुमान जी के मूर्ति की खुदाई होने लगी। जब समूची मूर्ति की खुदाई नीचे से कर ली गई। तब उसे उठाया जाने लगा। जब लगातार कोशिश के बावजूद भी मूर्ति नहीं उठी। तब उसे भारी सामान उठाने वाली मशीन से उठाने की कोशिश की जाने लगी। ज्यों ज्यों उस मूर्ति को उठाने की कोशिश की गई। वैसे-वैसे मूर्ति और भी नीचे धसती चली गई। अन्त में डर कर अकबर ने उस मंदिर को हटवाने का काम बन्द करा दिया। तथा डर के मारे उसने हनुमान जी की बड़ी पूजा-आराधना की। आज भी उसके उतने बड़े भव्य किले की दीवार हनुमान जी के मंदिर की तरफटेढ़ी ही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1919 में आज ही के दिन अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा ने आव्रजन पर रोक लगाई थी। 1946 में आज ही के दिन महात्मा गांधी श्रीरामपुर में एक महीने तक रुके थे। 1951 में 20 दिसंबर के दिन ही ओमान और ब्रिटेन के बीच समझौते के बाद ओमान स्वतंत्र हुआ था। 1955 में आज ही के दिन भारतीय गोल्फसंघ का गठन हुआ था। 1956 में 20 दिसंबर के दिन ही अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बसों में होने वाले रंगभेद पर रोक लगाई जानी चाहिए। 1963 में आज ही के दिन जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिनवासियों के लिए खोला गया था। 1985 में 20 दिसंबर के दिन ही तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 द्धहक्र करोड़ की कीमत वाला हीरा जडित मुकुट चढ़ाया गया था। 1988 में आज ही के दिन संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। 1990 में 20 दिसंबर के दिन ही भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए थे।

पाठकों की बात

जब हृदय सही होता

जब हृदय सही होता है तो व्यक्तिगत जीवन समृद्ध होताहै जब व्यक्तिगत जीवन समृद्ध होता है,तो घरेलू जीवन व्यवस्थित होता है जब घरेलू जीवन व्यवस्थित होता है तो राष्ट्रीय जीवन व्यवस्थित होता है जब राष्ट्रीय जीवन व्यवस्थित होता है तो पूरा संसार शांतिमय हो जाता हैं - **हेमा पांडेय**

होता हूँ ये सोचकर

होता हूँ ये सोचकर,कभी-कभी मैं दंग। लाया था क्या साथ जो,ले जाऊँगा संग। ले जाऊँगा संग, बता मन पगले मुझको। बैठा है जो आज, स्वार्थ ये घेरे तुझको। कह 'रमेश'कविराय,व्यर्थ में क्यों है रोता, होना होता देख , यहाँ जो होना होता।

- **रमेश शर्मा वशिष्ट**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती

ऐ परिंदे जा जाकर पिंजरे में खुद को

ऐ परिंदे जा जाकर पिंजरे में खुद को बंद कर ले। खुली हवा जहरीली हो चली है। हर तरफ धूंआ ही धूंआ है कोहरे का भरम मत पाल।जलाशय मृग मरीचिका हो चले हैं पानी तक विशाक्त हो चला है नीलकंठ बनने का क्रम! कृत्रिम पंखों से जो झूठी उड़ाने भर रहे हैं अपने असली परों को तू जा-जा जल्द बचा ले! उठ जा,जा... जल्द जाकर अपने अस्तित्व की खातिर पिंजरे में बंद हो जा! आजादी की गाथा क्योंकि अब कहीं कही नहीं जाती। - **सरिता खोवाला**

मुझे ले चलो मितवा ऐसी जमीं पर बदलियां

मुझे ले चलो मितवा ऐसी जमीं पर बदलियां जहां , झूमती गुनगुनातीं। जिधर जमीं करती सितारों से बातें घाटियां वहां पर तराने सुनातीं । मुझे ले चलो.. पुरवा हवाएं , करतीं हैं आलिंगन चांदनी लेती है झरनों का चुंबन वादियां सलोनी ,लोरियां सुना के नील जुगनुओं को नींद से जगातीं। मुझे ले चलो.. पीली सरसों के खेतों पे आती चांदनी सुनहरी, आँचल लहराती घुलती हवाओं में कल कल नई सी चंदा की किरनें, लहरों पे गातीं । मुझे ले चलो... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

एक बार जंगल में एक मृत शिशु बंदर

एक बार जंगल में एक मृत शिशु बंदर को उसकी मां अपने सीने से चिपकाए इधर-उधर घूम रही थी। एक असहज स्थिति होते हुए भी, कई बार सहज भी लग रहा था। प्रेम और ममत्व का तीव्र भाव, निष्प्राण को विलग नहीं कर पा रहा था। हम भी तो निष्प्राण हो चुके प्रेम को सीने से लगाये, स्वंय निष्प्राण होने तक भटकते रहते हैं। - **शेष अमित**

दर्द सीने में मेरे यूँ ही मुसलसल

दर्द सीने में मेरे यूँ ही मुसलसल होगा आपकी दीद से यह हिज्र मुकम्मल होगा जान से जायेंगे ,तब जान में जान आयेगी यह तो होना ही है, जो आज़ नहीं कल होगा इश्क़ वालों से सहूलत का सौदा ना करो यह अज़ीयत से गुज़र कर ही तो अव्वल होगा - **अनुमित्तल इंदु**

दर्द को तो दर्द सहकर ही निखारा जाएगा

दर्द को तो दर्द सहकर ही निखारा जाएगा आंख में दरिया को फिर ऐसे उतारा जाएगा बैठ कर शब भर न गर तारे गिनें तो क्या करें हिज्र का वक्फ़ न यूँ हमसे गुज़ारा जाएगा अब तो ये इंसान के रहने के भी क़ाबिल नहीं अब ज़मीन पर चाँद को कैसे उतारा जाएगा उस परीवश की तमन्ना गर करूं, कैसे करूं किसके दामन में न जाने ये सितारा जाएगा सोचते रहना कि फिर से गुल खिलेंगे या नहीं इस तरह दौरे ख़िज़ां कैसे गुज़ारा जाएगा हों सितम कुछ और गर तो वो भी कर ही डालिये आख़िरश जां से ज़ियादा क्या हमारा जाएगा - **रूबी झा "कमल'**

मत अंधेरों से रिश्ते निभाया करो

मत अंधेरों से रिश्ते निभाया करो। कुछ चराग़ उल्फ़तों के जलाया करो । रोज़ खुद को न इतना सताया करो ।जो भी शिकवे गिले हैं मिटाया करो। साथ छोड़ेंगे तय है मुसाफ़िर कभी , दिल न इनसे यूं अपना लगाया करो। सिर्फगुज़रो नहीं बस सफ़र मान कर, लुत्फ़ भी रास्तों का उठाया करो। बोझ दिल पर हो कोई भी अच्छा नहीं, हाल ए दिल दोस्तों को सुनाया करो । नज़्म की ही तरह खूबसूरत है ये, ज़िंदगी को कभी गुनगुनाया करो। दर्द भी ढाल कर शायरी में प्रखर, लाख ग़म हों मगर मुस्कुराया करो।

- **डॉ राजेश प्रखर**

QUIZ TIME

1) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय लोकसभा अध्यक्ष की सीट के बगल में क्या रखा है?

2) सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के संदर्भ में सी आर एम का क्या अर्थ है?

3) सबसे पहले इलेक्ट्रॉन के आवेश का सफलतापूर्वक निर्धारण किसने किया था?

4) दूध का पीएच का मान कितना होता है?

5) महाराष्ट्र में पहली महिला पुलिस महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सेंगोल (2) कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (3) जेजे थॉमसन (4) 6.4 (5) रश्मि शुक्ला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी।

वृषः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई योजना बना सकते हैं।

कर्कः आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधी प्लान लेकर आ सकते हैं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर कोई मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी लक्ष्य को आसानी से पूरा करने में मदद मिलेगी।

धनुः आज का दिन आपको अपने दिनचर्या पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप कुछ सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए सुझ बुझ दिखाकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 270 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	ब
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र

सड़क निर्माण को लेकर अजय और मंत्री विजय के बीच नोक-झोंक

विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि सड़क में क्या-क्या शिकायतें मिली, किसने जांच की और उसमें क्या गलती पाई गई और किसने कार्रवाई की। जवाब में विजय शर्मा ने कहा कि यह जिला निर्माण समिति की सड़क थी। इसमें गृह विभाग से कोई लेन-देन नहीं था। लेकिन जिला निर्माण समिति, जिला स्तर पर विभाग का चयन कर लेती है। जिसमें पीएमजीएसवाई का चयन किया। इसमें शिकायत पर एसडीएम समेत 5 अधिकारियों की टीम बनाई गई और जांच कराई गई। जांच में दो निर्णय दिए गए, जो ठेकेदार हैं उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अधिकारी जिन्होंने इस कार्य को आगे बढ़ाया था उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

अजय चंद्राकर–क्या शिकायतें पाई गई। उसमें किसके द्वारा जांच की गई और क्या कार्रवाई की गई।

विजय शर्मा – मैंने बताया

अजय चंद्राकर – लेकिन कार्रवाई क्या की गई ? अभी आपने कहा कि भुगतान ज्यादा नहीं हुआ। फिर जांच समिति किस बात का पैसा वसूल रही।

विजय शर्मा – मैंने बताया जो एमबी में लिखा था, उसके आधार पर भुगतान हुआ।

चंद्राकर बोले – भ्रष्टाचार को छिपा रहे हैं आप। सदन में जोरदार हंगामा विपक्ष के हंगामे के बाद मंत्री ने की मामले में जांच की घोषणा।

हंगामे के दौरान विजय शर्मा बोले– एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया जाएगा। एसडीओ को सस्पेंड किया जाएगा। सब इंजीनियर सस्पेंड हो चुका है। एफआईआर का आदेश हो चुका है। संरक्षण वाली कोई बात नहीं है मैं आपको बताना चाहता हूं।

कांग्रेसियों पर तंज कसते हुए अजय चंद्राकर बोले– अभी बहुत खड़े हो रहे थे। आपको बताता हूं कि ठेकेदार जिला कांग्रेस अध्यक्ष है, ये आपका कारनामा है। क्या उस ठेकेदार के पूरे काम की जांच कराई जाएगी?

विजय शर्मा – निसंदेह जांच कराई जाएगी। उस जिले में किए जाने वाले और अन्य जिले में किए गए काम की भी जांच कराई जाएगी। विधायक अजय चंद्राकर ने जांच की घोषणा पर दिया धन्यवाद। आसंदी ने कहा- धन्यवाद भी धीरे से देना चाहिए। वहीं विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर डॉ रमन सिंह का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। जिस पर सदन के सदस्यों ने उन्हें

पर्यावरण प्रदूषण पर स्थगन प्रस्ताव

शून्यकाल में पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा उठा जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने खनन और परिवहन में पर्यावरण प्रदूषण पर स्थगन प्रस्ताव दिया। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने भी तालाब पाटने के मामले में स्थगन प्रस्ताव दिया। इसके अलावा बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने अवैध रेत खनन, कांग्रेस विधायक अनिला भेड़िया ने अवैध परिवहन में होने वाले हादसों और कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने अवैध रेत परिवहन से स्कूली बच्चों को होने वाली समस्याओं पर स्थगन प्रस्ताव दिया।

विपक्ष का बर्हिगमन, महंत-बोले संविधान के विपरीत

छत्तीसगढ़ नगर पालिका संशोधन विधेयक गुरुवार को विधानसभा से पास हो गया। निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण अधिकतम 50 प्रतिशत का नियम लागू। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा- हम संविधान के विपरीत विधेयक पारित होने नहीं देंगे। हम सदन में विधेयक पेश होते समय मौजूद नहीं रहेंगे। आसंदी ने विधेयक के पेश होने और पारित होने की अनुमति दी। लेकिन इसी बीच विपक्ष ने विधेयक के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

805 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 805 करोड़ रुपए से अधिक का अनुपूरक बजट पेश किया था, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। उल्लेखनीय है कि, मंगलवार 17 दिसंबर को विधानसभा में 805 करोड़, 71 लाख, 74 हजार, 286 रुपए का अनुपूरक बजट विभिन्न मदों के लिए पेश किया था। उस पर लंबी चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ द्वितीय अनुपूरक बजट।

इसमें सबका साथ सबका विकास नहीं दिख रहा: डॉ. महंत

इससे पहले विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बजट का विरोध करते हुए कहा था कि इसमें सबका साथ सबका विकास नहीं दिख रहा है। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पैसा नहीं दिया, क्योंकि उसमें प्रधानमंत्री का नाम था।

सदन की कार्रवाई में वर्तमान पूर्व सहित 5 विधानसभा अध्यक्ष रहे मौजूद

अनुपूरक बजट के दौरान वित्तमंत्री ओपी चौधरी जवाब दे रहे थे उस समय सदन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पांच अध्यक्ष एक साथ मौजूद थे। अध्यक्षीय आसंदी से डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी संभल के जवाब दीजिए आज सदन में पूर्व अध्यक्षय भी मौजूद है। उस समय सदन में द्वितीय विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, तृतीय विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, चतुर्थ विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पंचम विधानसभा के अध्यक्ष रहे डॉ. चरणदास महंत और वर्तमान अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक साथ सदन की कार्रवाई में उपस्थित थे।

बजट पर चर्चा में नक्सल घटना का उठा मुद्दा

वहीं गुरुवार को सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले नक्सल घटनाओं का मुद्दा उठा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 1 जुलाई 2024 से नवंबर 2024 तक नक्सली- पुलिस मुठभेड़ के संबंध में जानकारी मांगी। जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री और प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश में इस दौरान 142 नक्सली मुठभेड़ की घटना हुई। इनमें 5 जवान शहीद, 34 जवान घायल हुए हैं। इस अवधि में नक्सलियों ने 24 आम नागरिकों की हत्या की। मुठभेड़ों में 76 नक्सली मारे गए, 338 को गिरफ्तार किया गया।

सीएम विष्णुदेव साय के प्रयासों से नवा रायपुर बनेगा भविष्य का शहर

- कोड़ापार से थनौद टीला एनीकट तक नई पाईप लाईन का प्रस्ताव
- 109 करोड़ रूपए की लागत से बिछाई जाएगी 16 किमी लंबी पाइपलाइन

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से नवा रायपुर अटल नगर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला शहर बनने की तरफ अग्रसर है। राज्य के आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी ने नवा रायपुर अटल नगर को देश के आधुनिक शहरों में शुमार करने के लिए इसे भविष्य के शहर के रूप मे तैयार करने हेतु प्रयासरत हैं। इन्हीं

योजनाओं में से एक है आने वाले 25 वर्षों तक नवा रायपुर अटल नगर के लोगों को लिए निर्बाध पेयजल की सप्लाई। भविष्य में भूमिगत जल में कमी और बढ़ती जनसंख्या की मांग के अनुसार पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नवा रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए अभनपुर के पास कोड़ापार से थनौद टीला एनीकट तक एक नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह पाइप लाइन 16 किमी लंबी होगी और इसकी अनुमानित लागत लगभग 109 करोड़ रूपए होगी। नवा रायपुर अटल नगर में टीला एनीकट से पानी की सप्लाई होती है। लेकिन गर्मी के दिनों में पानी की कमी होने से एक प्राकृतिक खुली नहर के द्वारा कोड़ापार से थनौद तक पानी की आपूर्ति की जाती है।

सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज द्वारा प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु योग्यता सूची 2024 में सम्मिलित 8 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर वर्तमान पदस्थापना जिला/इकाई में आमद दिनांक से पदोन्नत किये जाने के आदेश के अनुक्रम में यातायात शाखा पुलिस

मुख्यालय में कर्तव्यस्थ पारसनाथ ध्रुव को सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप आज दिनांक 19.12.2024 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त गरिमामय कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात प्रदीप गुप्ता एवं सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात संजय शर्मा ने स्टार लगाकर पदोन्नति हेतु बधाई दी।

सरहरी बैराज मध्यम परियोजना के लिए 3.47 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड कुसमी की सरहरी बैराज मध्यम परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए तीन करोड़ 47 लाख 17 हजार रूपए स्वीकृत किए है। सर्वेक्षण कार्य कराने के लिए मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के सर्वेक्षण कार्य को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

आज उद्योग मंत्री देवांगन कोरबा जिले के दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शुक्रवार 20 दिसंबर को शाम 6.30 बजे रायपुर के शंकर नगर स्थित निवास से कार द्वारा रवाना होकर रात 8.30 बजे ग्राम कोहड़िया चारपारा जिला कोरबा पहुंचेंगे, तत्पश्चात् रात्रि विश्राम करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए अनूठी पहल

रेडियो जॉकी की नौकरी छोड़ साइकिल से निकल पड़े संपूर्ण शुक्ला

- यूपी से निकले और नाप दी 19 हजार किमी की दूरी
- बिलासपुर में सफर के पड़ाव पर बताई खुद की कहानी
- कहा-मेरा भले ही छोटा कदम है, कम से लोगों का ध्यान पर्यावरण के प्रति आकर्षित करेगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कहते हैं कि जब जागो, तब सबेरा। कुछ ऐसी ही कहानी यूपी के संपूर्ण शुक्ला की है, जिन्होंने रेडियो जॉकी की नौकरी अचानक इसलिए छोड़ दी, क्योंकि उन्हें लगा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। फिर क्या था, वे साइकिल से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने निकल पड़े। उन्होंने अब तक 19 हजार 235 किमी का सफर पूरा कर लिया है। इनके सफर के पड़ाव में छत्तीसगढ़ का बिलासपुर भी आया, जहां उन्होंने मीडिया से अपने उद्देश्यों के बारे में बताया। जिसे सुनकर सभी ने उनके हौसले की प्रशंसा की।

समाज में सकारात्मक बदलाव करना भी उद्देश्य

जल संरक्षण और ह्यूमैनिटी के मैसेज के साथ, संपूर्ण शुक्ला देशभर में लोगों से मिल रहे हैं। वह पानी के महत्व और मानवता के प्रति संवेदनशीलता के महत्व को समझाते हुए, समाज में पॉजिटिव बदलाव की पहल कर रहे हैं।

12 ज्योतिर्लिंग और 4 धामों का दर्शन भी किए

बीते एक साल में संपूर्ण शुक्ला ने साइकिल से 28 राज्यों में 19,235 किलोमीटर की दूरी तय की। इस यात्रा में 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धामों का दर्शन भी शामिल है। हर राज्य में वह स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं।

अब तक 28 राज्यों में साइकिल चलाकर पहुंच चुके हैं

उन्होंने बताया कि वे अब तक 28 राज्यों में साइकिल से यात्रा कर चुके हैं। इसी क्रम में वे जल संरक्षण और ह्यूमैनिटी के संदेश के साथ वह छत्तीसगढ़ राज्य में यात्रा पर हैं। जहां अपने सफर के दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा साइकिल को अपने सफर का जरिया बनाया, ताकि यह एक प्रतीकात्मक संदेश दे सके। उनकी इस यात्रा का मकसद लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और जीवन को समझाना है।

इस यात्रा के दौरान अपने अनुभव पर लिखेंगे किताब

संपूर्ण शुक्ला ने बताया कि जब उनकी यह यात्रा उत्तर प्रदेश में समाप्त होगी, तब वह इस अनुभव पर एक किताब लिखेंगे। यह किताब पर्यावरण संरक्षण, मानवीय कहानियों और यात्रा के दौरान सीखे गए पाठों को दुनिया के सामने लाएगी। संपूर्ण शुक्ला की यह प्रेरणादायक यात्रा न केवल पर्यावरण बचाने की दिशा में एक प्रयास है, बल्कि यह मानवता और समाज के प्रति उनके गहरे समर्पण को भी दर्शाती है। उनकी साइकिल यात्रा हर व्यक्ति को सोचने पर मजबूर करती है कि छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

नई शिक्षा नीति... राज्यपाल और कुलाध्यक्ष रमेन डेका ने ली निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक

नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दें विश्वविद्यालय: राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल और कुलाध्यक्ष रमेन डेका ने सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक लेकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन व अन्य कार्यों की समीक्षा की। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों के अनुरूप कार्य संचालन के निर्देश दिये। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमेन बृजेश मिश्र, राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम और सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

बैठक में राज्यपाल डेका ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों की शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। इन विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाईडलाइन और शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। विश्वविद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, उनको व्यवसाय का संस्थान न बनाये। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों के लिए लागू विनियमन को उन्हें मानना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालयों के लिए विनियामक आयोग का गठन बहुत अच्छी पहल है। राज्यपाल ने कहा कि रायपुर एजुकेशन हब के रूप में विकसित हो सकता है जिसके लिए सभी का प्रयास जरूरी है।

डेका ने कहा कि विद्यार्थियों के हित में अकादमिक कैलेण्डर का पालन करें। उन्होंने नियमित शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों के अनुरूप पात्र शिक्षकों को ही पी.एच.डी. के लिए गाइड नियुक्त करने संबंधी निर्देष दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मापदंडों का पालन नहीं करने वाले, विश्वविद्यालय पीएचडी नहीं करा पायेंगे। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों से अब तक जितनी पी.एच.डी. डिग्री दी गई है उसकी जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, स्थानीय व लघु उद्योगों से समन्वय कर विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए कार्य करें। विद्यार्थी, विनिमय कार्यक्रम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि शिक्षकों का रिफ्रेशर कोर्स एवं प्रशिक्षण कराये, जिससे वे अपने विषयों में अपडेट रहें ताकि विद्यार्थी भी अध्ययन के प्रति आकर्षित हो और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। साथ ही उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ एम.ओ.यू. करें। लाइवलीहुड के लिए भी विश्वविद्यालय नवाचार करें। राज्यपाल ने कहा कि बैठक में जो निर्णय होते हैं उनका पालन अनिवार्य रूप से करें और अगली बैठक में प्रतिवेदन लेकर आये। उन्होंने हर तीन माह में समीक्षा करने की बात कहीं। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना ने कहा कि नई शिक्षा नीति को सही तरीके से लागू करने की जरूरत है। विद्यार्थियों को दिये जाने वाली डिग्री एवं अन्य दस्तावेजों को डिजिटल रूप से भी अपलोड करें। अनुसंधान में नये विषयों में शामिल करें जिससे विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ की कल्पना को साकार किया जा सकें।

चोरह्मपड़ाव में घटित भीषण सड़क दुर्घटना में घटनास्थल का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। चौरहापड़ाव थाना हौण्डी जिला बालोद में कार (जायली) एवं ट्रक वाहन में हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 07 व्यक्तियों को मृत्यु एवं 06 व्यक्ति घायल हुए थे, पटना की गंभीरता के आलोक में आज दिनांक 17.12.2024 को श्री संजय शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक यात्तापात/संयुक्त परिवहन आयुक्त/अध्यक्ष अतर्विभागीय लीड़ एजेंसी सड़क सुरक्षा पु.मु.नया रायपुर (छ.ग.) के नेतृत्व में संयुक्त टीम (एनएचआई/ लो.नि.वि./ पुलिस/ परिवहन विभाग के द्वारा घटना स्थल का वारीकी से निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण का मुख्य उ?द्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों का जानना एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाना है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल में निम्नानुसार अभियांत्रिक खामी परिलक्षित पाई है, चोरहापड़ाव दुर्घटनास्थल में ट्रैफिक्र कमिंग उपाय सेंटर लाईन, एज लाईन अच्छी तरह से दिखाई नहीं देने से नया मार्किंग करने, रिफ्लेक्टिव स्टूटस लगवाने, घटनास्थल के आस-पास ÷दुर्घटना जन्य क्षेत्र कृषषा धीरे चले÷ का संकेतक बोर्ड लगवाने, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंबल स्ट्रीप लगवाने, एवं रोड़ सोल्डर 04 इच नीचे दब जाने से सोल्डर के सुधार करने हेतु ली.नि.दि को निर्देश दिया गया है।

न्यूज गैलरी

22 दिसंबर को मावा मोदोल निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन गूगल लिंक जारी

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के अथक प्रयास और ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के परिश्रम से कांकेर जिले में संचालित मावा मोदोल योजना अपनी रफ़्तार पकड़ता दिख रहा है। ज़िला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि 22 दिसम्बर 2024 दिन रविवार परीक्षा स्थल पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय भानुप्रतापपुर मावा मोदोल कोचिंग सेन्टर (विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगा हुआ) भानुप्रतापपुर समय : दोपहर 12 बजे ऐसे छात्र जो मावा मोदोल योजना के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान में प्रवेश नहीं ले पाये हैं उन्हें द्वितीय अवसर प्रदान किया जा रहा है इसमें निम्नलिखित छात्र सम्मिलित हो सकते है - ऐसे छात्र जिन्होंने पूर्व में प्रवेश परीक्षा में भाग नहीं लिया है वह छात्र -छात्र का किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है।ऐसे छात्र जो पुर्व में प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए किन्तु 200 से अधिक रैंक प्राप्त किये और उनका चयन कोचिंग हेतु नहीं हो पाया ।विकासखंड अंतागढ भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल कोयलीबेडा , पखांजुर क्षेत्र के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

दो दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र एवं व्हील चेयर

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के दों दिव्यांगजनों को समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र एवं व्हील चेयर प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि भानुप्रतापपुर विकाससखण्ड के मुल्ला ग्राम पंचायत पिच्चेकट्टा निवासी श्रीमती हिरईबाई कोला को श्रवण यंत्र और श्री गोविन्द राम देवांगन को व्हील चेयर प्रदाय की गई। इस पर गोविन्द राम देवांगन ने बताया कि मेरी पत्नी की उम्र 64 वर्ष है और वह चल फिर नहीं सकती। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा से प्रार्थी द्वारा अस्पताली मेमो पेश किया कि एम्स अस्पताल टाटीबंध रायपुर में उपचार हेतु भर्ती मरीज सिर दर्द एवं बुखार के कारण उपचार कराने के लिये भर्ती हुआ उपचार के दौरान पता चला कि पीड़िता मरीज की उम्र 17 वर्ष है, तथा उक्त मरीज गर्भवती है, कि सूचना पर थाना आमानाका, जिला रायपुर में धारा सदर का अपराध शून्य में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । घटनास्थल थाना चारामा अंतर्गत होने पर मामले की अग्रिम विवेचना हेतु प्रकरण की डायरी थाना चारामा को प्राप्त हुई। जिसकी असल नंबरी दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामला नाबालिग से संबधित होने से मामले की गंभीरता के देखते हुए वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेला (भा.पु.से.)के निर्देशन में, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करने का प्रयास करना प्रारम्भ किया गया।प्रकरण में विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी छबीराम देवांगन के द्वारा पीड़िता को अपने घर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग जानते हुए भी उसकी इच्छा के विरूद्ध दुष्कर्म बनाया था।

कांकेर नगर पालिका के 21 वार्डो का हुआ आरक्षण

अध्यक्ष के दावेदारों में भाजपा की लंबी सूची, तो कांग्रेस जमीन से जुड़े प्रत्याशी की तलाश में ...

■ **दिग्गज दावेदारों की जोड़तोड़ की राजनीति शुरू**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में नगरीय निकायों के लिए आरक्षण प्रक्रिया गुरुवार को दोपहर दो बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। दोपहर बाद से ही जिले भर के नगर पालिका और नगर पंचायत के आरक्षण को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों की निगाहे टिकी हुई थी। दोपहर बाद जैसे ही कांकेर नगर पालिका परिषद के आरक्षण प्रकिया शुरू होते ही कांकेर पालिका के सबसे हाईटेक सीट पर नजरे टिकी हुई थी। कांकेर नगर पालिका परिषद के सबसे हाईटेक सीट की बात करे तो महादेव वार्ड संजय नगर जवाहर वार्ड शीतला पारा वार्ड भंडारी पारा वार्ड राजापारा वार्ड उदय नगर वार्ड थी।जो सामान्य मुक्त और महिला होने से दावेदारो की बांछे खिल उठी मानो आज से चुनावी बिगुल बज गया है।

कांकेर नगर पालिका कद्वके 21 वार्डों के अलावा, भानुप्रतापपुर, चारामा, पखांजूर और अंतागढ़ नगर पंचायत के 15-15 वार्डों के लिए आरक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया था।

दिग्गजों का दांव.....

नगर पालिका और नगर पंचायत चुनाव के आरक्षण के बाद इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प माना जा रहा है। क्योंकि जो वार्ड सामान्य मुक्त हुआ है वहां से वर्तमान पार्षद अपनी दावेदारी सुनिश्चित मान रहे है। इधर सामान्य महिला सीट पर वर्तमान पार्षद अपनी अपनी पत्नी या फिर परिवार के महिला सदस्यों को मैदान में उतारने पूरी तरह डटे हुए है।

महादेव वार्ड से वर्तमान पार्षद मोनू शादाब खान दावेदार है तो कांग्रेस की टिकट पर पूर्व पार्षद मतीन खान भी तैयारी में जुटे हुए हैं आगे और दावेदार होने से इंकार नही किया जा सकता है।आरक्षण के बाद की स्थिति को देखते हुए शीतलापारा वार्ड से वर्तमान पालिका उपाध्यक्ष मकबूल खान महिला होने से अपनी पत्नी को मैदान में उतार सकते हैं।और पालिका उपाध्यक्ष मकबूल खान भी महादेव वार्ड से अपनी दावेदारी ठोक सकते हैं। कांकेर नगर पालिका की सबसे हाई प्रोफाइल सीट संजय नगर वार्ड सामान्य मुक्त होने से लगातार चार बार के पार्षद रहे यासिन करानी की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।वही सत्तारूह पार्टी की बात करे तो संजय नगर से भाजपा के प्रबल दावेदारो में भाजपा के नेता सलीम मेमन की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।इस बार का चुनाव दिग्गजों के लिए एक चुनौती से कम नहीं होगा!

जवाहर वार्ड में सामान्य मुक्त महिला होने से दो बार के भाजपा पार्षद और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष रहे जयंत अट्टभैया के लिए मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।इस वार्ड से दो बार के पार्षद रहे जयंत अट्टभैया की अगली रणनीति को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया है।

बता दें कि नगर पालिका और नगर पंचायत आरक्षण के बाद अब सबकी नजरें अध्यक्ष पर टिकी हुई हैं। वैसे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा की बात करे तो भाजपा में दावेदारों की लंबी सूची तैयार है। भाजपा की ओर से सबसे मजबूत दावेदारों की बात करे तो जवाहर वार्ड के युवा दो बार पार्षद/नेता प्रतिपक्ष जयंत अट्टभैया भाजपा ज़िला महामंत्री दिलीप जायसवाल पूर्व भाजपा प्रत्याशी अरुण कौशिक की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है।

शहर में चर्चा यह भी है कि भाजपा किसी नए चेहरे को मैदान में उतारती है तो जीत हासिल होने की संभावना है। लेकिन पुनः हारे प्रत्याशी को या पैराशूट प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी तो जीत की संभावना बेहद कम मानी जा रही है इस स्थिति में केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण पर भाजपा संगठन की नजरें हो सकती है। कांग्रेस के दावेदारों की बात करे तो सामान्य या ओबीसी सीट होने से एक दो नाम सामने आ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की टिकट पर अभी संग्राम होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। क्योंकि नगर पालिका परिषद में वर्तमान कांग्रेस सरकार के रहते शहर का विकाश बिलकुल जीरो पर रहा है।इस स्थिति के बीच पालिका अध्यक्ष के लिए कांग्रेस पार्टी सोच विचार कर अपना प्रत्याशी उतारने जैसी बाते चल रही है।

कांकेर नगर पालिका के 21 वार्डो में आरक्षण के बाद की स्थिति इस प्रकार है–

1 जनकपुर अजा महिला
2 सुभाष वार्ड अजा मुक्त
3 अल्बेलपरा मुक्त अजजा
4 एम जी वार्ड अजजा महिला
5 महुरबंदपरा अजजा मुक्त
6 बरदेभाठा अजजा मुक्त
7 कंकालिन पारा ओबीसी महिला
8 अघन नगर ओबीसी मुक्त
9 राजा पारा ओबीसी मुक्त
10 आमापारा ओबीसी मुक्त
11 शिवनगर मुक्त
12 भंडारी पारा मुक्त महिला
13 श्री राम नगर मुक्त
14 महादेव वार्ड मुक्त
15 शांति नगर वार्ड मुक्त
16 अन्नपूर्णा पारा मुक्त
17 उदय नगर सामान्य मुक्त
18 संजय नगर सामान्य मुक्त
19 शीतला पारा मुक्त महिला
20 जवाहर वार्ड मुक्त महिला
21 मांझा पारा वार्ड मुक्त

नाबालिग अपहृता गुजरात से बरामद

कांकेर/नवप्रदेश। 4 दिसंबर 24 को प्रार्थी द्वारा थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसक नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये कही चली गयी है जिसका आस पडोस, रिस्तेदारों में पता किया जिसका कोई पता नही चला कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र 169/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला नाबालिग बालिका के अपहरण से संबधित होने से मामले की गंभीरता के देखते हुए वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेला (भा.पु.से.)के निर्देशन में,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा (रा.पु.से.)के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में नाबालिग अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का सघन पता तलाश प्रारंभ किया गया। इस दौरान अपहृता का गुजरात में होना ज्ञात हुआ। जो पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देशन पर पुलिस टीम गुजरात रवाना किया गया था। जहाँ नाबालिक अपहृता एवं संदेही का पता तलाश कर ग्राम घटिला थाना मालिया जिला मोरबी गुजरात से नाबालिग बालिका को विजय देहदिया पिता वसना देहदिया उम्र 18 साल निवासी छोटेउती , थाना उदयगढ जिला अली राजपुर म0प्र0के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया गया। एवं संदेही को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता का लगभग 01 साल से आरोपी से सोशल मिडिया के माध्यम से परिचय हुआ था जिससे कभी कभी बातचीत होता था। कुछ दिनों बाद आरोपी बोला कि वह पीड़िता को पसंद करता एवं शादी करूंगा बोल कर अपने साथ ग्राम घटिला थाना मालिया जिला मोरबी गुजरात में ले जाकर अपने साथ रखा और पीड़िता को नाबालिग जानते हुए उसके मना करने के बावजूद भी शादी का झांसे देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया। प्राप्त साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में प्रकरण में अपराध धारा 64,65(2)(ड), बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट जोडा गया है।विवेचना के दौरान आरोपी विजय देहदिया पिता वसना देहदिया निवासी छोटेउती , थाना उदयगढ जिला अली राजपुर म0प्र0को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर विजय देहदिया द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार करने पर 17दिसंबर 24 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है ।

लघु वनोपज प्रबंधक संघ ने वेतन मेट्रिक्स में नियमितिकरण मांग को लेकर नितिन पोटाई से मुलाकात की

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 31 जिला यूनियन, 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधकों के द्वारा संघ निरंतर कई वर्षों से छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ के नियमित सेटअप में स्वीकृत लेवल- 7, 8, 9 में नियमित कर वेतनमान दिया जावे इस संबंध में प्रबंधक संघ द्वारा बार-बार अधिकारियों तथा अपनी औचित्य पूर्ण मांगों को लेकर शासन/प्रशासन के समक्ष पत्राचार, धरना एवं हड़ताल के माध्यम से करते आ रहे है तथा किसी भी स्तर पर कोई सकारात्मक निर्णय नही लिये जाने का कारण प्रदेश के प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति प्रबंधकों में भारी रोष दिखाई दे रहा है। इसी के चलते आज कांकेर जिले के प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक एवं कार्यरत कर्मचारियों ने राज्य संघ प्रदेश प्रतिनिधि एवं जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष, नितिन पोटाई से मिलकर अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा किये एवं सभी मांगों को लेकर एक पत्र सौंपा गया।

प्राथमिक वनोपज संघ के प्रबंधक शिवकुमार दर्रो ने कहा कि लघु वनोपज समिति में प्रदेश भर में 902 प्रबंधक कार्यरत है जो कि 36-37 वर्षों से जमीनी स्तर पर कार्य कर रहें है प्रबंधकों द्वारा बार-बार अपने आदेश को लेकर अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई जो कि आज तक लंबित है। समस्त प्रबंधकों का एक ही मांग है कि वेतन मेट्रिक्स में नियमीतीकरण किया जावें। श्री पोटाई ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को अश्वासन देते हुए कहा कि वे जिले के सभी प्राथमिक लघु वनोपज के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आमसभा में प्रबंधकों की मागों को छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ की बैठक में रखेगें तथा छ.ग. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के प्रबंध संचालक से भी मुलाकात कर इनकी समस्याओं के निराकरण पर चर्चा भी करेंगे।

प्रयास विद्यालय की छात्रा के छत से गिरने के मामले में आया नया मोड़

छात्रा के सुसाइड नोट में तीन नाबालिग पर मानसिक रूप से प्रताड़ना का आरोप

■ **तीनों नाबालिग गिरफ्तार**

प्रयास आवासीय विद्यालय की छत से गिरी छात्रा गंभीर, हायर सेंटर रेफर

कांकेर/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिका की छत से गिरने के मामले में एक नया मोड सामने आया है। इस मामले में तीन नाबालिग को मानसिक रूप से प्रताड़ना के मामले में गिरफ़्तार किया गया है।मामले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना कांकेर के मर्ग क्रमाक 144/24 धारा 194 बीएनएसएस के प्रकरण की मृतिका कुमारी करिश्मा ठलाल की छत से गिरने से गंभीर चोट आने पर उसे इलाज हेतु वी वाय हास्पिटल, रायपुर में भर्ती कराया गया था। जिनका इलाज के दौरान मौत हो जाने पर अस्पताली मेमो पर से थाना मुजगहन जिला रायपुर मे मर्ग क्रमाक 00/24 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर मृतिका के शव का पीएम कार्यवाही की गई। घटना स्थल प्रयास आवासीय विद्यालय ईमलीपारा,कांकेर होने से अग्रिम जांच हेतु प्रकरण की डायरी थाना कांकेर को प्राप्त हुआ। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये माननीय जिला दण्डाधिकारी कांकेर के द्धारा पूर्व में गठित जांच कमेटी द्धारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कांकेर से प्राप्त हुआ।जांच रिपोर्ट में संलग्न मृतिका करिश्मा ठलाल के नोटबुक में लिखा सुसाइड नोट एवं अन्य साक्ष्य में विधि से संघर्षरत बालिकाओ ए,बी,सी के द्धारा मृतिका को मानसिक रूप से प्रताडित करना पाया गया था।मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल प्रयास आवासीय विधालय कांकेर का वरिष्ठ अधिकारीयों एवं जाँचकर्ता अधिकारी के निरीक्षण एंव सम्पूर्ण मर्ग जांच मे मृतिका की मौत आवासीय विद्यालय मे अध्ययनरत विधि से संघर्षरत बालिकाओ ए ,बी,सी के द्धारा कुछ बातो को लेकर आपसी मनमुटाव होने एवं उक्त बालिकाओ के द्धारा मृतिका कुमारी करिश्मा ठलाल को बार -बार ताना मारने तथा झुठी अपवाह फैलाकर लगातार मानसिक रूप से प्रताडित करने से परेशान होकर आत्म हत्या करने हेतु प्रयास आवासीय विधालय ईमलीपारा कांकेर के छत से कूद गयी थी।जिससे मृतिका को गंभीर चोट आई जिसका ईलाज के दौरान दिनॉक 09.12.24 को वी वाय अस्पताल मे मृत्यु हो गई ।

रामू नेताम ने जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्य पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले में हुए सामूहिक विवाह में क्षेत्र युवक युवतियों का सरकार द्वारा करवाया जा रहा ।और जिला प्रशासन इस शुभ आयोजन को पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता से कर रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह पर प्रश्न उठा कर कांग्रेस की जिला पंचायत अध्यक्ष की ओछी राजनीति कर रही है। यह आरोप जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। रामू नेताम ने कहा कि इस आयोजन में सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में पैसे डाल रही है तो इसमें भ्रष्टाचार आरोप ही हास्यापद है। रामू नेताम ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा इस मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के निम्न स्तरीय सामग्री प्रदान की जाती थी चूंकि बीजेपी सरकार का भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है इसलिए इस बार जिला पंचायत अध्यक्ष को सामग्री सप्लाई का अवसर नहीं मिला जिससे नाराज होकर ,वह अधिकारियों पर अनर्गल आरोप लगा रहीं हैं। रामू नेताम नेताम ने कहा जिस टेंडर प्रक्रिया का हवाला जिला पंचायत अध्यक्ष दें रहीं है ,कांग्रेस सरकार में वही सबसे बड़ा भ्रष्टाचार था । चूंकि बीजेपी सरकार ने डीबीटी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार पर रोक लगा दी इसलिए कांग्रेस नेत्री बौखलाई हुई हैं ।

प्रथम पेज का शेष

प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक ...

क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोडने़ की योजना पर भी काम जारी है। हमारे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें, और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाडि़यां और एशिया का नियाग्रा ़कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से निवेश का माहौल भी बेहतर होगा।

साय ने कहा हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अगले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ को विमानन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नया साल आने वाला है, और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस नई विमान सेवा का लाभ उठाएं और सरगुजा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें। फ्लाई बिग चार्टर कंपनी 19-सीटर ट्विन औटर विमानों के माध्यम से इन शहरों के लिए सेवाएं देगी।

माननीयों का संसद में मल्ल...

अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र में कहा। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा सांसदों ने धक्का दिया, मैं अपना संतुलन खो बैठा और मकर द्वार के सामने जमीन पर बैठने के लिए मजबूर हो गया। खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष से भाजपा सांसदों द्वारा उन्हें धक्का दिए जाने के मामले की जांच का आदेश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह न केवल उन पर, बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला था।

बाद में दोनों घायल सांसदों को यहां डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। पता चला है कि राजपूत को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस धक्कामुक्की में दो नेता घायल हुए हैं। 4-5 अन्य सांसदों ने इस बारे में शिकायत की है...सभी सांसदों को विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने (राहुल गांधी) शारीरिक हिंसा की और वे सारंगी जी की हालत देखने भी नहीं गए। उन्होंने (कांग्रेस ने) हमेशा बीआर अंबेडकर के साथ अन्याय किया है। उन्होंने हमेशा उनका अपमान किया है। हम अस्पताल से रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

शीतकालीन सत्र के तीसरे ...

के बाद असंतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर नोंकझोंक देखने को मिली। मंत्री विजय शर्मा के जवाब से असंतुष्ट विधायक और विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

राजेश मूणत ने हमर क्लीनिक निर्माण राशि का मुद्दा उठाया

राजेश मूणत ने कहा कि भवन की जगह सिर्फ एलिवेशन बना दिए। पूर्व सरकार ने सिर्फ नाम चमकाने के लिए काम किया। पूरे प्रदेश के हमर क्लीनिक में कोई सेटअप नहीं, दवाओं की भी उपलब्धता नहीं। जिस पर मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अधूरे कामों की जांच कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि, अनियमितता की भी जांच कराई जाएगी। बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने हमर क्लीनिक निर्माण के लिए खर्च राशि का मुद्दा उठाया। बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने हमर क्लीनिक निर्माण के लिए खर्च राशि का मुद्दा उठाया।

सदन में उठा घुसपैठियों पर कार्रवाई का मुद्दा

विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने घुसपैठियों पर कार्रवाई का मामला उठाया। उन्होंने कहा, प्रश्न लगने के बाद यह नींद से जागे हैं। इस मामले में आरटीआई लगाई गई है, जिसमें रोहिंग्या नाम का शब्द नहीं है। इस पर विभाग ने उत्तर दिया कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, चुनाव के समय रोहिंग्या और घुसपैठिए की बात होती है। अब सत्ता में आ गए हैं तो एक साल तक कान में तेल डालकर सोए हैं। **ष्मान आरोग्य मंदिर का नाम ...**

आरोग्य मंदिर को पिछली सरकार ने हमर क्लीनिक नाम दे दिया। हमर क्लीनिक में पांच प्रकार के मानव संसाधन होते हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संचालित होते हैं। कई अस्पतालों का निर्माण अधूरा है। इसके लिए राशि लेने भारत सरकार को पत्र लिखा गया है।

मंत्री जी को फायर ऑडिट की ...

ध्यानाकर्षण के बाद इस काम को जरूर किया जाएगा। धर्मजीत सिंह के सवालों का स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और गृहमंत्री विजय शर्मा ने दिया जवाब।

रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व गति ...

के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई तकनीकें आने वाले समय में हर क्षेत्र में बड़ा प्रभाव डालेंगी। उनका कहना था कि भारत अभी इस तकनीकी विकास के शुरुआती चरण में है, लेकिन हमारा लक्ष्य इन तकनीकों पर काबू पाना है, ताकि भविष्य में इन्हें लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

उन्होंने कहा, पहले भारत आधुनिक हथियारों और तकनीकी मामलों में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के रास्ते पर भारत ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं।

तकनीकी क्षमताओं का ...

है, जिन्हें पहले वह आयात करता था, और यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। रक्षा मंत्री ने आईआईटी और डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) के योगदान की सराहना की और कहा कि भविष्य में उद्योग, अनुसंधान संगठनों और अकादमिक संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग जरूरी है। साथ ही यह विश्वास भी जताया कि भारत जल्दी ही वैश्विक मंच पर तकनीकी दृष्टि से एक मजबूत स्थिति हासिल करेगा।

उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ ...

स्थापित संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

छत्तीसगढ़ रामायणकालीन अयोध्या की महारानी और श्रीराम की माता कौशल्या का मायका था। श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय इसी क्षेत्र में व्यतीत किया था। यहां माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी, लवकुश की जन्मस्थली तुरतुरिया और शबरी का आश्रम शिवरीनारायण होने की मान्यता जन-जन में आज भी जीवंत है। एमओयू के दौरान उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग की ओर से उप संचालक डॉ.पीसी पारख मौजूद रहे।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक/क्र./ /वाचक/अति-कले/2024
बिलासपुर, दिनांक 17.12.2024

श्री योगेन्द्र पाण्डेय आत्मज श्री राकेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी म.नं. 157 प्रयाग विहार उस्लापुर रेलवे स्टेशन के पास थाना सिविल लाईन तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी मंजूषा टोप्पो आत्मजा श्री अंथ्रेस टोप्पो उम्र 36 वर्ष निवासी 40 ख वा.क्र.-01 भगवानपुर महिन्द्रा शो रुम के पीछे अम्बिकापुर थाना गांधीनगर तहसील व जिला-अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 27.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

सील

आर.ए. कुरुवंशी
विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202412140400014/
अ-6/2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा ठाकुर पति स्व.भोला सिंह निवासी जवाहर वार्ड कांकेर तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला संजय नगर कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 5बी, प्लाट नं. 8/1 में से क्षेत्रफल 525 व.फु. मकान भू भाटक 788.00 रु. भोला सिंह पिता रामेश्वर, संतोष, अनामिका, कुसुमलता पि. मदन, पिंकू राजपूत, ज्योति पिता दिलीप, कमला पि. रामेश्वर क्षत्रीय नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार भोला सिंह पिता रामेश्वर की मृत्यु दिनांक 08.01.2014 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने तथा शेष पट्टेदार का नाम यथावत रखे जाने मेन्टमेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, तलवाना के साथ छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में महिला बाल विकास विभाग का भ्रष्टाचार : तुलिका कर्मा

■ **बिना टेंडर निविदा निकाले करोड़ो की खरीदी कर चहिते ठेकेदार को फायदा पहुँचाया गया है**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सत्ता में आते ही भाजपा सरकार ने कमिशनखोरी और भ्रष्टाचार के कामो में अपनी उगाही चालू कर दी है । वन मन्दिर में भ्रष्टाचार का मामला अभी शान्त भी नही हुआ है कि ताज़ा मामले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में नई किस्से सुनाई आ रहे है महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नागेश द्वारा बिना टेंडर निकाले अपने चहेते को फायदा पहुँचाने कोटेशन के माध्यम से खरीदी करवाया जा रहा है । यह साफनजर आ रहा है कि यहाँ भाजपा के शासनकाल में कमीशनखोरी का खेल जारी है और अपने चहिते ठेकेदार को पहुँचाने के लिए अधिकारी और नेताओं द्वारा यह सब कृत्य किया जा रहा है ।

जिला प्रशासन द्वारा कल आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन में जहाँ इतने वर्षों से टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से खरीदी की जा रही थी इस बार महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नागेश द्वारा नियमो को ताक में रखकर जनता के पैसों को जिले के समस्त परियोजनाओं में पैसे भेज कर कोटेशन के माध्यम से खरीदी की जा रही है जबकि राज्य एवं केंद्र शासन का सख्ती से आदेश है कि किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाएँ चाहे हो जनपद हो या ग्राम पंचायत हो या फिर किसी भी विभागीय मद का उपयोग टेंडर

एवं जेम पोटेल के माध्यम से किया जाना है तो फिर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नागेश को किसके आदेश पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के कार्यक्रम की राशि परियोजनाओं में कोटेशन के माध्यम से खरीदी करने को कहा गया है यह तो साफ साफ दर्शाता है कि यह नियम विरुद्ध कार्य सिर्फकिसी चहेते को फायदा पहुचाने के लिए जा रहा है । इस पूरे मामले को उजागर करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा शासन में आई है पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का खेल जारी है कभी वन विभाग द्वारा वन मन्दिर के नाम पर घोटाले किये जा रहे है तो कभी अस्पताल में भी बिना टेंडर के करोड़ो का खरीदी की जा चुकी है जिसके बाद अब महिला बाल विकास में भी भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है तुलिका ने आगे कहा कि भाजपा सिर्फ जनता के पैसों का लूट मचा रही है और अपने नेताओं - अधिकारियों की जेबें गर्म करने में लगी हुई है । जिले में एक भी जनहित का कार्य नही हो रहा है बल्कि इसके उलट जो भी कार्य प्रशासन द्वारा स्वीकृत किये जा रहे है उनपे हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि कैसे अधिक से अधिक भ्रष्टाचार कर पैसों को गबन किया जाए ।

जयस्तंभ चौक में मनाया गया विजय दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश । अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के विजय दिवस की याद में जयस्तंभ चौक राजनांदगांव में विजय दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई एवं कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री खूबचंद पारख, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार झा, 1971 भारत-पाक युद्ध में शामिल सेना के जवान सर्व श्री गुरमित सिंह भाटिया, बसंत राउटे, गुमान सिंह, उमेश कुमार, पीयूष कुमार, संतोष कुमार, अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, बीएल सिन्हा, उमा सिंह गणपत, ईश्वरलाल, संजय कुमार, जनक लाल सहित अन्य सैनिक व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

ग्राम बरसनटोला में निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

डोंगरगांव। डोंगरगांव जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरसनटोला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन चंद्रिका रोहित सोनकर सभापति जनपद पंचायत डोंगरगांव द्वारा किया गया जिसमें सार्वजनिक मंच के सामने कंक्रीटीकरण दो लाख चौदह हजार,गली कंक्रीटीकरण सोनकर पारा एक लाख, सीसी रोड़ निर्माण शीतला पहुंच मार्ग एक लाख,नाली निर्माण पंचायत से डाबरी तक भूमिपूजन के अवसर पर जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर,सरपंच मनीषा गंधर्व, उपसरपंच युगल सोनकर, पंच रेखा साहू, सेवती निषाद, प्यारे सोनकर पंच ,रवि सोनकर, मीणा नेताम, हेमलाल साहू, देवसिंह, धरम निषाद,कुंती बाई, श्यामकुवर, मनीषा, गीता बाई, रेखा बाई, धर्मिन निषाद, सहित ग्रामीण मौजूद रहे उक्त अवसर पर ग्रामीणों ने सभापति का धन्यवाद ज्ञापित किया।

महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

रायपुर। संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिक उत्सव 'धरोहरः एक विरासत' और आनंद मेला गुरुवार, 19 दिसंबर को चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में होगा। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, परंपरा, तीज- त्योहार के साथ फ्यूजन से संबंधित एक से एक प्रस्तुतियां होंगी। स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद, समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यवसायी रोहित काले होंगे। बच्चों के लिए जिनका संबोधन प्रेरक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे। स्कूल के सह प्रभारी नवीन देशमुख ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का वार्षिकोत्सव चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित किया गया है। इसकी अंतिम चरण की तैयारियां स्कूल और महाराष्ट्र मंडल प्रबंधन ने पूरी कर रही है। वार्षिकोत्सव के साथ महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ आनंद मेला भी लगाया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़िया, दक्षिण भारतीय से लेकर चायनीज आयटम तक स्कूली बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे।

सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को मिली सायकल

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय शिवलाल मेहता हायर सेकंडरी स्कूल भाटापारा मे निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी कि 56 छात्राओं क़ो साइकिल का वितरण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, उपाध्यक्ष सुशील वर्मा संस्था के प्राचार्य कृष्ण लाल वर्मा व समिति के सदस्य जीतेन्द्र ठाकुर, नारायण ध्रुव, सियाराम साहू , जयश्री महाराजी, मधु सोनी, आइशा खान विधायाक प्रतिनिधि ईश्वरी ध्रुव , सांसद प्रतिनिधि रज्जु साहू व शाला के समस्त शिक्षक व कर्मचारियों कि उपस्थिति मे संपन्न हुआ. उक्त अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने छात्राओं क़ो शाशन कि सरस्वती साइकिल योजना के महत्त्व पर प्रकाश डाला व सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी !

त्रिलोकी साहू ने संभाला मोहगांव समिति का बागडोर

साजा/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति मोहगांव में समिति के नये प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में त्रिलोकी साहू को मनोनीत किया गया। मनोनयन पश्चात अध्यक्ष त्रिलोकी साहू ने सेवा सहकारी समिति मोहतरा पहुंच अपना पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने धान खरीदी केंद्र में चल रहें खरीदी कार्य का अवलोकन कर किसानों से चर्चा करते हुए शासन की योजना के सभी लाभों को किसान भाइयों को दिलाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर ग्राम आँखे राम साहू, जितेंद्र साहू, नेतराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता व किसान बंधु उपस्थित रहें।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, सांकरा में वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आगाज

सांकरा जोंक/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, सांकरा, विकासखंड पिथौरा, जिला महासमुंद में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन 19 से 20 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। उत्सव के प्रथम दिवस पर खो-खो, क्रिकेट , कुर्सी दौड़ और कबड्डी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री सतपाल सिंह छाबड़ा (पूर्व जनपद अध्यक्ष), श्री कैलाश चंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), श्री रोहताश गोयल एवं श्री मनोज बारीक की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।मुख्य अतिथि श्री सतपाल सिंह छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा, खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं बढ़ाते, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का विकास भी करते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

तहसीलदार के आदेशों की नगर पंचायत अधिकारी द्वारा उड़ाई जा रही धज्जियां

■ **तीन-तीन स्टे लगने के बाद भी नगर पंचायत अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा कुछ कार्रवाई**

■ **तहसीलदार के आदेश बना मजाक**

भटगांव /नवप्रदेश। भटगांव नगर पंचायत द्वारा निर्माणाधीन अटल बिहारी वाजपेई कंपलेक्सका निर्माण नगर पंचायत द्वारा किया गया लेकिन निर्माण की पूर्व निर्माण निर्माणाधीन भूमि का आवंटन नहीं हुआ था जिस आवंटन को लेकर नगर पंचायत द्वारा जिला कलेक्टर को आवेदन किया गया था जिसकी प्रक्रिया करते हुए भटगांव तहसीलदार के द्वारा इश्तिहार प्रकाशन कर दावा-पत्ती मांगे गए भुमि खसरा नंबर 26 26? रहा है। दावा-पत्ती के दौरान कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए जिसकी प्रक्रियाधीन है इसका निर्णय अब तक तहसील ऑफिस के द्वारा फैसला नहीं सुनाया गया लेकिन नगर पंचायत द्वारा उक्तअटल बिहारी वाजपेई परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया ।जहां शनि और रविवार की छुट्टी होने का फायदा उठाते हुएअपूर्ण परिसर के कमरों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्णता की ओर स्थिति में पहुंच गयाऔर यहां तहसीलदार के द्वारा शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया गया था इसके पूर्व भी दो स्थगन आदेश जारी किया जा चुका है इस तरह तीन स्टे आर्डर उस परिसर में लगने के बाद भी काम जारी रहता है जहां तहसील ऑफिस के आदेशों की धज्जियां नगर पंचायत के अधिकारी उड़ा रहे हैं ऐसा लगता है स्टे - स्टे आर्डर का खेल खेला जा रहा है पर कार्यवाही के नाम पर कुछ नजर नहीं आ रहा है जिसके कारण तहसील ऑफिस से आए फैसले के बिना परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाता है और इसी तरह चुप्पी साधे नगर पंचायत अधिकारी तथा उच्च अधिकारी इस पर कार्रवाई करने से बच रहे जहां न्यायपालिका पर लोगों की भरोसा उठने लगा है और नगर पंचायत तहसीलदार से बड़े अधिकारी साबित हो रहा है या कुछ और बात है जिसके कारण परिसर का निर्माण कार्य कुछ समय के लिए बंद रहता है फिर जारी हो जाता है धीरे-धीरे इस तरह परिसर का काम पूर्णता की ओर है और इसी तरह कार्य चलता रहा तो कुछ दिनों बाद ??दुकानदार अपना अपना कमरा खोलकर दुकान संचालित करते नजर आएंगे और न्याय व्यवस्था दिखावा, खोखली साबित होगा आवेदक द्वारा काम्प्लेक्स को सील करने की आवेदन किया गया है अब देखना है कि आगे क्या कार्यवाही होगी।

> मैं मिटिग में हु बाद बात करेंगे।
> **धर्मेश साहू,** ज़िला कलेक्टर
>
> स्थगन आदेश जारी कर दिया है कार्य एजेंसी नगर पंचायत अधिकारी है उनसे पुछो ।
> **निंलिमा अग्रवाल,** तहसीलदार भटगांव
>
> रोक लगाने इंजिनियर व कर्मचारी को भेजा था क्या कार्यवाही करेंगे बताओ काम्प्लेक्स को सील लगाने की बात पर तहसीलदार से बात करने कि बात कही?? कार्यवाही करने पर गोल मोल जवाब देते रहे।
> **ललित साहु ,** नगर पंचायत अधिकारी भटगांव
>
> नए जिला बनने के बाद नगर पंचायत भटगांव में मनमाना कार्य चरम पर है किसी प्रकार की कोई कार्रवाई जिला कलेक्टर द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण न्याय व्यवस्था पर लोगों को भरोसा उठ रहा है।
> **गगनवैष्णो,** जिला अध्यक्ष शिवसेना संगठन

अंतागढ़ में संत घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई

अंतागढ़/नवप्रदेश। संत शिरोंमणि बाबा गुरु घासीदास कि 268 वी जयंती पर समस्त सतनामी समाज एवं अधिकारी कर्मचारी के द्वारा अंतागढ़ में भी संत घासीदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें सतनामी समाज के सभी लोग शामिल हुए ।

गौरतलब हैं कि संत शिरोंमणि घासीदास की जयंती अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान में बड़े धूमधाम से मनाया गया सबसे पहले समाज के सभी महिला पुरूष बच्चे उन्मुक्त खेल मैदान से रैली निकाली गई जो राजीव चौक से होते हुए गोल्डन चौक पहुंच वापिस उन्मुक्त खेल मैदान पहुंची जहां जयंती समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधानसभा के विधायक विक्रम उसेंडी रहे जबकि अध्यक्षता राधे लाल नाग अध्यक्ष नगर पंचायत अंतागढ़ थे विशिष्ट अतिथि में अंतागढ़ के पूर्व विधायक अनूप नाग,अमल सिंह नरवास उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंतागढ़ अमर सिंह कुर्रे सामाजिक कार्यकर्ता कांकेर डॉक्टर भेषज रामटेके बीएमओ अंतागढ़ प्रशांत रंगारी सहायक प्रधानाध्यापक अंतागढ़ डॉक्टर अशोक संभाकर जनपद पंचायत के सभी सदस्य एवं नगर पंचायत के सभी पार्षद गण शामिल थे सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के द्वारा संत शिरोंमणि बाबा घासीदास की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन किया गया तत्पश्चात बाबा घासीदास की जयंती पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि युगदृष्टा बाबा गुरु घासीदास जी ने हम सभी को जीवन जीने का पाठ पढ़ाया गुरु घासीदास जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक करने कि अलख जगाई तथा जीवन में समर्पित भाव और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है।

उन्होंने मनखे मनखे एक समाज का संदेश दिया आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे को जोड़ने का काम कर रहा है हम उनके संदेश को अपनाते हुए मिलजुल कर रहे सभी अतिथियों के उद्बोधन पश्चात प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभा यात्रा का शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत । शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गो, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं।उनके गुरु मंत्र ÷ मनखे मनखे एक समान ÷ समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। गुरू घासीदास की जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी 18 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही। जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंचे। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ पंथींज. सन्ना ना नन्ना मोर लगनाज जैसे अनेकों पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुनों के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी वही बच्चों और युवाओ की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे..उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

विकास कार्यों की स्वीकृत के लिए पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का जनता व कांग्रेसजनों ने माना आभार

साजा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि साजा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों के लिए जनता जनार्दन ने पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया हैं और कहा कि रविन्द्र चौबे पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने अपने तत्कालीन कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री रहते हुए अपने देवतुल्य जनता जनार्दन एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर विभिन्न ग्रामों के नदी नालों में उच्चस्तरीय पुल पुलिया निर्माण कार्यों की अनुशंसा कर शासन से स्वीकृति दिलवाकर संबंधित स्थान में जाकर भूमिपूजन किया था, जो आज निविदा स्तर तक पहुंच गई हैं, अब जल्द ही उच्चस्तरीय पुल पुलिया बनने का काम अग्रसर होगा, जिससे यातायात और आने जाने की राह सुगम होगा। साजा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बरसात के समय में होने वाली परेशानियों से निजात मिल पायेगा।

संघ कार्यालय केसर नगर में गीता जयंती मनाई गई

राजनांदगांव नवप्रदेश। संस्कृत भारती के तत्वाधान में गीता जयंती का कार्यक्रम 14 दिसंबर 2024 को संघ कार्यालय केसर नगर में मनाया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं गीता प्रेमी श्री पृथ्वीराज परयानी, मुख्य अतिथि श्री सतीश व्यौहरे (जिला मिषन समन्वयक शिक्षा विभाग), विशिष्ट अतिथि सुश्री आरती सिन्हा (समाज सेविका) एवं मुख्य वक्ता डॉ. शंकर मुनिराय, प्राध्यापक शा. दिग्विजय महाविद्यालय थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा द्वारा गीता के द्वादष अध्याय का वाचन करते हुए गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सुश्री आरती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बताया कि गीता जीवन का सार है। डॉ. शंकर मुनिराय ने गीता के जीवनोपयोगी बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्कृत भाषा बोलने से कैसे व्यक्तित्व का विकास होता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
नवीव मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780,90 फैक्स : 0771-2227395, ई-मेलः dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/103/15वें वित्त/नपानि/24 रायपुर, दिनांक 16/12/2024

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अनुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से सीलबंद निविदा अनुसार नान एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म व में प्रस्तुत दर दिनांक 10.01.2025 को शाम 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.01.2025 को सुबह 11.00 बजे उपस्थित निविदाकार/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। संबंधित निविदाकार निविदा प्रपत्र दिनांक 03.01.2025 तक कार्यालयीन अवधि में नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय के कक्ष क्र. 407 से निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत आयटम रेट हेतु प्रदाय दर अनुसार एकजायी कुल व्यय राशि के अनुसार ही न्यूनतम दर निर्धारित की जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि रु.	अमानती राशि रु.	निविदा प्रपत्र	श्रेणी	कार्यावधि
1.	15वें वित्त आयोग अंतर्गत जोन क्र. 01.02,03 एवं 04 में वर्ष 2021-22 की शेष राशि से शहर के विभिन्न स्थानों पर 2D पेंटिंग कार्य।	20.00 लाख	20000/-	750/-	'D' and Above	4 माह

नियम शर्तें :-
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि, लिफाफा (ब) में शपथ पत्र, पेन कार्ड, GST Certificate, GST Return of 03 Months, 03 वर्ष के ITR की कापी, बैंक साल्वेन्सी सर्टीफिकेट (Minimun 15% of PAC Amount एवं PWD Regoistration of Class-D and Above एवं लिफाफा (स) में वित्तीय आफर।
4. कार्य की स्पेशिफिकेशन एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता,
नगर पालिक निगम
रायपुर छ.ग.

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा प्रथम संशोधन सूचना (जी क्रमांक 242504255/1,2,3)

आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 16 दिनांक 29.11.2024 समूह क्रमांक 01 से 04 की समस्त तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26.12.2024
2. कोरे निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 27.12.2024
3. निविदा स्पीड पोस्ट से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय - 31.1.2024 (अपरान्ह 03.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 31.12.2024 (अपरान्ह 04.00 बजे पश्चात)

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जी-242504673/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 162940 निविदा सूचना क्र. 10/वेलेलि/2024-25, दिनांक 17.12.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **07.01.2025**, (17.30 बजे) तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम : अंजनी जलाशय के नगर विस्तारीकरण एवं सी.सी. चौनल का निर्माण कार्य, मुख्य नहर में ह्यमू पाईप वी.आर.बी. निर्माण कार्य, आर.डी. 990 मीटर पर आरसीसी बैरल प्रकार वी.आर.बी. की मरम्मत कार्य, मौजूदा वीआरबी की मरम्मत कार्य, आर.डी. 1083 और 1177 मीटर पर एक्वाडक्ट के लिए एबटमेंट निर्माण कार्य, माइनर नहर 1.2 और 3 के लिए हेड स्लूस का मरम्मत कार्यस सी सी चौनल आर डी 990 से 1083 मीटर, 1177 से 1335 मीटर, 2570 से 3420 मीटर, 3430 से 5342 मीटर तक का निर्माण कार्य, मुख्य नहर के आर.डी. 6350 मीटर में सी.सी. जल प्रवाह का निर्माण कार्य, मुख्य नहर में लाईनिंग 0 से 900, 1300 से 2580 मीटर, 5342 से 6342 मीटर, माइनर 01 में सीसी लाइनिगं आरडी 0 से 900 मीटर माइनर 02 में आरडी. 0मी से 950 मीटर और माइनर 03 नहर में आरडी 0 से 750 मीटर, निर्माण कार्य मुख्य नहर में टो वाल एवं आउटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत :- रु. 488.44 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **24.12.2024** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट :
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकितं /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

जी-242504692/8

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

वेतन भुगतान सहित अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट का किया घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को पिछले 2 से 5 महीनों से वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। इस स्थिति ने उनके लिए गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं। वेतन भुगतान में देरी का मुख्य कारण निकायों की आय के स्रोतों पर लगाई गई रोक और विभिन्न करों एवं शुल्कों में कटौती को माना जा रहा है। नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वेतन और अन्य सुविधाओं की कमी न केवल उनके जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि नगर प्रशासन की कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। शासन को इन समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र ही समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए। कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना न केवल उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के नगरीय

प्रशासन को भी सशक्त बनाएगा। शासन को इन माँगों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक निर्णय लेना चाहिए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को अन्य शासकीय सेवकों की भांति पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। 01 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक का बकाया एरियर भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति में देरी मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाए, ताकि उनके परिवार आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से उबर सकें। चूंगी क्षतिपूर्ति में वृद्धि मध्य प्रदेश की तरह प्रति व्यक्ति चूंगी क्षतिपूर्ति 105 रुपये निर्धारित कर छत्तीसगढ़ में भी निकायों को इस अनुपात में सहायता दी जाए। अन्य कार्यों का बोझ हटाया जाए नगरीय निकायों के कर्मचारियों को उनके विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्यों, जैसे पशुधन गणना, कृषि धन गणना, राशन कार्ड सर्वे आदि में न लगाया जाए। कर्मचारी सम्मान निधि का भुगतान राज्य शासन द्वारा निर्धारित 4000 रुपये की सम्मान निधि का सभी कर्मचारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

कर्मचारियों की प्रमुख समस्याएं और मांगे

25-30 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है। इनके नियमितीकरण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। 2013 में गठित उच्चस्तरीय कमेटी के निर्णय का पालन करते हुए ठेका प्रथा को समाप्त कर ठेका कर्मचारियों को नियमित किया जाए। सीएमओ और अन्य एकांगी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए पदोन्नति चैनल बनाया जाए, जिससे वे अपने कार्य में प्रोत्साहित महसूस करें। प्लेसमेंट कर्मचारियों और स्वच्छता कार्यकर्ताओं के अधिकार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले चालकों और हेल्परों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत सुविधाएँ दी जाएँ। इसके साथ ही ईएसआईसी कार्ड, भविष्य निधि, साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाएँ।

वेतन भुगतान में देरी के कारण

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकायों की आय को प्रभावित करने वाले कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें बाजार टैक्स, औद्योगिक कर, मुद्रांक शुल्क, वाणिज्य कर और चूंगी क्षतिपूर्ति की कटौती शामिल है। इसके परिणामस्वरूप निकायों को पर्याप्त राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे वेतन भुगतान में समस्या उत्पन्न हो रही है।

न्यूज गैलरी

सीनियर महिला-पुरुष वॉलीबाल टीम का सलेक्शन ट्रायल्स कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर (महिला/पुरुष) वॉलीबाल टीम के गठन हेतु 21 दिसम्बर को सप्रे स्कूल स्थित वॉलीबाल मैदान में सलेक्सन ट्रायल्स खेल एंव युवा कल्याण विभाग के द्वारा रखा गया है इस हेतु पत्र से हमें अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ के समस्त खिलाड़ियों को उक्त सलेक्सन ट्रायल्स में भाग लेने हेतु सूचित करें। अतः आप सभी से निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर (महिला/पुरुष) वॉलीबाल टीम के गठन हेतु अपने-अपने जिलों/ईकाइयों के उत्कंष्ठ खिलाड़ियों को जो भी उसमें भाग लेना चाहते हो वे दिनांक 21 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे सप्रे स्कूल स्थित वॉलीबाल मैदान, रायपुर में उपस्थित होने हेतु भेजने का कष्ट करेंगे। सलेक्सन ट्रायल्स में से चयनित खिलाड़ियों का 23 दिसम्बर से 4 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा उसके उपरांत टीम सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप जो कि 7 जनवरी से 13 जनवरी तक जयपुर (राजस्थान) में आयोजित है में भाग लेगी। उपरोक्त सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन एड़ हॉक कमेटी वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती व कुल उत्सव

बाबा गुरु घासीदास ने आदर्श जीवन की राह दिखाई: कुलपति चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) में बुधवार 18 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे रजत जयंती सभागार में गुरू घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि युगदृष्टा बाबा गुरु घासीदास ने हम सभी को जीवन जीने का पाठ पढ़ाया है। बाबा गुरु घासीदास ने समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरुक करने की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए समर्पित भाव के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन आवश्यक है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अपने प्रयासों से समाज के हित में कार्य करता है तथा आज के शुभ अवसर पर इसी क्रम में अपने सामाजिक दायित्वों को समझते हुए गुरु घासीदास विवि ने रक्त संबंध सरोकार योजना का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से रक्तदान के प्रति युवा विद्यार्थियों को प्रेरित कर प्रत्येक माह रक्तदान किया जाएगा, जिससे समाज में जरुरतमंद को रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुशांत शुक्ला, विधायक, बेलतरा विधानसभा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से ही विवि निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को अग्निवीर जैसी योजनाओं के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करे। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का अग्रणी केन्द्र है। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करना आवश्यक है।

प्रतिमा स्थल से रजत जयंती सभागार तक शोभा यात्रा

अतिथियों द्वारा सुबह 10 बजे संत गुरू घासीदास बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात प्रतिमा स्थल से उनके नेतृत्व में शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पंथी नृत्य करते हुए भव्य शोभा यात्रा के स्वरूप में रजत जयंती तक साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा का समापन रजत जयंती सभागार में हुआ। रजत जयंती सभागार में अतिथियों द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय रक्त संबंध संस्कार योजना का फीता काटकर शुभारंभ हाल क्रमांक 02 में किया गया। रजत जयंती में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं संत गुरू घासीदास बाबा की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्जवलन किया। इसके बाद तरंग बैंड के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत की संगीतमय प्रस्तुति दी।

ठगी की राशि दिलाने पर आईजी ने आरक्षक को दिया नकद पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ संजीव शुक्ला,पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर के मार्गदर्शन में रेंज अंतर्गत 08 जिलों के थानों में पदस्थ चिन्हित कर्मचारियों को अब तक 3 चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में थाना चकरभाठा से शामिल आर. मनीष साहू ने 4 प्रकरणों में एसीसीआरपी पोर्टल के माध्यम से राशि होल्ड करवाकर 4 प्रकरणों में कुल 1,21,093 रुपये न्यायालय के आदेश उपरांत प्रार्थी/आवेदकों को वापस दिलवाया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला के द्वारा आरक्षक मनीष साहू को उक्त सराहनीय कार्य के लिए 1000 रुपये का ईनाम देकर उत्साहवर्धन किया गया।

सीबीआई के क्षेत्राधिकार पर हाईकोर्ट ने कहा ऐसे राज्य सरकार की अनुमति जरुरी नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। आपराधिक घटना रची गई साजिश की पड़ताल के लिए सीबीआई जांच को लेकर दायर पुनरीक्षण याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में अपराध की प्रकृति, स्थान और क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि छत्तीसगढ़ से बाहर आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए साजिशें रची गई, उसके बाद यहां आकर अपराध को अंजाम दिया गया है तो ऐसी स्थिति में सीबीआई जांच के लिए उस राज्य की सरकार से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है जहां अपराध को अंजाम दिया गया है। पूरा मामला साढ़े 24 करोड़ के फ्राड से जुड़ा हुआ है। साजिशकर्ताओं ने दो राज्यों में बैठकर फ्राड के लिए साजिशें रची। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दिल्ली में ब्लू प्रिंट तैयार किया और छत्तीसगढ़ में आकर इसे अमलीजामा पहनाया है। रायपुर स्थित हुडको के तत्कालीन क्षेत्रीय प्रमुख सुरेंद्र सिंघई पर आरोप लगाया गया था कि पद का दुरुपोग करते हुए उन्होंने उद्योगपति सुनील मल के साथ आपराधिक साजिशें रची। सुनील, इस्पात एंड पावर लिमिटेड कोलकाता के संचालक हैं और उनका संयंत्र ग्राम- चेराईपानी रायगढ़ में है। दोनों ने मिलकर स्वयं को लाभ पहुंचाने के लिए 24.50 करोड़ रुपए की गड़बड़ी की। फ्राड के इस मामले में सीबीआई की विशेष कोर्ट द्वारा आरोपी को रिहा करने से इंकार करने वाले आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि यह अपराध केवल छत्तीसगढ़ में ही किया गया था, लिहाजा केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत राज्य सरकार से पूर्व स्वीकृति लेने की आवश्यकता नहीं थी।

दिल्ली और कोलकाता में रची गई साजिश

सीबीआई द्वारा प्रस्तुत केस डायरी के अनुसार आवेदक ने कोलकाता में ऋण स्वीकृत करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन को परीक्षण व स्वीकृति के लिए हुडको के निदेशक के समक्ष दिल्ली भेजा गया था। परीक्षण के बाद ऋण स्वीकृत किया गया। ऋण चेरापानी, रायगढ़ में कैप्टिव पावर प्लांट के लिए था, जो छत्तीसगढ़ में स्थित है। साजिश की शुरुआत कोलकाता में हुई और ऋण नई दिल्ली में स्वीकृत किया गया था। राशि का उपयोग छत्तीसगढ़ में किया गया था। कोर्ट ने कहा कि हुडको के कोलकाता कार्यालय से दस्तावेज प्राप्त करने के बाद नई दिल्ली में लोन पास होने के कारण नई दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई थी। अदालत ने कहा कि आरोप पत्र भी नई दिल्ली में दायर किया गया था।

एनसीईआरटी ने व्याख्याताओं को दिया प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनसीईआरटी द्वारा शासकीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 9वीं से 12वीं तक व्याख्याताओं का सेवाकालीन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन 30 घंटे का प्रशिक्षण 2024-25 एनसीईआरटी द्वारा शासकीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 9वी से 12वीं तक व्याख्याताओं का सेवाकालीन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन 30 घंटे का प्रशिक्षण 2024-25 उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में 27 नवंबर से प्रारंभ होकर 17 दिसंबर को संपन्न हुआ।

पदक विजेताओं को विधायक अमर व एयू के कुलपति वाजपेई ने दी शुभकामनाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। 31 वी ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप पंजाब में और वेस्ट जोन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता कोरबा में आयोजित की गई थी। इस दोनों राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बिलासपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पदक जीते। इसमें कुमारी मेघा भगत, सरला हेंब्रम, जयेश पंजवानी, रोशन दुबे, प्रियांशु मानिकपुरी, वीरेंद्र सांवरा, हर्ष अग्रवाल, अक्षत वर्मा पदक विजेता रहे। छत्तीसगढ़ टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं गंगाश्री जिम के डायरेक्टर उत्तम कुमार साहू के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की है। कुमारी मेघा भगत, जयेश पंजवानी और उत्तम कुमार साहू का चयन एशियाई पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप जो कि दुबई में आयोजित होने वाली है, के लिए चयनित हो चुके हैं। आशाएं और उम्मीदें हैं कि तीनों खिलाड़ी अपना बेहतर अंतरराष्ट्रीय स्तर में करेंगे। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद बिलासपुर के यह खिलाड़ी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अजीत सिंह भोगल के नेतृत्व में नगर विधायक अमर अग्रवाल से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे थे। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन. वाजपेई ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

ब्राह्मण व ठाकुर समाज की एकतरफा जीत, रोमांचक मैच में सोनकर समाज की टीम विजेता

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में सोसायटी प्रीमियर लीग सीजन-5

बिलासपुर/नवप्रदेश। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग सीजन 5 में आज तीसरे दिन 5 मैच खेले गए। ब्राह्मण ठाकुर समाज की टीम को आज एक तरफा जीत मिली। पहला मैच ब्राह्मण और धूरी समाज के बीच खेला गया जिसमें ब्राह्मण समाज ने 72 रनों से आसान जीत दर्ज की है। दूसरे मैच में ठाकुर समाज ने महज दो ओवर में ही जीत हासिल करली। तीसरे रोमांचक मैच में सोनकर समाज की टीम ने बंगाली समाज को हराया। चौथे मैच में मोना पंजाबी समाज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मराठा समाज को 69 रन का लक्ष्य दिया है। आज के प्रतियोगिता के अतिथियों का फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथि गण संजय यादव,, संदीप बाजपेई, त्रिभुवन सिंह,आलोक सिंह ठाकुर, मनोज मिश्रा, रिंकू मित्रा, विभाकर सिंह,राजेंद्र भंडारी, तैयब हुसैन, विजय यादव, अरविंद भानुसाली ,पवन वाधवानी, ललित पुजारा, अविनाश सेठी ,मनीष श्रीवास्तव ,चरणजीत गंभीर, अमर चौधरी, बंटी सोथलिया, ब्रह्मदेव ठाकुर ,जीतू भाई , रशिद बक्स ,राहुल साहू ,बलजीत खनूजा, सुबोध केसरी रततु मिश्रा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। स्कोरिंग की भूमिका आर के राव निभा रहे। मैच का आंखों देखा हाल कृष्णा तिवारी बता रहे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच ब्राह्मण समाज तथा धुरी समाज के बीच खेला गया। टास जीतकर ब्राह्मण समाज ने पहले बल्लेबाजी की और 107 रन बनाए । धुरी समाज को 108 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन धुरी समाज की टीम 35 रन में ही सिमट गई और ब्राह्मण समाज की टीम अपना पहला मैच 72 रनो जीत दर्ज की है।

छत्तीसगढ सर्व वैश्य का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट का सर्व वैश्य सेकंड वैवाहिक परिचय सम्मेलन 22 दिसम्बर को सिंधी पंचायत भवन जूना बिलासपुर, बिलासपुर मे होने वाले वैवाहिक परिचय सम्मेलन, अब श्री चन्द्रपुरीहा कसौधन वैश्य समाज भवन, भाजपा कार्यालय के सामने, कर्बला रोड मे होगा।अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के बिलासपुर महासचिव किशोरी शरण गुप्ता ने बताया की उक्त परिचय सम्मेलन मे शामिल होने के लिए आज ही संस्था में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। संस्था द्वारा पंजीकरण फॉर्म कार्यालय उत्सव कार्ड करबला रोड में उपलबध कराई गई है, संस्था के मोबाइल नंबर 9827181040 एवम 9340628005 मे संपर्क कर के पूर्व पंजीयन कराया जा सकता है। सर्व वैश्य समाज के बीच वैवाहिक रिश्ते हेतु विवाह योग्य युवक युवतियों एवम परिजनों को समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विकल्प के विस्तार होने के साथ ही विधवा, विधुर, तलाकशुदा, मांगलिक एवम अधिक आयु के अविवाहित लोगो के लिए यह आयोजन रखा गया है।

भूमिपूजन

अरपा रिवर फ्रंट उद्यान का भूमिपूजन और नए फल मार्केट का विधायक अग्रवाल ने किया लोकार्पण

रिवरव्यू के विकास से बढ़ेगा अरपा का सौंदर्य: अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर विकास के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। आज दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। विधायक अमर अग्रवाल ने रामसेतु मार्ग में अरपा रिवर फ्रंट उद्यान कार्य का भूमिपूजन कर एक नए मनोरंजन पार्क कार्य की शुरूआत की तो शनिचरी बाजार में सड़क से हटाए गए फल व्यापारियों के लिए चिल्हर फल मार्केट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा की अरपा नदी के किनारे रिवर फ्रंट विकसित होने से शहर समेत अंचल के लोगों को टूरिस्ट स्पॉट मिलेगा। साथ ही अरपा की सुंदरता बढ़ेगी। नए फल मार्केट के लोकार्पण के अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा की यह पहली बार है जब सड़क से हटाए गए ठेले से फल व्यवसाय करने वालों के लिए व्यवस्थित बाजार बनाया गया है। यह शहर सबका है और सभी को अपनी आजीविका चलाने का अधिकार है, मगर इससे दूसरों को तकलीफ और शहर की व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए। जब शनिचरी की सड़कों से ठेले व्यावसायियों को हटाया गया था तब व्यवसायियों को तकलीफ हुई होगी मगर आज उससे कहीं ज्यादा सुकून और राहत महसूस कर रहे होंगे। कोई भी शहर बढ़ता है तो परिवर्तन स्वाभाविक है, पर परिवर्तन भविष्य में सबके लिए लाभकारी होता है। फल मार्केट बनने के बाद सड़क में ठेले नहीं लगेंगे, इससे शनिचरी की ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। विधायक श्री अग्रवाल ने व्यापरियों को और नागरिकों को स्थाई चिल्हर फल मार्केट की सौगात मिलने पर बधाई दी।

देश की पहली कवर्ड और ओपन ट्रापिकल गार्डन

अरपा नदी में रामसेतु के किनारे विकसित किए जा रहे पार्क में कई खूबियां है। पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जा रहे पार्क में देश की पहली कवर्ड और ओपन ट्रापिकल फारेस्ट गार्डन, प्रदेश का पहला रिवर क्रुज और रेस्टोरेंट होगा। गार्डन इंडोर वाटरफॉल एम्युजमेंट पार्क और गेमिंग जोन, रिटेल शॉप,फूड पार्क और लक्जरी सिनेमा भी पार्क में होगा। पीपीपी मॉडल में अहमदाबाद की इसीएचटी कांग्लोमेराट कंपनी द्वारा यें एम्युजमेंट पार्क विकसित किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

जिला एवं सत्र न्यायालय में नेशनल लोक अदालत

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायालय में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला सत्र न्यायाधीश चंद्रकुमार अजगले ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें प्रधान न्यायाधीश नीरज शर्मा, कुटुंब न्यायाधीश कीर्ति लकड़ा, सीजेएम बलराम कुमार देवांगन, जेएमएफसी रेशमा बैरागी पटेल, प्राधिकरण के सचिव कंचनलता आंचला, जेएमएफसी कु. स्वेता ठाकुर, जिला अभियोजक एवं संघ के सहसचिव रजनीकांत सिंह ठाकुर, टीकम चंद्राकर, सुरेश खुसरो, कन्हैया शर्मा आदि अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, पक्षकार एवं बैंक, विद्युत आदि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर में बढ़ते हुआ शीतलहर को देखते हुए अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा। अभाविप जिला सयोजक अतुल साहू ने कहा कि विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया जाएं। साथ ही कहा कि जिला में इस दिसंबर महीने में जहा भारी ठंडी पड़ रही है जिसके कारण विद्यालयों में विद्यार्थी सुबह स्कूल जा रहे है। जिसके कारण विद्यार्थियों के स्वस्थ में भी बड़ी फेरबदल देखने को मिल रहा है और छोटे कक्षा के विद्यार्थियों में तबियत में भरी गिरावट आ रही है। जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्थिती में भी कभी आ रही है और तबियत बिगड़ने के कारण उनके अवकाश में भी बढ़ोतरी हो रही है।

युवा उत्सव एवं महिला खेल स्पर्धा का आयोजन 21 को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, तात्कालिक भाषण, चित्रकला, कविता, कहानी, विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह महिला खेल अंतर्गत एथलेटिक्स, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

ग्राम मोतिमपुर-अमरटापू धाम में आयोजित गुरु पर्व मेला में सीएम साय हुए शामिल

बाबा को नमन : प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 268वीं जयंती के अवसर पर ग्राम मोतिमपुर-अमरटापू धाम में आयोजित एक दिवसीय गुरु पर्व मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरू घासीदास मंदिर में बाबा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के नागरिकों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। ग्राम कंतेली में नवीन महाविद्यालय खोलने और मोतिमपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों का अभिवादन करते हुए बाबा गुरू घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चल रही है। बाबा गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसंबर 1756 को गिरौदपुरी में हुआ था। उस समय समाज में छुआछूत और भेदभाव व्याप्त था। ऐसे समय में बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। देश और प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ सभी वर्ग का विकास हो रहा है। 13 दिसंबर को हमारी सरकार के 01 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने का

प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम कंतेली में नवीन महाविद्यालय खोलने और मोतिमपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की घोषणा की। इसके साथ ही मोतिमपुर-अमरटापू धाम के सौंदर्यीकरण के लिए भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास की स्वीकृति दी गई। धान का 02 साल का बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई। पीएससी घोटाला की सीबीआई द्वारा जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई होना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमेशा खुशहाली हो। इसके लिए कार्य करने हमारी सरकार हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। उन्होंने गुरू घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जयंती हर साल 18 दिसंबर को राज्य में उत्सव के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन और समरसता के संदेश का उल्लेख करते हुए सभी लोगों से बाबा के बताए रास्ते पर चलने का आग्रह किया। खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सतनाम पंथ के संस्थापक थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान, आपसी भाईचारा एवं समरसता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने मंच के माध्यम से सेतगंगा मेला के आयोजन के लिए 05 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने बाबा गुरू घासीदास जयंती पर्व की बधाई देते हुए बाबाजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि बाबाजी ने लोगों को सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मोतिमपुर-अमरटापू धाम में सन् 1996 से प्रतिवर्ष गुरुघासीदास जयंती पर गुरुपर्व मेला का आयोजन होता आ रहा है। कार्यक्रम के संयोजक मंडल के अध्यक्ष दुर्गा बघेल ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, श्रद्धालुओं, संत, महंत, सभी का अभिवादन किया। कार्यक्रम के समापन में समिति के पदाधिकारियों मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रोलिंग मिल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही

काम कर रहे मजदूर की पीठ में घूसी छड़, इलाज के दौरान मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिला के प्लांट में हादसा घटित हुआ। जिसमें रोलिंग मिल में काम कर रहे फीटर के पीठ में गर्म छड़ घुस गया। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ के मोदी नगर में रहने वाला सोनू सिंह 38 साल जामंगा स्थित एमएसपी फैक्ट्री में पिछले करीब 5 सालों से फीटर के पद पर काम करता था।गुरूवार की दोपहर वह प्लांट के रोलिंग मिल अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहा था।

तभी मिल डिविजन में मेंटनेंस का काम करते दौरान एकाएक उसे मशीन का छटका लगा, जिससे वह पीठ के बल गर्म छड़ पर गिर गया और सोनू सिंह के पीठ में छड़ घूस गया। गुरूवार की दोपहर तकरीबन 12 बजे घटना घटित होने के बाद घायल को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जब घटना को आसपास के अन्य मजदूरों ने देखा, तो तत्काल इसकी जानाकरी प्लांट के अधिकारियों को दी गई और घायल को ईलाज के लिए निजी अस्पताल लाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मरच्युरी कक्ष में रखवाया। इस संबंध में चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव अहेर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। प्रारंभिक पूछताछ में अभी पता चला है कि किसी मशीन का स्वीच बंद नहीं किया गया था।

जिसके कारण यह घटना घटित हुई है। फिलहाल मामले में पुलिस आगे की जांच में जूट गई है।

धान व चावल के स्टाक में गड़बड़ी, राइस मिल सील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खाद्य, राजस्व, डी.एम.ओ., मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को जय अम्बे राइस मिल एवं जय अम्बे एग्रोटेक, कांतिप्रकाशपुर में मिल की जांच की गई। उक्त जानकारी देते हुए जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि दोनों मिल एक ही परिसर में है, जांच के समय मिल के संचालक राजीव मित्तल मौके पर उपस्थित रहे। दोनों मिल का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें धान की स्टॉक लगभग 43,643 बोरी यानी 17457.20 क्विंटल एवं चावल अरवा 590.50 क्विंटल, चावल उसना 2611.50 क्विंटल मौके पर उपलब्ध पाया गया।

उन्होंने बताया कि कस्टम मिलिंग 2023-24 का जय अम्बे राइस मिल में 21,550 क्विंटल एवं जय अम्बे एग्रोटेक में 21,550 क्विंटल चावल जमा करना शेष है। मौके पर जांच के दौरान मिलिंग प्रक्रिया बंद पाई गई। भौतिक सत्यापन में उपलब्ध स्टॉक एवं चावल जमा योग्य मात्रा में अंतर पाया गया। जिस कारण मौके पर उपस्थित पंचगणों के समक्ष उपलब्ध धान 43,643 बोरी लगभग मात्रा 17457.20 क्विंटल एवं चावल अरवा लगभग 590.50 क्विंटल, चावल उसना 2611.50 क्विंटल, दोनों मिल का स्टॉक मिलाकर जप्ती की कार्यवाही करते हुए मिल संचालक की सुपुर्दगी में किया गया एवं मिल को मौके पर सील किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि जांच के दौरान उठाव किये गये धान के अनुसार भौतिक सत्यापन में 1,05,230 नग धान बोरा कम पाया गया।

गुरु घासीदास के प्रकाश पर्व पर निःशुल्क रक्तदान शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। सेवा भारती मुंगेली, भारत माता सेवा समिति की ओर से संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के प्रकाश पर्व पर नगर पालिका स्कूल प्रांगण में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग के लोग फौजी, पुलिस, शिक्षक, कर्मचारी, युवा, व्यवसायिक, महिला, युवक-युवतियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति होकर रक्तदान कर नारा महादान को चरितार्थ किया। 87 लोगो ने 87 यूनिट रक्तदान किया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के सुशील बंछोर पिछले 30 वर्षो से अपनी जन्मदिन पर रक्तदान करते आये है औ रक्तदान करने का रिकार्ड भी बनाया है। शिविर में उनकी प्रशंसा की गई और केक काटकर जन्मदिन मनाया और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गयी। समिति ने लोगो को श्री बंछोर से को प्रेरणा लेने की अपेक्षा जताई है। 87 यूनिट में से आधा जिला अस्पताल को भेजा जायेगा। शिविर में बतलाया गया कि थैलमीसिया पीड़ित मरीजो को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही शिविर में 7 थैलमीसिया व 4 सिकलसेल के बच्चो के परिवार को प्रशिक्षण दिया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगो रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व 40 लोगो को हेलमेट, 20 लोगो को इयरफोन व 20 लोगो को लंचबॉक्स, निःशुल्क देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। रक्त दान शिविर में 7 महिलाओं ने रक्तदान करके अपनी उपस्थिति जताई है। रक्तदान से संग्रहित रक्त से जरूरतमंद मरीजों की जान बचेगी। इस पुनीत कार्य में जिला अस्पताल मुंगेली के सदस्यों के साथ बिलासपुर के समाज सेवी संजय मतलानी ने उपस्थिति देकर सहयोग किया है। समिति ने लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए बतलाया कि रक्तदान करने के फायदे भी होते है जो इस प्रकार है रक्तदान करने से दिल का दौरा पड़ने के संभावना 88 प्रतिशत कम हो जाती है, रक्तदान करने से ह्रदय संबंधी बीमारियों का खतरा 33 प्रतिशत कम हो जाता है, रक्तदान करने से रक्त प्रवाह बेहतर होता है। रक्तदान करने से शारीरिक वजन घटाने में मद्द मिलती है। रक्तदान करने से त्वचा संबंधित बीमारियों में बचाव होता है। रक्तदान करने से आयरन का स्तर संतुलित रहता है। रक्तदान करने से कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान करने से स्ट्रेस कम होता है।

रक्तदान शिविर में स्व भरत लाल सोनी की स्मृति में आयोजित कर प्रशस्ति पत्र हेलमेट, इयरफोन, लंच बॉक्स, रक्तदाताओं को दिए गए।

काष्ठागार में 26 को ऑनलाइन नीलामी

अम्बिकापुर। वनमण्डलाधिकारी सरगुजा ने बताया कि 26 दिसंबर को काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठों/जलाऊ काष्ठों का नीलाम ई-ऑक्शन के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना है। उक्त ऑक्शन में इच्छुक बोलीदाता बोली लगाने से पूर्व आवश्यक दस्तावेज के साथ एमएसटीसी के पोर्टल में पंजीकृत होकर घर बैठे काष्ठ क्रय कर सकते हैं। एमएसटीसी के पोर्टल में पंजीकृत करने के लिए आवश्यक दस्तावेज की हैं - वैध मोबाईल नम्बर, वैध ई- मेल आईडी, पैन/जीएसटी, सक्रिय बैंक खाता नम्बर, प्रारूप डी , तीन साल की अवधि तक पंजीकृत होने के लिए 6001/- रुपए और एक साल की अवधि तक पंजीकृत होने के लिए 1180/- रू. जीएसटी सहित भुगतान करना

नगर में जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर नगर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि गुरु रुद्र कुमार एवं संत गुरु गोसाईं मनहरण दास महाराज का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच संरक्षक भैयालाल परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जीवन सत्य और अहिंसा पर आधारित था। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का कार्य किया। उनका संदेश हमें एकता,

समरसता और भाईचारे की ओर अग्रसर करता है। आज के समय में उनके आदर्शों को अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच संरक्षक आकाश परिहार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने और समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। गुरु घासीदास बाबा ने हमें सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम और भाईचारे का वातावरण बनाना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष दिनेश सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने अपने समय में समाज को जागरूक किया और समानता की मिसाल प्रस्तुत की। आज उनका संदेश और भी प्रासंगिक है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सभी जातियों और वर्गों के बीच सद्भाव और एकता स्थापित करनी होगी। साहू समाज अध्यक्ष पुहुप साहू ने कहा मनखे मनखे एक सामान का संत गुरु बाबा जी क सन्देश आज भी प्रासंगिक है।

सामाजिक समरसता हमारे सांस्कृतिक विरासत की रीढ़: प्रकाश

■ **विश्व हिंदू परिषद ने सतनाम भवन में मनाई गुरु घासीदास जयंती**

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनाम समाज द्वारा ज्योतिपुर स्थित सतनाम भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में हर वर्ष की तरह इस बार भी समरसता और विनम्रता की भावना प्रमुख रही। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। उन्होंने गुरु घासीदास जी की प्रतिमा में श्रीफल अर्पित कर, सतनाम समाज के प्रमुख तुलसीदास जी महिलांगे, डॉ

विनायक कोसले, गजेंद्र जी और नरेश पात्रे जी को अंग वस्त्र भेट किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के ज़िला सह मंत्री प्रकाश साहू ने सभी समाज प्रमुखों से बात करते हुए कहा कि हम सभी को समाज कल्याण के लिए गुरु घासीदास जी के उपदेशो को अपने जीवन- व्यवहार में लाना होगा। सामाजिक समरसता हमारे सांस्कृतिक विरासत की रीढ़ है, अर्चक पुरोहित अनुराग पाण्डेय, सुरक्षा प्रमुख नवीन विश्वकर्मा, विद्यार्थी प्रमुख देवांश तिवारी, शिवम साहू और शैलेश जयसवाल ने गुरु घासीदास जी की जयंती की संगठन की ओर से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संगीत के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले गुरु घासीदास जी की आरती भी गाई गई, जिसमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अभियान...

सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी का जनसेवा अभियान

वनांचल के गांवों में जरूरतमंदों को शॉल, कंबल और गरम कपड़े बांटे

मुंगेली/नवप्रदेश। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आदिवासी क्षेत्र मे शॉल, कंबल और गरम कपड़े बांटे गए। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक अभियान के तहत वन में रहने वाले जरूरतमंदों और वंचित वर्ग के लोगों को शॉल, कंबल और गरम कपड़े वितरित किए।

इस अभियान का उद्देश्य सर्दियों के मौसम में जरूरतमन्दो को गरम कपड़े प्रदान करना था। इस अभियान के दौरान, सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के स्वयं सेवकों ने विभिन्न इलाकों में जाकर जरूरतमन्द महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को शॉल, कंबल और गरम कपड़े वितरित किए। इस दौरान, सोसाइटी के सदस्यों ने वहॉ के लोगो से उनकी जरूरतों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं को सुना। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल जरूरतमन्दो को सर्दियों के मौसम में गरम कपड़े प्रदान करना है। हमें उम्मीद है कि यह अभियान जरूरतमंदों की मदद करना और उन्हें सर्दियों के मौसम में गरम रखने में मदद करेगा। सचिव कल्पना मिश्रा ने सभी ग्राम वासियों, बच्चों और महिलाओं को संतुष्ट किया की समय समय पर उनको

जरूरत का सामान दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान, सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी ने लगभग 50 जरूरत मन्दो को शॉल, कंबल और गरम कपड़े वितरित किए। सोसाइटी ने इस अभियान के लिए स्थानीय लोगों से भी सहयोग प्राप्त किया। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी एक सामाजिक संस्था है जो वंचित वर्ग के लोगों की मदद करने के लिए काम करती है। पहले भी कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है और समाज कल्याण सेवा के क्षेत्र में मदद करने के लिए कई अभियान किया जा रहा। इस संस्था के सभी सदस्य सेवा भावना से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष अराधना तिवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव कल्पना मिश्रा, सहसचिव रश्मि तिवारी एवं मंजू शर्मा, शशांक तिवारी, मोनिका जितेंद्र शर्मा, अजय तिवारी, अरविंद तिवारी, धनंजय शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रुक्मणि शर्मा, रानी, संगीता, रश्मि, चौबे, संजय यादव, पंचराम साहू आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा को मिला नया आयाम

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज डा.ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में ''छत्तीसगढ़ में सुशासन एवं उच्च शिक्षा'' (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में) विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ शोभित बाजपेयी प्राचार्य के द्वारा किया गया। इनके साथ मंच पर डॉक्टर के.अहमद प्राध्यापक, एस. के.भारती सहा. प्राध्यापक एवं एन. के. पुरले सहा. प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ बाजपेयी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रारंभ होने के उपरांत छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए कई नए आयाम खुले हैं। उनके द्वारा एनईपी 2020 में समाहित प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी में छात्र प्रतिनिधि के रूप में मनीष ठाकुर, इंद्राणी कुर्रे एवं अन्य विद्यार्थियों ने संगोष्ठी विषय पर अपने-अपने विचार रखे।

■ न्यूज गैलरी

एक देश, एक चुनाव: लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक कदम

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से "एक देश, एक चुनाव" की अवधारणा एक क्रांतिकारी पहल है। इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष, श्री शिव वर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल प्रशासनिक खर्चों को कम करेगी, बल्कि शासन की गुणवत्ता और जनता की सहभागिता को भी बढ़ावा देगी। श्री वर्मा ने कहा, "बार-बार चुनाव कराने से सरकारी तंत्र पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और विकास कार्य बाधित होते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' से प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी और संसाधनों का सही उपयोग संभव हो पाएगा। यह देश के हर नागरिक को एकजुटता और समानता का संदेश देगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रणाली देश के संघीय ढांचे के अनुरूप है और इससे केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इसके अलावा, इससे वोटिंग प्रतिशत में भी वृद्धि होगी, क्योंकि जनता को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का पर्याप्त समय मिलेगा। श्री वर्मा ने जनता और विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "यह समय की मांग है कि हम देशहित को सर्वोपरि रखते हुए इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन करें। यह कदम भारत को लोकतंत्र की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।"

भाजपा मंडल कुकरेल के अध्यक्ष बने संजय मरकाम

नगरी/ नवप्रदेश। जिला संगठन भारतीय जनता पार्टी

के निर्दशानुसार भाजपा मंडल कुकरेल की नवीन मंडल अध्यक्ष का घोषणा चुनाव प्रभारी पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कालीदास सिन्हा एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की अगुवाई में बुधवार को कुकरेल मुख्यालय की साहु समाज की सामाजिक भवन में मंडल बैठक दौरान चुनाव प्रभारी ने प्रदेश संगठन से आए लिफाफा खोलकर मंडल अध्यक्ष के लिए गट्टासिल्ली तालपारा निवासी संजय मरकाम का नाम घोषणा की,इस दौरान जिला अध्यक्ष बैस ने बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठन की सदस्यता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उचित समय पर नवीन सदस्यता जोडने की अपार सफलता पर कार्यकर्ताओ को बधाई दिया !वहीं चुनाव प्रभारी कालीदास सिन्हा ने नवीन मंडल अध्यक्ष मनोनयन पर कुकरेल मंडल के सदस्यों को बधाई देते हुए अपनी अनुभवों को बांटते हुए सेवा सहयोग और समर्पण के साथ एक जुटता का परिचय देते हुए कार्य करने की राय दी !इस दौरान नवीन मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम को कुकरेल मंडल के तमाम पदाधिकारियों के साथ सदस्यों ने तिलक बंदनकर पुष्प हार पहनाकर बधाईया दी !इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष टेलेश्वर ठाकुर,वामनदेव साहू,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी,जिला पंचायत सदस्य अनिता ध्रुव,वरिष्ठ कार्यकर्त्ता महेश गोटा,भारत साहू,सुरेन्द्र राज ध्रुव,अखिलेश प्रजापति,अजय ध्रुव, शुभम यदु,शैलेन्द्र साहू,टिकेश्वर साहू,घनश्याम साहू,रीतू साहू,चंन्द्रकला साहू,पुष्पा साहू,इंद्राणी साहू,रुपोतीन मंडावी,वासु साहु,श्यामाचरण मंडावी,ननकुदास मानिकपुरी,इंदल प्रजापति,राजेश्वर नेताम,आशाराम नेताम, वनलाल साहू,भोजलाल साहू, सियाराम साहू, भगवान साहू,नरेश मरकाम,टेमन गुरुपंच, सदाराम यादव,वरुण नेताम सहीत भाजपा मंडल कुकरेल के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे!

जिले में बाबा गुरुघासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई

गरियाबंद/नवप्रदेश। मंनखे मनखे एक सामान के प्रवर्तक बाबा गुरुघासीदास जी की 268 वीं जयंती नगर के सतनाम भवन में धूम धाम से मनाई गई। बाबा के जैत खाम की पूजा अर्चना के साथ पालो चढ़ाया गया । प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सतनाम भवन प्रांगण में विधायक बिंद्रानवागढ़ जनक ध्रुव ने पहुँचे जंहा उन्होंने कहा की समाज देश को मानवता का संदेश देने वाला परम् पूज्य बाबा जी का संदेश और ज्यादा प्रसंगिक है जब देश में लोग मनुष्य को मनुष्य से लड़ाया जा रहा है। यह धरती धन्य है जंहा इनके जैसे महामानव का प्रदार्पण हुआ। ज्ञान के मार्ग में चलने का बाबा ने लोगो को संदेश दिया। हम बाबा गुरुजी से वही प्रार्थना है की हमारे देश हमार छत्तीसगढ़ में आपसी प्रेम सदभावना बनी रहे। बाबा सभी को सदमार्ग में चलने की प्रेरणा देते रहे। उन्होंने ने कहा की आज समाज लोगो को सदमार्ग में चलने व बुराइयों से दूर रहने की जरूरत है कहा की बाबा की प्रेरणा ही है की आज मै उनके मार्ग में चलते हुए आप लोगो की सेवा करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। स्कूल के जमाने से ही हम लोग हॉस्टल में रहते हुए बाबा की जयंती और शहीद विरनारायण जयंती मनाया करते थे।

गुरू घासीदास बाबा की एक-एक वाणी, पंक्ति और शब्द सबके लिए लाभकारी : रमन सिंह

विसअध्यक्ष ने शहर सतनामी समाज के विकास कार्यों के लिए 10 लाख घोषणा की

■ विधानसभा अध्यक्ष नंदई चौक में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती के कार्यक्रम में हुए शामिल

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नंदई चौक में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहर सतनामी समाज नंदई चौक के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा कर तत्काल स्वीकृति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने शहर सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव की शोभायात्रा को सफेद झंडा दिखाई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गुरू घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा के उपदेश सभी समाज सहित पूरे देश के लिए एक समान है। उन्होंने कहा कि बाबा की एक-एक वाणी, पंक्ति और शब्द सबके लिए लाभकारी है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पंथी के माध्यम से बाबा के उपदेश को बताया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मानव एक समान हैं। सभी के खून का रंग लाल है। सभी एक-दूसरे के साथ समानता का व्यवहार करें। उन्होंने सभी को मांस-मदिरा का सेवन नहीं करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, सत्य, अहिंसा एवं सच्चाई के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा के बताए रास्ते पर चलकर समाज में जागृति आई है। हम सभी पर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा ने जो राह बताई, उस पर हम सभी को चलने की जरूरत है।

पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज बाबा के संदेश मनखे-मनखे एक समान हैं के उपदेश को लेकर समाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा का आशीर्वाद पूरे समाज सहित सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की चिंता करते हुए एक रूपए में चावल की शुरूआत तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शुरू की थी। उन्होंने कहा कि समाज की शिक्षा एवं आर्थिक क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज सतनामी समाज अग्रणी समाज के रूप में आगे आ रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्री विजय राय ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, श्री रमेश पटेल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री किशुन यदु, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री शिव वर्मा, अध्यक्ष शहर सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव श्री नरेन्द्र राय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी तथा सतनामी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हाट-बाजारों और प्रमुख स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन का एक साल एलईडी वाहन के स्क्रीन पर दिखाई विकास झलक

■ राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही

कवर्धा/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को 'सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए विकास कार्यो को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर एलईडी वाहन के माध्यम से जानकारी पहुंचा रहे हैं।

एलईडी स्क्रीन वाहन के माध्यम से यह अभियान जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और गांवों में चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य लोगों तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाना है, ताकि उन्हें इससे होने वाले लाभ का पूर्ण एहसास हो सके।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए प्रयासों को एलईडी स्क्रीन पर प्रस्तुत किए गए वीडियो संदेशों में यह बताया जा रहा है कि पिछले एक वर्ष में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। हर दिन एलईडी स्क्रीन वाहन जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और प्रमुख स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। इस कार्यक्रम से लोगों में उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है, क्योंकि वे अपनी समस्याओं का समाधान सरकार से सीधे देख और समझ पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस अवसर पर बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखने के साथ-साथ उन योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त करते हैं जो उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बनाई गई हैं।

जनता के बीच उमंग और उम्मीद

कवर्धा जिले के गांवों और हाट-बाजारों में इस अभियान का काफी सकारात्मक असर देखा जा रहा है। एलईडी स्क्रीन पर चलने वाली इन वीडियो क्लिप्स में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा बताई गई योजनाओं और सरकार के कार्यों के बारे में लोग दिलचस्पी से देख रहे हैं। इस तरह के अभियानों ने लोगों के मन में उम्मीदें और उमंग पैदा की हैं, क्योंकि वे समझ पा रहे हैं कि सरकार उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

सतत योजना बनाकर कार्य कर रही

दपका में स्कूल भवन आंगनबाड़ी केन्द्रों का हुआ लोकार्पण

समाज और गांव के विकास के लिए शिक्षा अहम: विक्रांत

खैरागढ़/ नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम दपका में शाउमा विद्यालय एवं सामुदायिक भवनों आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य,जिपं सभापति घम्मन साहू की अध्यक्षता जिपं सभापति विप्लव साहू,जनपद सभापति लखन साहू,पारखदास कोसरे शैलेन्द्र मिश्रा की उपस्थिति में हूआ। भवनों का फीता काटकर लोकार्पण करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि समाज और गांव के सर्वागीण विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण होने से गांव के नौनिहाल छात्रो को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने मे सहूलियत होगी इससे गांव और समाज का विकास होगा। सिंह ने कहा कि गांव और समाज विकास के लिए सरकार की ओर से कोई कमी नही होने दी जाएगी।कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सभापति घम्मन साहू ने कहा कि शिक्षा को बेहतर करने सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है। केन्द्र और साय सरकार गांव, गरीब, महिला और किसानो के विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उत्थान के लिए सतत योजना बनाकर कार्य कर रही है। इसका असर अब दिखने लगा है। गांवो मे विकास की गति बेहतर हूईहै। कार्यक्रम में परमानंद साहू, सरपंच सुनीता साहू , ज्ञानचंद साहू , मनहरन देवांगन रत्नेश रजक, सचिव अजहर साहू शिक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

रात्रिकालीन क्रिकेट सुपर लीग

श्रीराम वारियर्स, बीबी ब्लास्टर राइजिंग और चैलेंजर ने जीते अपने पहले मैच

ओमी, अंकित, रूपेन्द्र की धुआंधार बगेबाजी

खैरागढ़/ नवप्रदेश। शहर के फतेह मैदान मे आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट खैरागढ सुपर लीग के दूसरे दिन आयोजित चार मैचों श्रीराम वारियर्स, बीबी ब्लास्टर, राइजिंग चैंपियन और अल्ट्राट्रेक चैलेंजर ने अपने अपने मैच मे जीत दर्ज की । दूसरे दिन का पहला मैच श्रीराम वारियर्स और खैरागढ़ टाइटंस के बीच खेला गया । इस मैच में श्रीराम वारियर्स ने अंकित के ताबड़तोड़ 49 रनो की सहायता से निर्धारित 8 ओवरो मे 105 रन बनाए । जवाबी पारी खेलने उतरी खैरागढ़ टाइटंस निर्धारित लक्ष्य से 26 रन पीछे रह गई । टाइटंस की ओर से विक्की ने 37 रनो की धुआंधार पारी खेली। दूसरे मैच मे बीबी ब्लास्टर ने पहले बगेबाजी करते निर्धारित आठ ओवरो मे रूपेन्द्र के ताबड़तोड़ 54 रनो की मदद से 125 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया । जीत के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नावेल्टी लायंस निर्धारित ओवरो मे लक्ष्य हासिल नही कर पाई और 55 रनो के बड़े अंतर से हार गई । तीसरे मैच मे किंग आफ पिच ने पहले बगेबाजी करते विक्की के 36 रनो की धुंआधार पारी की बदौलत निर्धारित 8 ओवरो मे 70 रन बनाए। निर्धारित 71 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग चैंपियन ने ओमी के धुंआधार 56 रनो की पारी की बदौलत 6 विकेट से जीत दर्ज की । आखिरी मैच मे पहले बगेबाजी करने उतरी अल्ट्राटेक चैलेंजर ने निर्धारित ओवरो मे 80 रन बनाकर द इंजीनियर्स के सामने 81 रनो की चुनौती रखी । लेकिन बेहतरीन गेंदबाजी के चलते द इंजीनियर्स के बगेबाज लक्ष्य हासिल नही कर सके और टीम 57 रन पर ही सिमट गई। पहले मैच मे अंकित दूसरे मैच मे रूपेन्द्र तीसरे मैच मे ओमी को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। रात्रिकालीन सुपर लीग प्रतियोगिता के तहत स्पर्धा के तीसरे दिन बुधवार को चार मैच खेले गए । इसमे अल्ट्राटेक चैलेंजर और महाशक्ति सेना के बीच पहला मैच, निहाल सुपर किंग और श्रीराम वारियर्स के बीच दूसरा, महाशक्ति सेना और खैरागढ़ टांइटंस के बीच तीसरा और आखिरी मैच अल्ट्राटेक चैलेंजर और निहाल सुपर किंग के बीच खेला गया।

गुरुघासीदास बाबा की 268 वां जन्मोत्सव मनाया गया

नगरी/ नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी मे दिन बुधवार को नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र 15 मे सतनाम समाज के अपने मोहल्ले स्तम्भचौक पर महान संत शिरोमणि परम् पूज्यगुरुघासीदास बाबा जी का 268वा जन्मोत्सव मनाया गया जिसमे सुबह जयस्तंभ की पालो चढ़ाया साथ संत शिरोमणि परम् पूज्यगुरुघासीदास छायाचित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया साथ दोपहर को रैली मे छोटे छोटे बच्चे के द्वारा हाथो पर ध्वजा लेकर निकले साथ ही गुरुघासीदास बाबा जी की जय कारे लगाते दिखाई दिये साथ ही चौक चौरा पर युवाओं के द्वारा पथी नृत्य करते दिखाई दिये।

हिंचापुर में गुरुघासी दास जयंती मनाई गई

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम हिंचापुर में गुरुघासी दास जयंती गांव में बड़ी धूमधाम से मनाया गया गुरु घासीदास बाबा की छायाचित्रण समाज के लोगों एवं आसपास के मोहल्ले वासी द्वारा बड़ी संख्या में पूजा अर्चना करते दिखाई दिए जिसमें मुख्य अतिथि प्रेम नारायण सिन्हा नारायण कांडे लक्ष्मी नाथ कांडे रवि कांडे गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे नया जैतखंभ के लिए प्रेम नारायण सिन्हा द्वारा यथा योग्य वित्तीय सेवा देने की घोषणा की गई

भाजपा सरकार का कुशासन के माहौल में सुशासन दिवस मनाना दुर्भाग्यजनक

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने अपने एक जारी बयान में कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जाने को हास्यास्पद बताया है उन्होंने कहा कि वास्तविक धरातल पर कुशासन ही कुशासन है पूरे प्रदेश में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। प्रशासनिक महकमें में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के नेता भ्रष्टाचार और खुशियां मनाने में मस्त है। जनता कह रही है बुनियादी समस्याएं विकराल रूप लेती जा रही है। साय सरकार को हरा ही हरा सुछ रहा है। सोसाइटियों में धान खरीदी व्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई है। पूरे प्रदेश में अवैध शराब का बोलबाला है। खुद सरकार कोचिंयो के माध्यम से शराब बिकवाकर सरकार के नुमाइंदे अपने जेब भरने में लगे हैं। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने हाफ बिजली योजना लागू की थी। सत्ता में बैठते ही पब्लिक को 440 वोल्ट का ऐसा करंट मार की जनता को कांग्रेस सरकार याद आने लगी। आज जनता अनाप शनाप बिजली बिल से परेशान है। रसोई में गृहणियों को महंगाई को लेकर रोना पड़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए बेहतर योजना लाई। आज जो किसानों को धान के समर्थन दर पर वृद्धि का लाभ मिल रहा है। वह कांग्रेस की देन है भाजपा ने चुनाव के समय 3100 रुपये प्रति क्विंटल एक मुस्त भुगतान का वादा किया था। वह झूठा निकला किसान भाजपा को कोस रहे हैं। खुद उनकी पार्टी से जुड़े किसान अपनी सरकार किरकिरी कर रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में पूर्ण शराबबंदी को लेकर इतना हल्ला मचाने वाली भाजपा खुद शराब बिकाकर अपनी तिजोरी भर रही है। जनता की सेहत से खुद खिलवाड़ कर रही है। खुद सरकार के नुमाइंदे शराब में बड़ी चालाकी से पानी मिलाकर मुनाफा कमा रहे हैं।

बढ़ता अपराध

शार्ट पी. एम. रिपोर्ट में डाक्टर ने मृतक के मृत्यु गला घोटने से होना बताया

पुरानी रंजिश की बात को लेकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को गरियाबंद पुलिस ने किया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना प्राप्त हुआ कि थाना पांडुका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपरा तर्रा रोड दानी तालाब के पास एक युवक का संदिग्ध हालत में शव प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा संबंधित थाना प्रभारी पाण्डुका को घटना के संबंध में विस्तृत जांच करने हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी पांडुका के द्वारा अपने हमराह स्टाफ के साथ ग्राम कोपरा पहुंचकर घटना के संबंध में मृतक के परिजनों एवं आसपास के गवाहों से पूछताछ करने पर मृतक की हत्या करने के संबंध में बात का खुलासा हुआ जिस संदेही आरोपी चुम्मन लाल वर्मा एवं सुरश्याम तारक के विरुद्ध हत्या का मामला धारा 103(1) 3(5) ठछै ।बज दर्ज कर जांच कार्यवाही में लिया गया। मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17.12.2024 को सूचक गोलू विश्वकर्मा रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा छोटा भाई शिव कुमार विश्वकर्मा उर्फ माइकल प्रतिदिन की तरह काम में गया था। मृतक शिवकुमार ने अपने भाई को घर जाने को बोलकर मैं थोड़ी देर में आ रहा हूं कह कर गढाही चौक के पास रुक गया जो रात भर घर नहीं आने पर सुबह अपने दोस्त के साथ सोच के लिए तालाब दानी तालाब तालाब गया था जहां पर तालाब के किनारे एक व्यक्ति पीला टी-शर्ट पहन पानी के ऊपर उफ्ला देखा जिसे नजदीक में जाकर देखा तो अपना छोटा भाई शिव कुमार का हो ना पाया जिसकी सूचना पर थाना पांडुका में मर्ग क्रमांक 42rd2024 धारा 194 ठछै कायम जॉच कार्यवाही मे लिया गया। दिनांक 18.12.2024 को मृतक शिवकुमार विश्वकर्मा उर्फ माईकल के शव का सीएचसी राजिम मे पीएम कराकर पीएम कर्ता डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया शार्ट पी. एम. रिपोर्ट में डाक्टर ने मृतक के मृत्यु गला घोटने के कारण होना लेख किया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103 (1) बीएनएस. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान संदेह के आधार पर आरोपीगण 01. चुम्मन लाल वर्मा, 02. सुरश्याम तारक से पुछताछ करने पर दिनांक 17.12.2024 के रात्रि करीबन 08.00 बजे दोनो पुरानी रंजिश की बात को लेकर मृतक शिव कुमार की हत्या करने की योजना बनाकर अपने मोटर सायकल होण्डा साईन क. सीजी 04 केसी 9902 में खोजते हुये तर्रा रोड जाते समय दानी तालाब कोपरा के पास शिवकुमार विश्वकर्मा मिला जिसे जमीन में गिराकर दोनो मिलकर गला दबाकर हत्या कर शव को दानी तालाब में फेंकना कबूल किया। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से विधिवत समक्ष गवाह के गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में थाना पांडुका पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

नाम आरोपी

1) चुम्मन लाल वर्मा पिता कृष्ण कुमार वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कोपरा थाना पांडुका

2) सुरश्याम तारक पिता गंगाराम तारक उम्र 40 वर्ष निवासी कोपरा थाना पांडुका

पुलिस अधीक्षक ने बैगा बच्चों के साथ खेला क्रिकेट

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह (IPS) ने कूकदूर थाना अंतर्गत वनांचल ग्राम दीवान पटपर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैगा बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल के माध्यम से एकजुटता, अनुशासन और टीम भावना का महत्वपूर्ण संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने खेल समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को ?1000 की नगद राशि देकर सम्मानित किया। यह सम्मान बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा और खेल के महत्व पर जोर दिया। श्री सिंह ने बैगा बच्चों से उनकी पढ़ाई के विषय में चर्चा की और उन्हें बताया कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही, यदि वे किसी भी प्रकार की शिक्षा से संबंधित समस्या का सामना कर रहे हों, तो उसे हल करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

न्यूज गैलरी

सेबी ने एसएमई-आईपीओ के नियम सख्त किए

नई दिल्ली। सेबी के बोर्ड ने एसएमई आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) बाजार को मजबूत करने, लिस्टिंग की गुणवत्ता में सुधार करने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई उपायों को मंजूरी दी है। इसके तहत, एसएमई कंपनियां आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल प्रमोटरों, निदेशकों और संबंधित पार्टियों से लिए गए कर्ज का भुगतान करने में नहीं कर सकेंगी। बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को छोटे एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सख्त नियामकीय ढांचे को मंजूरी दे दी। इसके तहत, आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) लाने की योजना बना रहे एसएमई के लिए जरूरी है कि ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल करते समय उनका परिचालन लाभ पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से दो में कम-से-कम एक करोड़ रुपये होना चाहिए। इसका मकसद तेजी से बढ़ते एसएमई सेगमेंट में पारदर्शिता, प्रबंधन और फंड के दुरुपयोग से जुड़ी चिंताओं को दूर करना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के बोर्ड ने एसएमई आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) बाजार को मजबूत करने, लिस्टिंग की गुणवत्ता में सुधार करने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई उपायों को मंजूरी दी है। इसके तहत, एसएमई कंपनियां आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल प्रमोटरों, निदेशकों और संबंधित पार्टियों से लिए गए कर्ज का भुगतान करने में नहीं कर सकेंगी। साथ ही, कंपनी के शेयरधारक आईपीओ अवधि के दौरान अपनी 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी नहीं बेच सकेंगे।

ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स जल्द ही ई-वॉलेट से कर सकेंगे निकासी

नई दिल्ली। ईपीएफओ और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के ग्राहक जल्द ही ई-वॉलेट के जरिये दावा निपटान राशि का उपयोग करने में सक्षम हो सकते हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के सब्सक्राइबर्स जल्द ही ई-वॉलेट के जरिये दावा निपटान राशि का इस्तेमाल कर सकेंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय इस पर योजना बनाने के लिए आरबीआई से बातचीत कर रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की तुरंत निकासी पर पूछे गए सवाल पर कहा, यह बीमाकृत व्यक्ति और एक योगदानकर्ता के लिए बहुत रुचि का क्षेत्र है कि वह अपना पैसा अधिक आसानी से कैसे निकाल सकता है। सुमिता डावरा ने कहा कि, स्वतः निपटान के मामलों में ईपीएफ का पैसा बैंक खाते में जाता है और अंशधारक इस राशि को बैंक खाते से किसी भी एटीएम के जरिये निकालने में सक्षम हैं। अब आप इस बारे में बात कर रहे हैं कि दावा निपटान राशि सीधे ई-वॉलेट में कैसे जा सकती है, तो इसके लिए हमें कोई व्यवस्था बनानी होगी। इस सुविधा को व्यावहारिक तरीके से शुरू करने के लिए हमने बैंकरों से बातचीत शुरू कर दी है। अभी स्वतः निपटान के मामलों में ईपीएफ का पैसा बैंक खाते में जाता है और सब्सक्राइबर इसे किसी भी एटीएम से निकाल सकता है।

राम मोहन राव का चयन एसबीआई के प्रबंध निदेशक पद के लिए

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को बताया कि केंद्र सरकार ने राम मोहन राव अमारा को बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं। सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक के पद पर राम मोहन राव अमारा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एसबीआई ने बुधवार को एक सरकारी अधिसूचना का हवाला देते हुए शेयर बाजार को बताया कि उसके उप-प्रबंध निदेशक अमारा को तीन साल की अवधि के लिए बैंक में प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह देश के सबसे बड़े ऋणदाता के चेयरमैन के रूप में सी एस शेट्टी की पदोन्नति के बाद खाली हुए स्थान को भरेंगे। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने यह निर्णय लिया। इस साल सितंबर में, अमारा को सरकारी बैंकों और संस्थानों के निदेशकों को तलाशने के लिए बनी एफएसआईबी ने इस पद के लिए अनुशंसित किया था।

भारतीय सूचकांक भी बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर कारोबार करते दिखे

फेड का फैसला बिकवाली की मार झेल रहे भारतीय बाजार पर पड़ा भारी

नई दिल्ली। अमेरिका के केंद्रीय बैंक का एक फैसला गुरुवार को भारतीय बाजार पर भारी पड़ गया। फेड की ओर से 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती का अनुमान जताए जाने के बाद अमेरिकी बेंचमार्क सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। भारतीय सूचकांक भी बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर कारोबार करते दिखे।

अमेरिका के केंद्रीय बैंक का एक फैसला गुरुवार को भारतीय बाजार पर भारी पड़ गया। फेड की ओर से 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती का अनुमान जताए जाने के बाद अमेरिकी बेंचमार्क सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। बुधवार को डाओ (2.58%), एसएंडपी 500 (2.95%) और नैस्डेक (3.56%) सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजार की इस गिरावट का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। पहले से गिरावट की मार झेल रहे भारतीय सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी भी लगभग एक प्रतिशत तक नीचे फिसल गए। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर सेंसेक्स 829.03 (1.03फीसदी) अंक फिसलकर 79,334.71 पर कारोबार करता दिखा। वहीं, निफ्टी 213.30 (0.88 फीसदी) अंक फिसलकर 23,985.55 पर पहुंच गया। अमेरिका केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती पर फिलहाल क्या फैसला लिया है, 2025 में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर फेड अध्यक्ष क्या बोले हैं।

फेड ने नीतिगत ब्याज दरों में एक चौथाई अंक कटौती का लिया फैसला अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दरों में एक चौथाई (0.25) अंक की कटौती की। सितंबर में उधार लेने की लागत कम करने के बाद से फेड की ओर से की गई यह तीसरी कटौती है। फेड के इस कदम के बाद अमेरिकी बेंचमार्क उधार दर 4.25%-4.5% के दायरे में आ गई है, यह बीते दो वर्षों का निम्नतम स्तर है। फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि नवीनतम दर कटौती का फैसला बहुत कठिन था। बैठक के दौरान अधिकारियों के दिमाग में हाल ही में आए मुद्रास्फीति के आंकड़े थे। क्लीवलैंड फेड के अध्यक्ष बेथ हैमैक एकमात्र ऐसे व्यक्ति रहे जिन्होंने बुधवार के फैसले पर असहमति जताई और ब्याज दरों को मौजूदा स्तरों पर रखने के पक्ष में रहे। फेड ने संकेत दिया कि वह भविष्य में दरों को स्थिर रखने की कोशिश करेगा, क्योंकि मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के 2% लक्ष्य से लगातार ऊपर बनी हुई है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने कर्ज की ऊंची लागत के बीच उल्लेखनीय रूप से खुद को लचीला साबित किया है।

2025 में केवल दो दर कटौती करने की फेड की योजना

फेड अधिकारियों ने अपने नवीनतम पूर्वानुमानों के अनुसार अगले वर्ष यानी 2025 में केवल दो दर कटौती की योजना बनाई है। पिछली बार सितंबर में चार कटौतियों का अनुमान लगाया गया था। अधिकारियों ने यह भी अनुमान लगाया है कि 2025 में आर्थिक वृद्धि थोड़ी मजबूत होगी, बेरोजगारी थोड़ी कम होगी और मुद्रास्फीति पहले की अपेक्षा अधिक रहेगी। अनुमानों से पता चलता है कि फेड अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले साल अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उछाल आएगा, मंदी की कोई संभावना नहीं है। उन्हें उम्मीद है कि मुद्रास्फीति 2027 तक 2% को नहीं छूएगी।

बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा

सोना 200 रुपए गिरकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 500 रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपए घटकर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपए चढ़कर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये घटकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपए चढ़कर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में यह सफेद धातु 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर चुकी है। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपए

घटकर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि इससे पहले इसका भाव 78,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार, सोने पर निवेशक रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है, क्योंकि बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा है, जो बुलियन कीमतों के लिए आगे का मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 74 रुपये अथवा 0.1 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,945 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष अनुसंधान विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा, ÷सोना एक रेंज के भीतर कारोबार कर रहा है। बाजार प्रतिभागी आज रात फेड की नीति घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फेड के 2025 के दृष्टिकोण और नौकरी बाजार से जुड़ी चिंताओं पर भी बाजार का ध्यान है। एमसीएक्स पर सोना 76,950 रुपये के करीब कारोबार कर रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि फेड की घोषणा से सोने की कीमतों में अगले चरण की चाल तय होने की उम्मीद है। हालांकि, एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी चांदी का भाव 45 रुपये यानी 0.05 प्रतिशत गिरकर 90,830 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। एशियाई कारोबारी सत्र में कॉमेक्स सोना वायदा 0.08 प्रतिशत बढ़कर 2,664.10 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती और उम्मीद से बेहतर अमेरिकी खुदरा बिक्री आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। इस बीच, वैश्विक बाजारों में चांदी 30.92 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कमोडिटी रिसर्च विश्लेषक मानव मोदी ने कहा, ÷अमेरिकी डॉलर में मजबूती, ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी, मिश्रित अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और युद्धविराम अपडेट के कारण सोने और चांदी में गिरावट आई।

सीतारमण ने लोकसभा में दी जानकारी

मुझसे दोगुना रकम ली गई, मैं राहत का हकदार, वसूली की कार्रवाई पर तिलमिलाया माल्या

नई दिल्ली। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि भगोड़े विजय माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है। इसके जवाब में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने कहा कि ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) ने किंगफिशर एयरलाइंस (केएफए) का ऋण 6203 करोड़ रुपये निर्धारित किया था। फिर मुझसे ज्यादा रकम क्यों वसूली गई? संसद में आर्थिक अपराधियों से वसूल की गई रकम के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से दी गई जानकारी पर भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने जवाब दिया है। विजय माल्या ने कहा कि उनसे किंगफिशर एयरलाइंस मामले में न्यायाधिकरण की ओर से तय की गई राशि से दोगुना रकम वसूल की गई। मुझे राहत मिलनी चाहिए। लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों की पहली किस्त पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि भगोड़े विजय माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है। इसके जवाब में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने एक्स पर लिखा कि ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) ने किंगफिशर एयरलाइंस (केएफए) का ऋण 6203 करोड़ रुपये निर्धारित किया था। इसमें 1200 करोड़ रुपये का ब्याज शामिल है। वित्त मंत्री ने संसद में कहा कि ईडी के माध्यम से बैंकों ने 6203 करोड़ रुपये की जगह मुझसे 14,131.60 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। इसके बाद भी मैं आर्थिक अपराधी हूं। जब तक ईडी और बैंक कानूनी रूप से यह साबित नहीं कर देते कि उन्होंने दोगुने से अधिक ऋण कैसे वसूल किया है, मैं राहत पाने का हकदार हूं, इसके लिए मैं प्रयास करुंगा। माल्या ने लिखा कि किंगफिशर एयरलाइंस (केएफए) ऋण को लेकर मैंने जो भी कुछ दिया है, वह कानूनी रूप से सत्यापित है। फिर भी मुझसे न्यायाधिकरण के फैसले में तय की गई वसूली की रकम के अलावा 8000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई है। क्या कोई है जिसमें मुझे खुलेआम गाली देने वाले लोग भी शामिल हैं।

कोरोना काल के बाद तेजी से बढ़ी भविष्य के लिए बचत की प्रवृत्ति

दिल्ली। बैंक बाजार की मनीमूड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 47 फीसदी लोग मुनाफे, 44 फीसदी लाइफस्टाइल बेहतर करने, 42 फीसदी घूमने, 31 फीसदी सेवानिवृत्ति, 28 फीसदी लग्जरी उत्पादों पर खर्च करने और 27 फीसदी लोग कौशल विकास के लिए बचत कर रहे हैं। कोरोना महामारी के दौर में लगे झटकों के बाद लोगों में बचत करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है और खासकर आपातकालीन खर्चों के लिए।

अब आलम यह है कि सबसे ज्यादा 61 फीसदी लोग संकट के समय में घर के जरूरी खर्चे चलाने के लिए बचत कर रहे हैं। इसके बाद 48 फीसदी लोग बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए पैसा बचा रहे हैं। बैंक बाजार की मनीमूड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 47 फीसदी लोग मुनाफे, 44 फीसदी लाइफस्टाइल बेहतर करने, 42 फीसदी घूमने, 31 फीसदी सेवानिवृत्ति, 28 फीसदी लग्जरी उत्पादों पर खर्च करने और 27 फीसदी लोग कौशल विकास के लिए बचत कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबी अवधि में बचत करने के लिए लोग फिक्स्ड एवं रिकरिंग डिपॉजिट की जगह अब म्यूचुअल फंड एसआईपी में अधिक निवेश कर रहे हैं। इस साल 62 फीसदी लोगों ने एसआईपी में पैसा लगाया है, जो 2022 के 57 फीसदी की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। फिक्स्ड एवं रिकरिंग डिपॉजिट में अपनी गाढ़ी कमाई लगाने वालों की संख्या 54 फीसदी की तुलना में बढ़कर 57 फीसदी पहुंच गई है। इस साल दिवाली वाले महीने में लोगों ने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर दिए।

स्पाइसजेट ने जेनेसिस के साथ 1.6 करोड़ डॉलर से अधिक का विवाद सुलझाया

नई दिल्ली। एयरलाइन ने कहा कि समझौते के तहत, स्पाइसजेट जेनेसिस को 60 लाख डालर का भुगतान करेगी और जेनेसिस 100 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 40 लाख डॉलर के स्पाइसजेट इक्विटी का अधिग्रहण करेगी। एयरलाइन के अनुसार इस समझौते से एयरलाइन को महत्वपूर्ण बचत भी होगी, और यह दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ेगा। भारतीय एयरलाइन स्पाइसजेट ने वाणिज्यिक विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी डबलिन स्थित जेनेसिस एयरक्राफ्ट सर्विसेज के साथ 1.6 करोड़ अमेरिकी डालर से अधिक के विवाद का निपटारा कर लिया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि समझौते के तहत,

स्पाइसजेट जेनेसिस को 60 लाख डालर का भुगतान करेगी और जेनेसिस 100 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 40 लाख डॉलर के स्पाइसजेट इक्विटी का अधिग्रहण करेगी। एयरलाइन के अनुसार इस समझौते से एयरलाइन को महत्वपूर्ण बचत भी होगी, और यह दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ेगा। जेनेसिस के साथ समझौता स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिरता बहाल करने, परिचालन में लचीलापन हासिल करने और कानूनी देनदारियों को कम करने की प्रतिबद्धता के तहत उठाया गया है। समझौते के तहत, दोनों पक्ष उचित मंचों पर इस मामले से संबंधित सभी मुकदमों और विवादों को सुलझाने पर सहमत हुए हैं। स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, यह समझौता वित्तीय स्थिरता की दिशा में हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हमें रचनात्मक बातचीत के माध्यम से जेनेसिस के साथ इस मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने की खुशी है। यह समझौता, जिसमें जेनेसिस स्पाइसजेट में इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करेगा, हमारी वित्तीय देनदारियों को काफी कम करेगा और हमारी बैलेंस शीट को और मजबूत करेगा। यह समझौता अन्य पट्टेदारों जैसे होराइजन एविएशन, इंजन लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन, एयरकैसल, विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी, शैनन इंजन सपोर्ट लिमिटेड, एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा के साथ सफल समाधानों की एक श्रृंखला के बाद हुआ है। सितंबर 2024 में, कार्लाइल एविएशन ने 3 करोड़ डॉलर के पट्टे के बकाये को 100 रुपये प्रति शेयर पर स्पाइसजेट इक्विटी में बदलने पर सहमति व्यक्त की थी।

खेल

पाकिस्तानी टीम भी भारत में टूर्नामेंट नहीं खेलेगी

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे

दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेलेगा। यानी टीम के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। ढ्ढष्ट की मीटिंग में हुए एग्रीमेंट के हिसाब से 2024 से 2027 तक भारत में होने वाले सभी टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम भी अपने मैच न्यूट्रल जगह पर खेलेगा।इस समझौते से भारत में होने वाले 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम अपने सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। इससे पहले जब ICC ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को बताई गई थी। तब PCB ने ICC के सामने कुछ शर्तें रखी थी। जिसमें पाकिस्तान ने कहा था की उनके

भारत में होने वाले सभी टूर्नामेंट मैच वह भारत की जगह किसी अन्य स्थान पर खेलना पसंद करेगा। जिसे अब ICC ने मान लिया है।सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने ICC के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में 5 दिसंबर को सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई थी।

शाह इसी महीने दुबई स्थित हेडक्वार्टर भी पहुंचे थे। मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए। पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया। PCB ने भारत के साथ ट्राई सीरीज कराने की मांग की PCB ने भविष्य में भारत के साथ किसी न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन BCCI और ICC दोनों ने इस पर हामी नहीं भरी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 से कोई सीरीज नहीं हुई है, दोनों टीमें ICC और ॅष्ट टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं। भारत में कोई टूर्नामेंट हो तो उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर हों पाकिस्तान की यह मांग ICC ने मान ली है। अब भारत में कोई टूर्नामेंट होगा तो पाकिस्तानी टीम के मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। हालांकि, BCCI ने पहले कहा था कि भारत में सिक्योरिटी को लेकर कोई परेशानी नहीं है, इसलिए पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर न हो। चैंपियंस ट्रॉफी के 5 मैच पाकिस्तान से छीने गए, PCB ने इसके लिए कॉम्पनसेशन भी मांगा, इस डिमांड को ICC ने मान लिया। भारत के ग्रुप में नहीं रहना चाहता पाकिस्तान PCB ने यह भी डिमांड रखी कि अगर भारत न्यूट्रल वेन्यू पर ही खेलना चाहता है तो पाकिस्तान को उसके ग्रुप से अलग कर दिया जाए। ताकि पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच होम ग्राउंड पर ही खेले, लेकिन ICC और BCCI के साथ ब्रॉडकास्टर्स ने भी उनकी इस मांग का विरोध कर दिया, क्योंकि किसी भी टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच ब्लॉकबस्टर इवेंट की तरह रहता है। चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें 1 मार्च को दुबई में भिड़ सकती हैं। फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू बढ़ाया जाए PCB चाहता है कि उसके फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू 5.75 परसेंट से बढ़ाया जाए। साथ ही 2031 तक भारत में होने वाले सभी बड़े इवेंट हाइब्रिड मॉडल में ही हों। फैसले में देरी क्यों हुई शुरुआत में भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान पहले तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा, लेकिन भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है।

WTC फाइनल के लिए भारत को चाहिए 2 जीत, 2 ही मैच बाकी

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के पास हैं ज्यादा मौके

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ हो गया। इस नतीजे के बाद दोनों के बीच 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया नंबर-2 और भारत नंबर-3 पर कायम है। साउथ अफ्रीका पहले नंबर पर है। भारत को अपने दम पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने ही होंगे। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया 4 में से 3 मैच जीत ले तो टॉप-2 में फिनिश कर जाएगा। वहीं, साउथ अफ्रीका को पाकिस्तान के खिलाफ 2 टेस्ट में एक ही जीत की जरूरत है। भारत तीसरे नंबर पर, 2 जीत चाहिए ब्रिस्बेन में ड्रॉ खेलने के

बाद भी भारत के ड्ढञ्जष्ट फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा हैं। भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 पॉइंट्स हैं। टीम पर 2 पॉइंट्स की पेनल्टी लगी थी, इसलिए फिलहाल 55.88% पॉइंट्स के साथ उनकी पोजिशन नंबर-3 है। भारत के अब 2 मैच ऑस्ट्रेलिया से ही मौजूदा सीरीज में बाकी है। टीम एक भी मैच हारी तो फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी।ऑस्ट्रेलिया को 3 जीत चाहिए ङ्खञ्जष्ट में ऑस्ट्रेलिया अब तक एक ही मैच जीत सका, लेकिन टीम के पास फाइनल में पहुंचने के ज्यादा मौके बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया के 15 मैच में 9 जीत, 4 हार और 2 ड्रॉ से 106 पॉइंट्स हैं। टीम पर 10 पॉइंट्स की पेनल्टी भी लगी, इसलिए उनके 58.89% पॉइंट्स हैं। भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका में 2 टेस्ट खेलने हैं। उन्हें अपने दम पर क्वालिफाई करने के लिए 60% से ज्यादा पॉइंट्स चाहिए। एक जीत से बन जाएगा साउथ अफ्रीका का काम WTC फाइनल की रेस में सबसे आसान काम साउथ अफ्रीका का लग रहा है। साउथ अफ्रीका के 10 मैच में 6 जीत, 3 हार और 1 ड्रॉ के साथ 76 पॉइंट्स हैं।

न्यूज़ गैलरी

एनएचएम 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को सौंपेंगा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि ग्रेड पे एवं 18 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में शासन के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वास्थ्य मंत्री सचिव स्वास्थ्य विभाग एवं वर्तमान सरकार के वित्तमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को 50 से अधिक बार ज्ञापन सौंपने के उपरांत भी मांग पूरी नहीं की गई है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. अमित कुमार मिरी प्रांताध्यक्ष ने देते हुए बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्तमान समय में 16 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। 60 प्रतिशत वेतन की राशि केंद्रीय मंत्रालय से एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन से प्राप्त होती है। अन्य राज्यों में जैसे मप्र मणीपुर आदि में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की मांगें पूर्ण की गई है किंतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अब तक मांगों की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी संघ 25 दिसंबर को जिला मुख्यालयों के अटल चौकों में ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों के प्रति जनता का ध्यान आकृष्ट करेंगे। मांगें पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मजबूरन आपातकालीन सेवा में बाधा उत्पन्न कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि विधान सभा के शीतकालीन सत्र में उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूर्ण किया जाए।

व्यापारिक संघों को चिल्हर वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलचा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक रायपुर के मण्डल प्रमुख श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा की पहल पर मोबाइल कैश वैन के माध्यम से चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में विभिन्न व्यापारिक संघों को चिल्हर वितरण किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि आज पंजाब नेशनल बैंक करेन्सी चेस्ट द्वारा चेम्बर के माध्यम से व्यापारिक संघों एवं व्यापारियों को चेम्बर भवन में चिल्हर वितरण किया गया। इससे बाजार में चिल्हर की समस्याओं से कुछ हद तक निजात मिल जायेगा एवं व्यापार सुचारू रूप से संचालित होगा। पारवानी ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी अन्य बैंकों के करेंसी चेस्ट द्वारा भी समय-समय पर केम्प लगाकर चिल्हर एवं करेंसी वितरण किया जाये जिससे व्यापारियों को चिल्हर संबंधी परेशानी से मुक्ति मिल सके। करेंसी चेस्ट रायपुर के शाखा प्रबन्धक श्री सतीश मालिक ने बताया कि बाजार में लेन-देन हेतु चिल्हर की कमी के कारण व्यापारी व ग्राहक के बीच लेन-देन में हो रही असुविधा को देखते हुए व्यापारियों को 1,2,5,10, एवं 20 का सिक्का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, हिमांशु वर्मा, योगेश भानुशाली सहित युवा चेम्बर की टीम, अवनीत सिंह तथा अनेक व्यापारिक संघों के प्रतिनिधि एवं व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में प्रदेश सरकार की विफलताओं को लेकर पदयात्रा निकाली। राज्य की विष्णु देव साय सरकार एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियां बता रही हैं और कांग्रेस भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में संतोषी नगर से इंदिरा गांधी चौक तक रैली निकाली और जमकर नारेबाजी की। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा प्रदेश में लूट, हत्या व बलात्कार जैसी घटनाएं आम बात हो गई है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस और पुलिस परिवार पर हमला हो रहा है। किसान धान बेचने दर-दर भटक रहे हैं। बलौदा बाजार व कवर्धा की घटना से प्रदेश की बदनामी हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था व अर्थव्यवस्था की हालत खराब है और बेरोजगारी चरम पर है। विष्णु देव साय की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं।

नक्सली मंसूबों पर चोट

जिस जगह 76 जवान हुए थे शहीद, वहां सामुदायिक केंद्र को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

नक्सली हमले में बच्चों को बचाने वाले आरएमए मुकेश बख्शी का भी अमूल्य योगदान

रायपुर/नवप्रदेश। सुकमा जिले में नक्सली मूवमेंट पर मंसूबों पर बड़ी चोट पहुंची है। जिस जगह में नक्सली अपना गढ़ मानते थे, वहां एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसे इसलिए महत्वपूर्ण नजरिए से भी देखा जा रहा है कि क्योंकि इसी चिंतागुफा नामक स्थान पर 76 जवान नक्सली हमले में शहीद हुए थे। तब से इस क्षेत्र में लोगों में एक खौफ कायम हो गया था। लेकिन नक्सलियों के इस हमले वाले स्थान पर सरकार ने सुरक्षा बलों के सहयोग से विकास की धारा बहाई और उसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की कड़ी में चिंतागुफा में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापाना की, जहां सभी सुविधाएं लोगों को सुचारू रूप से मिल रही हैं। अब इसे केंद्र सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।

इस वजह से राष्ट्रीय पुरस्कार मिला

15 व 16 नवंबर 2024 को केंद्र सरकार की एनक्वास टीम ने चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया था। ओपीडी, आईपीडी, लैब, लेबर रूम और प्रशासनिक कार्य जैसे सभी विभागों की समीक्षा में उच्च रैंक हासिल किया।

स्वास्थ्य केंद्र को 89.69 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त हुआ है।

आरएमए मुकेश बख्शी की सेवा भावना ने बदली तस्वीर

चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र 2009 में आरएमए मुकेश बख्शी की पदस्थापना से अस्तित्व में आया था। 11 अप्रैल 2011 को नक्सलियों ने एंबुलेंस पर हमला कर दिया, जिसमें आरएमए मुकेश बख्शी और कई बच्चे मौजूद थे। आरएमए एंबुलेंस में बच्चों को बेहतर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल जा रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने एम्बुस लगाकर एंबुलेंस पर गोलीबारी की। हालांकि, किस्मत से किसी को गोली नहीं लगी। नक्सलियों ने सभी को नीचे उतार कर जमीन पर लिटाकर बंदूक टिका दिया था। आरएमए मुकेश बख्शी के बार-बार निवेदन करने पर नक्सलियों ने सभी को छोड़ दिया। बख्शी ने सेवा भावना से लोगों का दिल जीतकर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की नींव मजबूत की। बख्शी को धन्वंतरी और हेल्थ आइकान सम्मान दिया गया है।

चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत पांच उप स्वास्थ्य केंद्र

चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत पांच उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिसमें 45 घोर नक्सल प्रभावित गांव आते हैं। सुकमा कलेक्टर के अपहरण के बाद रिहाई का क्षेत्र हो या बुरकापाल में बलिदानियों की याद, सब इसी इलाके की घटना है। कोंटा विकासखंड अंतर्गत स्थित यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित है, जिसके अंदरूनी गांवों में आज भी नक्सलियों की दहशत है। हालांकि, बदले हालात में नक्सली कमजोर हो रहे हैं और लोगों तक सरकारी मदद पहुंच रही है।

सड़क निर्माण में गड़बड़, ठेकेदार के खिलाफ होगी एफआईआर : डिप्टी सीएम शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में आज डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने एक सड़क निर्माण में गड़बड़ी के मामले में 5 लोगों को निलंबित करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने ठेकेदार से वसूली करने और उसके खिलाफ एफआईआर करने की भी घोषणा की है। मामला दंतेवाड़ा जिला का है। यह मामला सदन में प्रश्नकाल के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया। उन्होंने पूछा था कि जिला निर्माण समिति, दंतेवाड़ा अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत प्रधान मंत्री सड़क योजना अंतर्गत कोरकोट्टी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम हिरोली से हेल्प सेंटर तक पहुंच मार्ग भाग-1 व 2 की टेंडर/रिटेंडर कब-कब हुआ और इसकी लागत राशि कितनी है कार्यादेश कब हुआ एवं उसकी एजेंसी व प्रोपाईटर का नाम, पता सहित बतायें योजनांतर्गत मिट्टी कार्य अनुबंध के तहत् कितने घनमीटर की दर से किया जाना था और कितने दर से किया किया गया और कितनी लागत आयी सड़क निर्माण अंतर्गत अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुयी है यदि हां, तो क्या-क्या अनियमितता पायी गयी और उसके जिम्मेदार कौन हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही, किनके द्वारा की गयी इस पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डी.एम.एफ. मद में स्वीकृत नहीं है अपितु यह कार्य जिला निर्माण समिति को विशेष केन्द्रीय सहायता मद में स्वीकृत है। बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मुख्यमार्ग से कोरकोटी तक (भाग- 01 से 13 तक), तथा बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेन्टर तक 3.50 कि.मी. (भाग 01), बी.टी. सड़क निर्माण कार्य हिरोली हेल्थ सेन्टर से हिरोली कैम्प डोकापारा तक 3.50 कि.मी. (भाग 02) है। मंत्री ने इस मामले में शिकायत मिलने की बात स्वीकार की। बताया कि प्रथम स्तरीय जाँच कलेक्टर दन्तेवाड़ा के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय टीम गठित कर करायी गई है, जिसकी भौतिक सत्यापन में अर्थवर्क, जी.एस.बी., डामरीकरण कार्य, डब्ल्यू.बी.एम. एवं सोल्डर कार्य, पुलिया सह रिटेनिंगवाल में अनियमितता का उल्लेख है। चंद्राकर ने पूरक प्रश्न में भुगतान को लेकर पूछा, उन्होंने जानना चाहा कि क्या ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया है। इस पर मंत्री ने लागत दर से कम भुगतान की जानकारी दी। इसके बाद मंत्री ने बताया कि शिकायत के आधार पर 5 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ईई अनिल राठौर सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके विरुद्ध जांच की जा रही है। कार्यपालन अभियंता दामोदर सिंह सिदार निलंबति करके विभागीय जांच की जाएगी। तारेश्वर दिवान एसडीओ निलंबित करके विभागीय जांच की जाएगी। आरबी पटेल सहायक अभियंता निलंबित करके विभागीय जांच की जाएगी। एक उप अभियंता का निधन हो गया है। रविकांत सारथी उप अभियंता को निलंबित किया जा चुका है। ठेकेदार के खिलाफ वसूली और एफआईआर का आदेश हो गया है। इस मामले में सवाल जवाब के दौरान चंद्राकर ने भ्रष्टाचार छिपाने का आरोप लगाया, जिस पर मंत्री ने भी तीखा पलटवार किया।

सड़क हादसे की जांच : लोक निर्माण विभाग की लापरवाही उजागर

- यातायात संबंधी सूचना और सांकेतक तक की व्यवस्था नहीं
- चार इंच रोड सोल्डर नीचे दबने सहित आदि सुधारने के दिशा-निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। बालोद जिले में 16 दिसंबर को भीषण सड़क हादसा हुआ था। इसमें सात लोगों की मौत और 6 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद शासन के निर्देश पर 17 दिसंबर को जांच उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की गई थी। यह दुर्घटना चौरहापड़ाव थाना हौण्डी में हुई थी। घटनास्थल का निरीक्षण संजय शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात/संयुक्त परिवहन आयुक्त/अध्यक्ष अतंर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा पु.मु.नवा रायपुर के नेतृत्व में संयुक्त टीम (एनएचआई/लो.नि.वि./पुलिस/परिवहन) ने किया। इस दौरान निरीक्षण का उद्देश्य था, दुर्घटना के वास्तविक कारणों को जानने एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने का प्रयास। जिसे देखते हुए मौके पर बोरहापड़ाव के पास रंबल स्ट्रीप, साइन बोर्ड, सोल्डर रिपोरिंग एवं रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंब्ल स्ट्रीप लगवाने संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिया।

दुर्घटनास्थल पर मिलीं ये खामियां

संयुक्त निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल में निम्नानुसार अभियांत्रिक खामी परिलक्षित पाई है, चोरहापड़ाव दुर्घटनास्थल में ट्रैफ्रिक कमिंग उपाय सेंटर लाइन, एज लाइन अच्छी तरह से दिखाई नहीं देने से नया मार्किंग करने, रिफ्लेक्टिव स्टूटस लगवाने, घटनास्थल के आसपास दुर्घटनाजन्य क्षेत्र कृपया धीरे चलें का संकेतक बोर्ड लगवाने, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंबल स्ट्रीप लगवाने, एवं रोड सोल्डर 04 इंच नीचे दब जाने से सोल्डर के सुधार करने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कवि सम्मेलन 5.0 का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर इंडोर स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन 5.0 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित विधायकगण और श्रोतागण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के जयंती पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने सभी मूर्धन्य कवियों का छत्तीसगढ़ की माटी में स्वागत और अभिनंदन किया। साय ने कहा कि बड़े ही शुभ दिन पर यह आयोजन हो रहा है। बाबा गुरु घासीदास का आशीर्वाद प्रदेश वासियों को मिले, उन्होंने यह कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि और गीतकार केदार परिहार को छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में पद्म डॉ. सुरेंद्र दुबे, पद्म डॉ. सुनील जोगी, डॉ. हरिओम पवार, सुअनामिका जैन अंबर, डॉ. अनिल चौबे, स्वयं श्रीवास्तव और रमेश विश्वहार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

निकाय चुनाव के लिए वार्डों के लिए आरक्षण तय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर-बलौदाबाजार समेत कई जिलों में नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए तैयारियां शुरू हो गई है. राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में रायपुर के 70 वार्डों के लिए आरक्षण सूची जारी हो गई है. प्रक्रिया का उद्देश्य आगामी चुनावों में सभी वर्गों का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

बस्तर के 5 संवेदनशील जिलों में योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाएं: मुख्यमंत्री साय

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बस्तर के संवेदनशील 5 जिलों में नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाने का काम कर रहे है। लगातार सुरक्षा कैम्प खुल रहे हैं, उससे भी यह सब संभव हो पा रहा है। उस क्षेत्र में लगातार सड़क, पुल, पुलिया, मोबाइल के टॉवर सब स्थापित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोरबा में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। वे, गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने के लिए बतौर मुख्य अतिथि कोरबा आये हुए थे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अभी दो दिन के प्रवास पर थे। और बड़ा सौभाग्य हमारे छत्तीसगढ़ पुलिस का कि 24 साल में ही छत्तीसगढ़ पुलिस को जो राष्ट्रपति निशान होता है, जो पुलिस के लिए बहुत ही सम्मान और गौरव का विषय होता है, वो हमारे छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला और हमारे देश के यशस्वी गृहमंत्री के कर कमलों से छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला। उन्होंने धान खरीदी के सम्बंध में कहा कि कहीं किसी किसान को धान बेचने में दिक्कत नहीं आ रही है। राइस मिलरों की हड़ताल भी खत्म हो गई है। अब सुचारू रूप से धान खरीदी, वैसे तो कोई बाधा था ही नहीं, वो चलने वाला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश के डिप्टी चीफ मिनिस्टर अरुण साव, खाद्यमंत्री दयालदास बघेल, उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन, केंद्रीय नगरीय विकास मंत्री तोखन साहू भी कोरबा प्रवास पर आए हुए थे।

ईशान्वी सोनी ने पेंटिंग में राज्य स्तरीय पुरस्कार जीता

कोरबा/नवप्रदेश। एक शानदार रचनात्मकता और कलात्मक का प्रदर्शन करते हुए, ईशान्वी सोनी, जो कि डीपीएस एनटीपीसी कोरबा की छात्रा हैं, ने राज्य स्तर पर एक प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर अपनी पहचान बनाई है। यह उपलब्धि न केवल उनकी कलात्मक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि उनके इस कला में उत्कृष्टता हासिल करने के प्रति समर्पण को भी उजागर करती है। ईशान्वी की यह जीत राज्य स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता के रचनात्मक श्रेणी में उनके समर्पण और कला के प्रति उनके जुनून का प्रमाण है।

राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता, जो कि ऊर्जा संरक्षण राज्य स्तरीय कला प्रतियोगिता के रूप में आयोजित की गई थी, में क्षेत्रभर से युवा कलाकारों ने भाग लिया। ईशान्वी की विजेता पेंटिंग ने विषय प्राकृतिक उपहारों की रक्षा करें, स्थिर बदलाव को अपनाएं और ष्आपके पास ऊर्जा बचाने की शक्ति है को खूबसूरती से चित्रित किया, जो सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होने का संदेश देती है।

उनकी पेंटिंग रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की गहराई और स्थिरता व ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर जो शक्तिशाली संदेश दिया, उसके लिए विशेष रूप से सराही गई। चूंकि इस विषय में प्रतिभागियों को ऊर्जा बचाने के विचारों को दृश्य रूप में प्रस्तुत करना था, ईशान्वी की पेंटिंग ने यह कार्य एक अनोखे और अभिनव दृष्टिकोण से किया।

प्रेरणा का सफर

ईशान्वी बचपन से ही कला के प्रति उत्साहित रही हैं। डीपीएस एनटीपीसी कोरबा के शिक्षकों की मार्गदर्शन में और अपने परिवार के समर्थन से उन्होंने कई कला प्रदर्शनियों में भाग लिया है, और अपने कौशल को निरंतर निखारा है। लेकिन यह पुरस्कार उनके कलात्मक सफर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ईशान्वी ने कहा, मैं इस उपलब्धि से बेहद खुश हूं। कला हमेशा से मेरा आत्म-प्रकाशन का तरीका रहा है, और यह देखना अच्छा लगता है कि लोग मेरे काम की सराहना करते हैं। इस पुरस्कार ने मुझे अपनी रचनात्मकता की सीमाओं को पार करने और नई कला के रास्ते तलाशने के लिए प्रेरित किया है। उनके माता-पिता, सचिन कुमार सोनी और मृणाल सोनी बहुत गर्वित हैं। सचिन, जो फोरक्यूए कोरबा में सीनियर मैनेजर हैं, हमेशा ईशान्वी को ला के प्रति अपनी रुचि को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

शानदार प्रस्तुति... जनसंपर्क विभाग ने खुशहल एक साल का किया सफल आयोजन

'खुशहाल एक साल' इवेंट में युवाओं का दिखा उत्साह

- मनोरंजन के साथ साथ छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी युवाओं को कर रही आकर्षित
- महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, छत्तीसगढ़ के विकास की संभावनाओं पर युवाओं ने साझा किए विचार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की टैगलाइन , उनका गृह ग्राम और विधानसभा क्षेत्र ,महतारी वंदन योजना की पात्रता और मिलने वाली राशि , छत्तीसगढ़ी में सब्जी - भाजी, फलों के नाम , यहाँ बोले जाने वाली बोली और भाषा , विमान सेवाओं की रीजनल कनेक्टिविटी, यह ऐसे सवाल थे जो युवाओं के बीच खुशहाल एक साल इवेंट आयोजन के दौरान चर्चा का विषय रहे । छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा खुशहाल एक साल नामक इवेंट का तीसरा सफल आयोजन कटोरा तालाब के उद्यान में किया गया । यहाँ उद्यान में भ्रमण करने आए युवा और बच्चों ने जब खुशहाल एक साल इवेंट में भाग लिया तो सरकार की उपलब्धियों को तो जाना ही, उससे जुड़े प्रश्नों का उत्तर भी उत्साहपूर्वक दिया । इसके एवज में उन्हें उद्यान के ही रेस्टोरेंट्स के गिफ्ट वाउचर और बिहान के आकर्षक सामान उपहार स्वरूप मिले । खुशहाल एक साल इवेंट के ज़रिए छत्तीसगढ़ सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं को युवाओं के मध्य पहुंचाया जा रहा है।मनोरंजन ,खेल , क्विज के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सही उत्तर देने पर उन्हें आकर्षक गिफ्ट वाउचर्स , उपहार भी दिए जा रहे हैं । खुशहाल एक साल इवेंट के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा आज 19 दिसंबर गुरुवार की शाम साढ़े छह बजे से साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी में चौथा आयोजन किया जाएगा ।

छत्तीसगढ़ फिल्म एवं मिनी थियेटर सहकारी समिति मर्यादित का गठन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोक कला, लोक संगीत, लोक नाट्य एवं छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण के लिए अभी तक कलाकारों के हित में कोई प्रभावी कदम शासन अथवा निजी स्तर पर नहीं उठाए गये हैं जिसके चलते कलाकारों को आर्थिक अभावों के कारण जर्जर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। छग प्रदेश में 50 हजार से भी अधिक लोक कलाकारों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप मंच उपलब्ध कराने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए छग फिल्म लोक कला एवं मिनी थियेटर सहकारी समिति मर्यादित का गठन किया गया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में सहकारी समिति के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष अमित परगनिहा अध्यक्ष रायपुर संभाग एवं बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष माधव चंद्राकर ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकार वार्ता में अमित ने बताया कि अभी मुंगेली जिले में स्थापना हुई है। प्रदेश संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत कलाकारों को भी सहकारी समिति से जोड़ा जाएगा। पंजीयन शुल्क 5 सौ रुपये एवं सदस्यता शुल्क सिर्फ 50 रुपये कलाकारों को एक बार ही देना होगा। पांच संभागों में अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन हो चुका है। सुविधाओं के तहत मिनी थियेटर ढाई सौ सीटर फिल्मों का वितरण का कार्य प्रति वर्ष अंतरराष्ट्रीय ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन मेडिकल एवं बीमा की कलाकारों को सुविधा सहित अनेक सुविधाएं प्रदाय की जाएंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654